हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 वर्ष : 13 अंक : 92 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

राजीव गांधी की 81वीं जयंती, संसद में श्रद्धांजलि दी गई:राहुल ने फोटो शेयर... | और लो राजा, अब रोबोट करेंगे बच्चा पैदा होंगे डिजाइनर बच्चे | रूस बोला- हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं: भारत को...

### 130वां संविधान संशोधन बिल, यूनियन टेरिटरी बिल और जेएंडके संशोधन बिल पेश

# गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम-सीएम का पद जाएगा: 5 साल+ सजा वाले अपराध में लागू होगा; सरकार बिल लाई, विपक्ष का विरोध

## हंगामे के बाद तीनों बिल संयुक्त समिति को भेजे गए

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री किसी ऐसे क्राइम में अरेस्ट या 30 दिन की हिरासत में रहता है, जिसकी सजा 5 साल या उससे ज्यादा हो तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की। विपक्ष ने गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके। कांग्रेस, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सपा ने बिलों को न्याय विरोधी, संविधान विरोधी बताया। इस पर शाह ने बिलों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की बात कही। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं।

**पहला बिल:** 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 है, जो केंद्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा।

**दूसरा बिल:** गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025 है, जो केंद्र शासित राज्यों के लिए है।



**तीसरा बिल:** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है, जिसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जाएगा।

दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 6 महीने और तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने 241 दिनों तक हिरासत और जेल में रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था। केजरीवाल पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले पहले सीएम थे।

### शाह-वेणुगोपाल के बीच तीखी बहस

बिल को लेकर सदन में अमित शाह और वेणुगोपाल के बीच तीखी बहस भी हुई. कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि यह विधेयक राजनीति में शुचिता लाने के लिए लाया जा रहा है. उन्होंने कहा, क्या मैं गृह मंत्री से पूछ सकता हूं कि जब वह गुजरात के गृह मंत्री थे, उन्हें गिरफ्तार किया गया था तब क्या उन्होंने नैतिकता का ध्यान रखा था? गृह मंत्री ने वेणुगोपाल के बयान पर जवाब देते हुए कहा, मैं रिकॉर्ड स्पष्ट करना चाहता हूं. मैंने गिरफ्तार होने से पहले नैतिकता के मूल्यों का हवाला देकर इस्तीफा भी दिया और जब तक अदालत से निर्दोष (साबित) नहीं हुआ, तब तक मैंने कोई संवैधानिक पद स्वीकार नहीं किया. शाह ने कहा, ये हमें क्या नैतिकता सिखाएंगे। मैं तो इस्तीफा देकर गया था. मैं तो चाहता हूं कि नैतिकता के मूल्य बढ़ें. हम ऐसे निर्लज्ज नहीं हो सकते कि हम पर आरोप लगें और हम संवैधानिक पद पर बने रहें. गिरफ्तारी से पहले मैंने इस्तीफा दिया था.

### इन विपक्षी दलों के किया विधेयक का विरोध, सदस्यों ने फाड़े कागज

विपक्ष की ओर से एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस के मनीष तिवारी और केसी वेणुगोपाल, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव ने विधेयकों को पेश किए जाने का पुरजोर विरोध किया. प्रेमचंद्रन ने कहा कि तीनों विधेयकों को सदन में पेश करने की सरकार को इतनी हड़बड़ी क्यों है? उन्हें जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रेमचंद्रन जल्दबाजी की बात कर रहे हैं, लेकिन इसका सवाल इसलिए नहीं उठता क्योंकि मैं इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को सौंपने का अनुरोध करने वाला हूं। संयुक्त समिति लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को मिलाकर बनेगी और इस पर विचार करके विधेयक को आपके सामने लाएगी.

### तीनों बिल के बारे में डिटेल में जानिए

**1. गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025**
केंद्र सरकार के मुताबिक, अभी केंद्र शासित प्रदेशों में गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 (1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 की धारा 45 में संशोधन की आवश्यकता है।

**2. 130वां संविधान संशोधन बिल 2025**
केंद्र ने इस बिल को लेकर बताया कि संविधान में किसी ऐसे मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है जिसे गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार किया गया हो और हिरासत में लिया गया हो। इसलिए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों या नेशनल कैपिटल टेरिटरी दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239AA में संशोधन की जरूरत है।

**3. जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025**
जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन के बाद गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को 30 दिन में हटाने का प्रावधान होगा।

### गृह मंत्री की ओर उछाले गए कागज

हंगामे के बीच विपक्ष के कुछ सदस्यों को गृह मंत्री के सामने कागज फाड़कर फेंकते हुए देखा गया. विपक्ष के कुछ सांसद लोकसभा की वेल में आकर विधेयक के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. अमित शाह ने कहा कि सरकार इस बिल को जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव रखती है.

---

### सीएम हेमंत पहुंचे जमशेदपुर, रामदास सोरेन को दी श्रद्धांजलि, कहा-

# रामदास दा का इस तरह से चले जाना मेरे लिए अत्यंत असहनीय, शून्यता की भरपाई संभव नहीं

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पत्नी कल्पना सोरेन के साथ जमशेदपुर पहुंचे और घोड़ाबांधा में पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान उन्होंने रामदास के पैतृक आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उनका ढ़ांढ़स बंधाया. उन्होंने कहा कि प्रकृति की गोद में बाबा दिशोम गुरुजी के चले जाने के बाद रामदास दा का इस तरह से चले जाने की पीड़ा मेरे लिए अत्यंत असहनीय है. यह जो शून्यता बनी है, इसकी भरपाई शायद ही कभी हो पाएगी.

स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में लंबे समय तक चले झारखंड अलग राज्य आंदोलन में स्व रामदास दा का अहम योगदान था.





उनका व्यवहार काफी सरल और सहज था. एक क्रांतिकारी-आंदोलनकारी के साथ-साथ उनका सामाजिक सरोकार काफी व्यापक था. वे अपने सार्वजनिक जीवन में लोगों के दुःख-दर्द और समस्याएं को दूर करने के लिए हमेशा खड़े रहते थे.

### शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने को लेकर भी वे सजग रहते थे

सीएम ने कहा कि वे राज्य में शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने को लेकर भी सजग रहते थे. शिक्षा को और कैसे बेहतर बनाया जाए, राज्य के हमारे नौनिहालों को कैसे उत्कृष्ट शिक्षा मिले, इसे लेकर हमारी कई बार चर्चा भी हुई थी. स्वर्गीय रामदास दा सशरीर हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कार्य सदैव सभी को ऊर्जा प्रदान करता रहेगा.

मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे. इस दुःख की घड़ी में पूरा झामुमो परिवार, शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है. इससे पहले जमशेदपुर पहुंचने पर सीएम को सोनारी एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वागत के लिए जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे.

---

### झारखंड विस मॉनसून सत्र 22 अगस्त से शुरू होगा

# अनुपूरक बजट पेश होने के साथ होगा विपक्ष के सवालों का सामना

**रांची:** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र 22 अगस्त से शुरू होगा. इसमें सरकार और विपक्ष दोनों के लिए कई अहम मुद्दे हैं. अनुपूरक बजट पेश होने के साथ सत्ता पक्ष को विपक्ष के सवालों का भी सामना करना होगा. 22 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा, जिसमें लगभग 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होने की संभावना है. सरकार विभिन्न विकास योजनाओं को गति देने के लिए अनुपूरक बजट का उपयोग करेगी. विपक्ष अनुपूरक बजट पर सवाल उठा सकता है और सरकार से जवाब मांग सकता है.



### अनुपूरक बजट: सरकार की प्राथमिकता

अनुपूरक बजट में योजना मद में तीन हजार करोड़ और गैर योजना मद में एक हजार करोड़ का प्रावधान होने की संभावना है. सरकार इस बजट के माध्यम से विभिन्न विकास योजनाओं को गति देने की कोशिश करेगी. वहीं विपक्ष विधि व्यवस्था, अतिवृष्टि से हुए नुकसान, सरना धार्मिक कोड और ओबीसी आरक्षण जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगा. सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है और जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है.

### सत्र में उठेंगे ये मुद्दे

विपक्ष बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, बिजली संकट और किसानों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है. सरकार भी विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है और जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है.

### विशेष पहचान रजिस्टर पर प्रस्ताव

विशेष पहचान रजिस्टर (एसआइआर) के खिलाफ झारखंड विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने की योजना भी चर्चा में है. प्रस्ताव का उद्देश्य विशेष पहचान रजिस्टर के खिलाफ झारखंड विधानसभा में एकजुटता दिखाना है.

### मॉनसून सत्र में होंगे कुल चार कार्यदिवस

मॉनसून सत्र अब 22 अगस्त से 28 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा. इस सत्र में कुल चार कार्यदिवस होंगे. 23 और 24 अगस्त को शनिवार और रविवार होने के कारण सत्र नहीं चलेगा. विधानसभा सचिवालय द्वारा संशोधित तिथि जारी की गई है, इससे पहले मानसून सत्र पहले 1 अगस्त से 7 अगस्त तक निर्धारित किया गया था, लेकिन दिशोम गुरु और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था.

### ऐसा है मॉनसून सत्र का कार्यक्रम

- 22 अगस्त: वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पेश की जाएगी
- 23 और 24 अगस्त: अवकाश रहेगा.
- 25 अगस्त: प्रश्नकाल और प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर चर्चा की जाएगी.
- 26 अगस्त: प्रश्नकाल होगा और राजकीय विधेयक पेश और पास कराए जाएंगे.
- 27 अगस्त: गणेश चतुर्थी की छुट्टी रहेगी.
- 28 अगस्त: प्रश्नकाल होगा, राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे और विधानसभा सदस्यों द्वारा अपने-अपने गैर सरकारी संकल्प पेश किए जाएंगे.

---

## भारत आ रहे मॉरीशस के पीएम, वाराणसी में पीएम मोदी से करेंगे वार्ता

**वाराणसी, (ईएमएस)।** मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम 9 सितंबर से 15 सितंबर तक भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। वाराणसी में 11 सितंबर को मॉरीशस के पीएम रामगुलाम के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता होनी है। चार महीने बाद दोनों देश के पीएम की मुलाकात हो रही है। इससे पहले पीएम मोदी 11 मार्च को दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस गए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएमओ से सूचना मिलने के साथ इन नेताओं की आगमन के लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। दोनों देशों के बीच होने वाली बैठक में व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। केंद्र के साथ यूपी सरकार के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल होंगे।

## उपराष्ट्रपति चुनाव- एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन ने नॉमिनेशन भरा: मोदी पहले प्रस्तावक, शाह-राजनाथ, नड्डा भी मौजूद रहे

**नई दिल्ली:** एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने नामांकन दाखिल कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी पहले प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता मौजूद थे। नॉमिनेशन से पहले राधाकृष्णन ने संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर फूल चढ़ाए। 17 अगस्त को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया था। राधाकृष्णन का मुकाबला विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी से होगा। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।



---

# भारतीय क्रिकेट टीम की स्पॉन्सर ड्रीम-11 बैन हो सकती है: रमी, पोकर पर भी रोक लगाने की तैयारी; लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग बिल पेश

**नई दिल्ली:** आने वाले दिनों में फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे ड्रीम-11, रमी, पोकर वगैरह सब बंद हो सकते हैं। ड्रीम-11 भारतीय क्रिकेट टीम की लीड स्पॉन्सर भी है। केंद्र सरकार ने आज यानी 20 अगस्त 2025 को लोकसभा में प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 पेश किया। ये बिल ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने और रियल-मनी गेम्स पर रोक लगाने के लिए है। अगर संसद में ये बिल पास हो गया, तो सभी मनी बेस्ड ऑनलाइन गेम्स पर रोक लग जाएगी। चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक लगेगी।

### इस बिल में क्या-क्या नियम हैं?

**बिल में कई सख्त नियम:** रियल-मनी गेम्स पर रोक: कोई भी मनी बेस्ड गेम ऑफर करना, चलाना, प्रचार करना गैरकानूनी होगा। ऑनलाइन गेम खेलने वालों को कोई सजा नहीं होगी।

**सजा और जुर्माना:** अगर कोई रियल-मनी गेम ऑफर करता है या उसका प्रचार करता है, तो उसे 3 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विज्ञापन चलाने वालों को 2 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।




**रेगुलेटरी अथॉरिटी:** एक खास अथॉरिटी बनाई जाएगी, जो गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करेगी, गेम्स को रजिस्टर करेगी और ये तय करेगी कि कौन सा गेम रियल-मनी गेम है।

**ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा:** पबजी और फ्री फायर जैसे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को सपोर्ट किया जाएगा। ये गेम्स बिना पैसे वाले होते हैं इसलिए इन्हें बढ़ावा मिलेगा।

**मनी बेस्ड गेम्स पर पूरी तरह से बैन क्यों लाया जा रहा है?**
सरकार का कहना है कि मनी बेस्ड ऑनलाइन गेमिंग की वजह से लोगों को मानसिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है। कुछ लोग गेमिंग की लत में इतना डूब गए कि अपनी जिंदगी की बचत तक हार गए और कुछ मामलों में तो आत्महत्या की खबरें भी सामने आईं। इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग और नेशनल सिक्योरिटी को लेकर भी चिंताएं हैं। सरकार इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाना चाहती है।

**ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर इसका क्या असर होगा?**
भारत में ऑनलाइन गेमिंग मार्केट अभी करीब 32,000 करोड़ रुपए का है। इसमें से 86% रेवेन्यू रियल मनी फॉर्मेट से आता है। 2029 तक इसके करीब 80 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद थी। लेकिन इस बैन से ड्रीम 11, गेम्स 24x7, विंजो, गेम्सक्राफ्ट जैसी बड़ी कंपनियां मुश्किल में पड़ सकती हैं। इंडस्ट्री के लोग कह रहे हैं कि सरकार के इस कदम से 2 लाख नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। सरकार को हर साल करोड़ों रुपए के टैक्स का नुकसान भी हो सकता है।

**गेमिंग कंपनियां और इंडस्ट्री बॉडीज का इस पर क्या रिएक्शन है?**
गेमिंग इंडस्ट्री के लोग और संगठन, जैसे ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन, ई-गेमिंग फेडरेशन और फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स इस बिल के खिलाफ हैं। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर कहा है कि बैन की जगह "प्रोग्रेसिव रेगुलेशन" लाया जाए। उनका कहना है कि बैन से लोग गैरकानूनी और विदेशी गेमिंग साइट्स की ओर चले जाएंगे, जो न तो टैक्स देते हैं और न ही रेगुलेटेड हैं।

---

# झारखंड में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, योजनाओं, संभावनाओं व सुधारों पर मंत्री ने की समीक्षा

**रांची :** झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के उद्देश्य से मंत्री सुदिव्य सोनू ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक की. इस बैठक में पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं, संभावनाओं और आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई.

मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड को भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करना है. उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देना न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा. बैठक में पर्यटन स्थलों का बुनियादी ढांचा सुधार, पर्यटन सर्किट का विकास,



पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा, डिजिटल प्रचार-प्रसार और निवेश को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई.

### झारखंड को पर्यटन हब बनाने का लक्ष्य

मंत्री सुदिव्य सोनू ने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से झारखंड देश के प्रमुख पर्यटन हब के रूप में उभरेगा. उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने से राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा होंगे.

**क्या होगा फायदा**

**आर्थिक विकास :** पर्यटन को बढ़ावा देने से राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा होंगे.

**सांस्कृतिक विरासत :** पर्यटन को बढ़ावा देने से राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में मदद मिलेगी और पर्यटकों को झारखंड की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराने का अवसर मिलेगा.

**बुनियादी ढांचा सुधार :** पर्यटन स्थलों का बुनियादी ढांचा सुधारने से पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उनकी यात्रा का अनुभव बेहतर होगा.

## संक्षिप्त खबरें...

### मॉडल स्कूल में मुखिया ललिता देवी ने किया विकास कार्य का शिलान्यास



बरकट्ठा(हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलकप्पी पंचायत के ग्राम बंडासिंगा स्थित मॉडल स्कूल में मुखिया ललिता देवी ने विकास कार्य का शिलान्यास किया। मुखिया ने मॉडल स्कूल के समीप 15वीं वित्त आयोग मद अंतर्गत एक लाख एकतीस हजार रुपये की लागत से फाइबर ब्लॉक निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।उन्होंने कहा की मॉडल स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने जाने में हो रही कठिनाई को देखते हुए यह कार्य कराया जा रहा है।साथ ही कहा कि पंचायत क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है।इस अवसर पर झारखण्ड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय, मॉडल स्कूल के प्राचार्य राहुल कुमार, रवि गोस्वामी, अर्जुन ठाकुर, टुकन नायक, शंकर साव, रेवल साव, द्वारिका गोस्वामी, सुनील साव, दिनेश्वर मोदी, ज्ञानदीप पांडेय, ज्योति देवी, पिंटू राणा समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### तुइयो में विहिप बजरंग दल प्रखंड इकाई के अधिकारियों की हुई बैठक



बरकट्ठा(हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुइयो गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विहिप बजरंग दल प्रखंड इकाई के अधिकारियों ने बैठक की।बैठक की अध्यक्षता भगीरथ प्रसाद ने की व संचालन मंत्री सत्यम भारती ने किया। मौके पर मार्गदर्शक रामचंद्र चौधरी, महेंद्र प्रसाद, बैजनाथ महतो, विनोद प्रसाद, धीरज गुप्ता, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो, मुखिया शंकर रविदास, सत्संग प्रमुख बैजनाथ प्रसाद मौजूद थे। बैठक का उद्देश्य गांव स्तर पर सनातन धर्म प्रेमियों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करना, सनातन के मुख्य मानबिंदु गौ, गंगा और गायत्री की रक्षा, पवित्र और सबल बनाना है। बैठक में पंचायत स्तर पर विहिप बजरंग दल कमेटी का चयन किया।जिसमें अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद, मंत्री बसंत कुमार, सह मंत्री राजेश कुमार, संयोजक विरेंद्र राणा, सह संयोजक चंद्रिका प्रसाद, प्रचार प्रसार प्रमुख सुमन कुमार, सत्संग प्रमुख बैजनाथ प्रसाद, साप्ताहिक मिलन रामू प्रसाद, मार्गदर्शन चिंता देवी, चमेली देवी, शंकर रविदास, विजय प्रसाद का चयन किया गया।

### जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो का बड़कागांव में स्वागत



बड़कागांव(हजारीबाग)।जेएलकेएम के बड़कागांव प्रखंड कमेटी के द्वारा जेएलकेएमके केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो को केरेडारी जोरदाग जाने के क्रम में बड़कागांव प्रखंड कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत करने में मुख्य रूप से जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता साहू, जिला उपाध्यक्ष दिलेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव मिथिलेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष रामचंद्र महतो, प्रखंड संगठन मंत्री विकास कुमार, धनुषधारी कुमार, राजबल प्रसाद, शंकर साव, सरजू महतो, प्रभु दयाल ठाकुर, जितेंद्र महतो, राजकुमार महतो, सुनील कुमार, रविंद्र महतो, अर्जुन महतो, आकाश कुमार के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अधिक दामों में यूरिया खाद बेची जा रही है सरकार करें कार्रवाई - अशोक साहू



बड़कागांव(हजारीबाग)। प्रखंड में यूरिया खाद की काफी किल्लत हो गई है । दुकानदारों के द्वारा चोरी छुपे अधिक दामों में बेची जा रही है। जिसके कारण किसानों को परेशानी बढ़ गई है अपने धान के खेतों में यूरिया डालने को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर बड़कागांव पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष उपाध्यक्ष अशोक साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है ।और बड़कागांव प्रखंड में दोगुने दामों में यूरिया की बिक्री होने की बात कही है। उन्होंने कहा की बाजारों में 288 रुपया का यूरिया खाद की बोरी मार्केट में चोरी छुपे 550- 600 रुपया बिक रहा है किसान परेशान है। सरकार के उदासीन रवैया के कारण यूरिया की कालाबाजारी हो रही है जिसे रोकने की जरूरत है ।सरकार सहकारी विभाग के द्वारा प्रत्येक सहकारी समिति के माध्यम से खाद उपलब्ध करायें ताकि किसानों को सुविधा मिल सके ।

### बिजली घर पर अपराधियों का धावा, कर्मियों को बंधक बना लाखों के केबल की लूट



धनबादः बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल के बिजली घर में मंगलवार देर रात नकाबपोश अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया. 30- 35 की संख्या में हथियारबंद अपराधी सेंधमारी कर अंदर घुसे और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया. इसके बाद लाखों रुपये के केबल काट लिया और लेकर फरार हो गए. भागने के दौरान अपराधियों ने सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त कर दिया और कर्मचारियों से नकदी, मोबाइल, टॉर्च व अन्य सामान भी लूट लिये. मारपीट में बीसीसीएल कर्मी ब्रजेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, राजीव कुमार व पोल मेन अनिल को भी चोटें आई हैं. कर्मचारियों ने बताया कि अचानक बड़ी संख्या में नकाबपोश बिजली घर में घुस आए. सभी हथियारों से लैस थे. पहुंचते ही उनलोगों ने हमला कर दिया. फिर, कर्मियों को बंधक बनाकर जमकर लूटपाट की. इस घटना से कर्मचारी दहशत में हैं. कर्मियों ने बताया कि प्रबंधन रात्रि पाली में सुरक्षा गार्ड की कोई व्यवस्था नहीं करता है, जिसके कारण रात्रि पाली के कर्मचारियों पर हमेशा जान का खतरा बना रहता है. घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को बारोरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई.

# उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ रानेश्वर अंचल क्षेत्र में डीएमओ की कार्रवाई

## 1450 सीएफटी अवैध चिप्स-पत्थर ले जाते दो वाहन जप्त




दुमकाः उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने रानेश्वर अंचल क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर कार्रवाई की एवं अवैध तरीके से 1450 सीएफटी चिप्स एवं पत्थर ले जाते खान निरीक्षक मंजीत दुबे जप्त किया। जप्त वाहनों को थाने को सुपूर्द किया एवं वाहनों पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ की गयीं। डीएमओ आनंद कुमार को सूचना मिली थी कि रानेश्वर अंचल अतर्गत अवैध तरीके से चिप्स पत्थर ले जाया जा रहा है। जिस पर डीएमओ के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक मंजीत दुबे के नेतृत्व में रानेश्वर अंचल के महेशखाला में रात्रि दस बजे वाहनों की जांच की गयी। जांच के क्रम में दो वाहनों को अवैध पत्थर चिप्स ले जाते पकड़ा गया एवं अविलंब कार्रवाई करते हुए वाहन समेत वाहनो पर लोड किए गए 1450 सीएफटी पत्थर चिप्स को जप्त कर लिया गया एवं थाना को सुपूर्द करते हुए विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया आरभ की गयी।अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ रानेश्वर अंचल अंतर्गत मंगलवार की रात्रि में खान निरीक्षक मंजीत दुबे के द्वारा वाहनों की जांच के दौरान दो वाहनों को अवैध पत्थर चिप्त ले जाते पकड़ा गया। जिस में वाहन संख्या-डब्बलूसी53-7034, जप्त अवैध चिप्स पत्थर की मात्रा-750 सीएफटी,वाहन संख्या-डब्बलूबी11एफ-3456,जप्त अवैध चिप्स पत्थर की मात्रा-700 सीएफटी है।खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ स्पष्ट निर्देश दिया है।जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के पूर्णत रोक के लिए खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिये है कि किसी भी कीमत पर जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण नहीं हो इसे सुनिश्चित किया जाए एवं अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ अधिकारी लगाातर छापेमारी करें। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि जिले में अवैध खनन पर पूरी नजर है एवं अवैध खनन,भंडारण एव परिवहन को रोकथाम को लेकर खनन विभाग के संयुक्त टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा है कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों को बख्सा नहीं जाएगा एवं अवैध कारोबारियों को जेल भेजा जाएगा।

## हज़ारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती




हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे । अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक फैसले लिए जिनसे देश को नई दिशा मिली जैसे : वोट देने की उम्र सीमा 18 वर्ष करने, पंचायतीराज का गठन, शिक्षा नीति, कंप्यूटर और विज्ञान टेक्नॉलजी को बढ़वा देना मुख्य है । इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल नें कहा कि राजीव गांधी देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दी है वो सदा के लिए अमर रहेंगे । मरणोपरांत उनहें भारत रत्न से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में ऐरेका पाम पौधारोपण गया । मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव बिनोद सिंह पूर्व प्रत्याशी अशोक देव मीडिया अध्यक्ष निसार खान सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, संजय तिवारी, कृष्णदेव प्रसाद सिंह नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, जावेद इकबाल दिलीप कुमार रवि, परवेज अहमद, मनिषा टोप्पो, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, अनिल कुमार भुईंया, मुस्ताक अंसारी, रंजीत यादव, नरसिंह प्रजापति, चन्द्र शेखर आजाद, बहादुर सागर, जुबैर खान, अजित सिंह, बाबर अंसारी एन ए चौधरी, राजू चौरसिया, अफताब आलम के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# निपुण भारत मिशन कार्यक्रम का देवगढ़ विद्यालय में किया गया आयोजन



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के आदेशानुसार राज्य के सभी विद्यालयों के बच्चों में पठन-पाठन को प्रोत्साहित करने एवं कौशल विकास हेतु जेईपीसी द्वारा सभी पार्टनर ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से " मेरा विद्यालय निपुण में भी निपुण " कार्यक्रम के अंतर्गत रीडिंग चैंपियन 2025 माई बुक माई स्टोरी का आयोजन 15 अगस्त से लेकर 10 सितंबर 2025 तक किया जा रहा है।इसी के आलोक में बड़कागांव प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो एवं संचालन सहायक अध्यापक शमशेर आलम के द्वारा किया गया। निपुण भारत मिशन जिसे समझा और संख्यात्मकता के साथ पठान में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल भी कहा जाता है।भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पल है जिसका उद्देश्य 2026 27 तक सभी बच्चों को कक्षा तीन के अंत तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में दक्ष बनाना है।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो ने कहा कि रीडिंग चैंपियन माई बुक माई स्टोरी कार्यक्रम को सभी से सफल बनाने की अपील करता हूं।निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मुख्य रूप से तीन विकासात्मक लक्ष्य हैंः स्वास्थ्य और कल्याण : बच्चे अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण बनाए रखें।प्रभावी संचारक : बच्चे प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम हो। भागीदारी : बच्चे अपने आसपास के वातावरण से जुड़कर सीखने में सक्षम हो।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो,सहायक अध्यापक शमशेर आलम, बिनेश्वर प्रसाद बिनायक, अरविंद सिंह,सुधु गंझू ,सुधीर मिंज,बाल सांसद के प्रधानमंत्री अंजना कच्छप ,शिक्षा मंत्री शिवानी कुमारी सहित विद्यालय के दर्जनों छात्राएं शामिल थे।

## हजारीबाग में श्री रानी सती दादी का भव्य भादो महोत्सव 22 और 23 अगस्त को, श्रद्धा और उत्साह के संग महोत्सव का भव्य आयोजन



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग सावन के साथ ही भक्ति भाव की रस हर तरफ नजर आ रही है हजारीबाग शहर की आस्था का केंद्र मालवीय मार्ग स्थित श्री रानी सती मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य भादो महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक भावनाओं के बीच मनाया जाएगा। दो दिवसीय महोत्सव शुक्रवार 22 अगस्त और शनिवार, 23 अगस्त को होगा। महोत्सव का आगाज़ 22 अगस्त को 9:00 बजे भव्य मंगल पाठ से होगा। इस अवसर पर रानीगंज की सुप्रसिद्ध पाठ वाचिका जूली खंडेलवाल मंगल पाठ करेंगी और दादी जी की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो देंगी। उसी दिन रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक मंदिर प्रांगण में भव्य रात्रि जागरण का आयोजन होगा, जिसमें आमंत्रित भजन-गायक अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। महोत्सव का दूसरा दिन 23 अगस्त प्रातः 5:00 बजे मंगल आरती और 5:30 बजे पाटा पूजन के साथ होगा। इसके बाद दादी जी का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा तथा भक्तों को विशेष दर्शन का लाभ प्राप्त होगा। संध्या 6:30 बजे दादी जी को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा और तेरह सुहागिन महिलाओं के द्वारा दादी जी का अलौकिक महाआरती की जाएगी। इस अवसर पर सवामणि प्रसाद की भी विशेष व्यवस्था रहेगी, जिससे वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर होगा। इस वर्ष दीदी जी को चुनरी ओढ़ाने का सौभाग्य नीरज अग्रवाल एवं वंदना अग्रवाल को प्राप्त हुआ है, वहीं पूजन करने का सौभाग्य संजय अग्रवाल एवं राखी अग्रवाल को मिला है। मंदिर परिसर को फूलों और विद्युत सज्जा से विशेष रूप से अलंकृत किया जाएगा, जिससे भक्ति और सौंदर्य का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष फतेचंद मुनका ने बताया कि इस वर्ष का महोत्सव ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा। भव्य स्तर पर रात्रि जागरण का आयोजन किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील कि वे परिवार सहित पधारकर दादी जी का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस महोत्सव को सफल बनाएं।

# डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, तोपचांची में खुलेगा ट्रॉमा सेंटर



धनबादः धनबाद डीसी आदित्य रंजन ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की. उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व सभी सीएचसी में कैंटीन खोलने का निर्देश दिया. कहा कि तोपचांची में ट्रॉमा सेंटर खोला जाएगा. समीक्षा के दौरान डीसी ने पाया कि बाघमारा, बलियापुर, गोविंदपुर, झरिया, निरसा, तोपचांची व टुंडी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव की संख्या बेहद कम है. इस पर नाराजगी जताते हुए सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केंद्रों में सुधार कर प्रसव की संख्या बढ़ाएं. ग्रामीणों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करें. उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब एवं कमजोर तबके की सेवा के लिए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की है. ताकि उन्हें निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें. कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) में आने वालों को गुणवत्तापूर्ण व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए डीसी ने जिले के सभी आठ सीएचसी में स्वयं सहायता समूह के सहयोग से कैंटीन खोलने का निर्देश दिया. बैठक में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ सुनील कुमार, डॉ मंजू कुमारी, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, जिला अभियंता संजीव कुमार दास, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, सभी प्रखंडों के एमओआईसी, सदर अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे.

### जिले के दिव्यांग बच्चों को मिलेगा सहायक उपकरण, डीसी ने दिए निर्देश

धनबाद डीसी आदित्य रंजन ने बुधवार को जिले के सभी प्रखंडों के 3 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. डीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि प्रखंड स्तरीय जांच शिविर आयोजित कर दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र निर्गत करें और उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराएं. उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस अभियान में जिले का कोई भी दिव्यांग बच्चा वंचित नहीं रहना चाहिए.
उन्होंने कहा इसके लिए रांची की कंपनी एलिम्को व झारखंड शिक्षा परियोजना, धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में शिविर लगाया जाएगा. इसके तहत 25 अगस्त को पूर्वी टुंडी में, 26 को टुंडी में, 28 को कलियासोल में, 29 को एग्यारकुंड में, 30 अगस्त को धनबाद ग्रामीण व शहरी में, 1 सितंबर को बलियापुर में, 2 को झरिया में, 8 को गोविंदपुर में, 9 को निरसा में, 10 को बाघमारा में व 11 सितंबर को तोपचांची प्रखंड में जांच व उपकरण वितरण शिविर लगाया जाएगा. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप उपस्थित थे.

## कपका में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक, रघुवर प्रसाद बने अध्यक्ष



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कपका में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया कमलेश कुमार ने किया व संचालन पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु सार्वजनिक पूजा समिति का गठन किया गया।जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद, सचिव विजय कुमार यादव, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार, उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रसाद, उपसचिव कामेश्वर प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष राजीव कुमार मंडल को चुना गया। नवचयनित अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से सबों के सहयोग से मनाया जाएगा। बताया कि पूजा को लेकर प्रत्येक घर से 400 रूपया सहयोग राशि लेना निर्धारित किया गया है।इस अवसर पर बैठक में मोती प्रसाद, दशरथ प्रसाद, दिलीप मंडल, पप्पू कुमार, बसंत पंडित, शंकर प्रसाद, राजेंद्र ठाकुर, रंजीत पासवान, किशोर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, सहदेव मंडल, उमेश प्रसाद, गांगो मंडल, सुखदेव मंडल, गणेश यादव, कुलदीप प्रसाद, राजकुमार मंडल, टुकलाल महतो, परमेश्वर भुइयां, विनोद पासवान, तारकेश्वर ठाकुर, प्रसादी राणा, धनेश्वर राणा, विजय कुमार पासवान, महेश यादव, छोटन रवानी, रामेश्वर महतो, कारू साव, सुरेश सिंह, अशोक सिंह, अजय यादव, घनश्याम महतो, मुरलीधर यादव, जोगेंद्र यादव, हारू मंडल, महेश ठाकुर समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–61/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.08.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 29.08.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 29.08.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair & Renovation of Office Block of Directorate of Geology Mines & Geological Department Block G-2 Government of Jharkhand Ranchi | 3673400 | 73500 | 5000 | Two Months |
| 2 | Renovation of Deputy Director, Mines, South Chhotanagpur at Doranda Ranchi | 4313200 | 86300 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.359987 Building(25-26):D

**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 06/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र निर्गत हेतु आवेदन प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 28/08/2025 एवं 29/08/2025 (पुर्वाहन 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 28/08/2025 एवं 29/08/2025 (अपराह्न 3.00 बजे से कार्यालय अवधि तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30/08/2025 को (पुर्वाहन 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30/08/2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला। (विकास भवन, पुराना समाहरणालय भवन के समीप, गुमला)
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला। (विकास भवन, पुराना समाहरणालय भवन के समीप, गुमला)
8. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– जिला योजना अनाबद्व निधि।

**कार्य की विवरणी**

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of PCC Road From Devidih Bada Transformer to Jagarnath Oraon House, At Vill-Devidih, Panchayat- Kharka, Block-Gumla, Dist-Gumla | गुमला | 820900.00 | 1250.00 | 16500.00 | 3 माह |
| 2 | Construction of RCC Culvert In Kharka Kotam Road Near Gadbagicha(Jatra Tand), At Panchayat- Kotam, Block-Gumla, Dist-Gumla | गुमला | 551080.00 | 1250.00 | 11100.00 | 3 माह |
| 3 | Construction of PCC Road From Fagua Oraon House to Sukar Lohra House, Near Bada Tangra, At Vill -Bada Pasanga, Panchayat- Fori, Block-Gumla, Dist-Gumla | गुमला | 1005300.00 | 2500.00 | 20200.00 | 3 माह |
| 4 | Construction of PCC Road From Ramdasi Devi, House to Haridas Oraon House, At Vill-Bada Pasanga, Panchayat- Fori, Block-Gumla, Dist-Gumla | गुमला | 429000.00 | 750.00 | 8600.00 | 3 माह |
| 5 | Renovation of GOVT Primary School At-Palkot, , Block-Gumla, Dist-Gumla | पालकोट | 1313000.00 | 2500.00 | 26300.00 | 3 माह |

1.जिला परिषद, गुमला झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे।
2.निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3.परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में **सचिव, जिला परिषद, गुमला** के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा), परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट** निबंधित संवेदक के **बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा** एंव **बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।**
4.प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5.सरकार के सचिव पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार, रॉची के अधिसूचना संख्या 2146(S) दिनांक 29.09.2020 के कंडिका 2(i) के आलोक में निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर अतिरिक्त जमानत की राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट एकरारनामा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न हैः–
(1) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला

PR 360017 (Rural Development)25-26*D

# संक्षिप्त खबरें

## राज्यपाल को धनबाद जिला परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**रांचीः** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद जिला परिषद के अध्यक्ष शारदा सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की और राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से 15वें वित्त आयोग मद 2024-25 का बकाया और 16वें वित्त आयोग की राशि आवंटित करने तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों को 14 विभाग एवं 29 विषय पर शक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में पहल करने का आग्रह किया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनीषा शर्मा ने प्राचार्या का ग्रहण किया पदभार



**संवाददाता रांचीः** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के समस्त विद्यालय परिवार को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि श्रीमती मनीषा शर्मा ने आधिकारिक तौर पर संस्थान की नई प्राचार्या का पदभार ग्रहण कर लिया है। अपने अनुभव, शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थान के भविष्य के लिए एक प्रगतिशील दृष्टिकोण के साथ, श्रीमती शर्मा अपनी गतिशीलता और नेतृत्व क्षमता से विद्यालय का गौरव बढ़ा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अपने अपार अनुभव के साथ, उन्होंने एक उत्कृष्ट शिक्षाविद् के रूप में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। श्रीमती शर्मा एक ऐसे शिक्षण वातावरण का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो शैक्षणिक उत्कृष्टता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समावेशिता और समग्र विकास को बढ़ावा दे। वे विद्यालय को एक ऐसे स्थान के रूप में देखती हैं जहाँ छात्र न केवल ज्ञान से सुसज्जित हों, बल्कि मूल्यों, रचनात्मकता और गतिशील दुनिया में आगे बढ़ने के आत्मविश्वास से भी सशक्त हों। संपूर्ण विद्यालय परिवार ने उनका हार्दिक स्वागत किया। साथ ही उनके कुशल नेतृत्व में आने वाले सकारात्मक बदलावों और उपलब्धियों की प्रतीक्षारत है। विद्यालय परिवार ने उन्हें विद्यालय के शीर्ष पर इस प्रेरक यात्रा की शुरुआत के लिए शुभकामनाएँ दी।

## तोरपा गांव में गणेश चतुर्थी पुजन का आयोजन 27 को



**संवाददाता रांचीः** 27 अगस्त को तोरपा विधानसभा के तोरपा गांव में गणेश चतुर्थी पुजन का आयोजन वा शुभ कलश यात्रा को लेकर गांधीनगर से छठ नदी तक आयोजित कि जाएगी ।जिसमें घासी (नायक) समाज युवा कल्याण संगठन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष टाईगर संदीप नायक वा कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक को सर्व प्रथम निमंत्रण वापू वाटिका मोरहाबादी में पुरी टिम के द्वारा निमंत्रण पत्र दिया गया मुकेश नायक ने कहा इस मान सम्मान के लिए कमिटी को तहे दिल से धन्यवाद। इस मौके पर अध्यक्ष सुदर्शन नायक , उपाध्यक्ष गौरीशंकर नायक , सचिव जगदेव नायक , कोषाध्यक्ष राजेश महामंत्री विरू नायक , सदस्य टिंकू नायक. प्रदीप खोया. राजू नायक. अभिषेक नायक. बादल नायक उपस्थित थे।

## रांचीः टाइटस फुटवियर एक नए युग की शुरुआत




**संवाददाता रांचीः** कोलकाता के सबसे सम्मानित फुटवियर ब्रांडों में से एक, टाइटस फुटवियर अपने विकास की यात्रा में एक बड़े मील के पत्थर की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। वैश्विक फुटवियर और चमड़ा उद्योग के अंतर्गत तीन दशकों से अधिक की उत्कृष्टता के बाद, कंपनी ने अपने फुटवियर व्यवसाय को एक नए स्थापित इकाई में आधिकारिक रूप से हस्तांतरित कर दिया है। कोलकाता स्थित मोहत परिवार ने कंपनी में एक महत्वपूर्ण इक्विटी निवेश किया है और प्रमोटर की हिस्सेदारी अपने नाम की है। यह समर्थन टाइटस ब्रांड के स्थायी मूल्य और बदलते बाजार में अग्रणी बनने की क्षमता में उनकी गहरी विश्वास को दर्शाता है। कंपनी की अगली चरण की दिशा-निर्देश ना के लिए अनुरुध मोहत के नेतृत्व में नई नेतृत्व टीम नियुक्त की गई है, जो संचालन को आधुनिक बनाने और ग्राहक-केंद्रित नवाचार लाने पर केंद्रित है।

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में 24 अगस्त को नंदोत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव



**संवाददाता रांचीः** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग मे 24 अगस्त दिन रविवार को अपराह्न- 2 बजे से नंदोत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंद उत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव पर कोलकाता से पधार रहे संगीतमय नृत्य नाटिका, भजनों, अलौकिक श्रृंगार का भव्य आयोजन किया गया है। महोत्सव में महाप्रसाद, सामूहिक महाआरती तथा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या मे पधारने की अपील की है।

## झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन, रांची का हुआ गठन

# थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित परिजनों/बच्चों संग आत्ममंथन सह क्रियान्वयन बैठक



**संवाददाता रांची** : "लहू बोलेगा" रक्तदान संगठन रांची के आह्वान पर थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित परिजनों/बच्चों संग आत्ममंथन सह क्रियान्वयन बैठक सत्य भारती सभागार,मेन रोड़,रांची में हुई।

जिसमें नामकुम, लालपुर, रातू रोड़, पिस्का मोड़, सुखदेव नगर, खेलगांव, बीआईटी मेसरा, बेड़ो, सपारोम, बरगाड़ी, नगड़ी, चान्हो, तुपुदाना, हटिया, काठीतांड, रांची समेत गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, खूंटी के पीड़ित परिजन/बच्चें शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता और आशीष वचन फ़ादर जस्टिन तिर्की महोदय ने किया।

आत्मचिंतन बैठक में पीड़ित परिजनों ने कहा कि थैलेसीमिया/सिकल सेल के अधिकत्तर पीड़ित लोगों को अधिकत्तर बार बिन डोनर के ब्लड नही मिलता, ब्लड लेने में भी बहुत बेइज़्ज़त किया जाता है और अधिकत्तर बार ब्लड लेने में सुबह से शाम कर दिया जाता है,पीड़ितों को उपयुक्त दवाईयों नही दी जाती, एमआरआई जांच नही होता,थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया का कार्ड नही बना,डे केयर में आयुष्मान कार्ड से चार्ज भी लिया जाता है,सदर अस्पताल रांची में थैलेसीमिया पीड़ितों से भी हर घण्टे पार्किंग शुल्क लिया जाता है समेत अन्य भी समस्याएं चाहे वह व्यक्तिगत/सामाजिक/पीड़ितों की शैक्षणिक व्यवस्था/आर्थिक/सरकारी सहयोग जैसी समस्याएं शामिल है। इन सारी समस्याओं को उपयुक्त जिम्मेदार को बताने पर ही समस्या बनी हुई है(पी.डी, जैसेक्स,30 जनवरी/डिप्टी सुपरिडेंट रांची 25 फरवरी 2025) लहू बोलेगा समेत झारखंड भर के रक्तदान संगठनों के समन्वय द्वारा माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को तीन बार अवगत किया गया(23 मई/26 मई/17 जून 2025) प्रतिनिधिमंडल द्वारा अवगत किया गया, मगर स्थिति जस की तस है। इसी पर बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन रांची का गठन हुआ,जिसमें संयोजक टीम में देवकी देवी,सीमा देवी,संजय टोप्पो,रीना मुंडा,नीलम देवी 17 सदस्यीय कमेटी बनी। इन सभी समस्याओं पर झारखंड के माननीय राजपाल एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री महोदय से टीम मिलेगी। साथ ही संगठन की कई योजना बनी है।जिसपर क्रमबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाएगा।

कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप सत्य भारती के निदेशक फ़ादर जस्टिन तिर्की,गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडाई समेत लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान,झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के नवनिर्वाचित संयोजक देवकी देवी समेत संजय टोप्पो,सीमा देवी,रीना मुंडा,नीलम देवी,कृष्ण महली, अनिमेष बाड़ा, सविता देवी,लक्ष्मी देवी,अनिता तिग्गा,बसंती कच्छप,सुनीता कच्छप,सरिता देवी समेत अन्य शामिल थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर पौधारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांचीः** झारखंड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी एवं महात्मा फुले संस्थान, रांची के सौजन्य से बुधवार को वाईएमसीए पब्लिक स्कूल, धुर्वा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 81वें जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जन्मदिवस पर केक काटकर राजीव गांधी की स्मृतियों को नमन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच मिठाइयां भी बांटी। वित्त मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी का जीवन देश की प्रगति, नवाचार और तकनीकी विकास को समर्पित रहा है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, आलोक दुबे, अरुण कुमार सिंह, किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीपीआई का 24 वां जिला सम्मेलन संपन्न




**संवाददाता रांची** : सीपीआई का 24 वां जिला सम्मेलन सीपीआई राज्य कार्यालय में रमजान कुरैशी सभागार में कॉम लालदेव सिंह और कॉम फरजाना फारुकी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के शुरुआत में शहीद बेदी पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं वास्ता सोरेन ओमीलाल आजाद रमजान कुरैशी जीतू महतो केवला उरांव, उस्मान रवानी को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया। उसके बाद जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने राजनैतिक और सांगठनिक रिपोर्ट पेश किया। सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों ने रिपोर्ट पर बहस किया और पार्टी के संगठन के विस्तार और जन आंदोलन को तेज करने पर जोर दिया। जिला मंत्री अजय सिंह ने बहस के बाद सभी साथियों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि पार्टी को संघर्ष के रास्ते ही बढ़ाया जा सकता है। जिला में कार्य करने के लिए 25 सदस्यीय जिला परिषद का गठन किया। नए जिला परिषद ने सर्वसम्मति से कॉम अजय सिंह को फिर से जिला सचिव चुना और संतोष कुमार रजक एवं फरजाना फारूखी को सहायक सचिव एवं इशाक अंसारी को कोषाध्यक्ष चुना। एवं 24,25, 26 अगस्त को रांची में आयोजित राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि साथियों को चुना गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से इशाक अंसारी, सचिदानंद मिश्रा मनोज ठाकुर,श्यामल चक्रवर्ती नीरज सिंह, किरण कुमारी, अमीरउल्ला अंसारी, रामकिशोर उरांव, सुरेंद्र दीक्षित, कृष्ण वर्मा विजय वर्मा, लालदेव सिंह, सुनील सह संतोष रजक शामिल हुए।

## सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक सीआईडी जांच में प्रमाणितः बाउरी



**संवाददाता रांचीः** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी में सीजीएल परीक्षा के विषय पर बोलते हुए कहा कि जिस JSSC CGL परीक्षा में हमने परीक्षा के तुरंत बाद ही पेपर लीक की आशंका जताई थी, आज वही बात CID की जांच में भी प्रमाणित हो चुकी है। जाँच में यह स्पष्ट हुआ है कि पेपर लीक हुआ और सत्ता संरक्षण में कुछ बड़े लोगों को बचाने का प्रयास भी किया गया। उन्होंने कहा कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय ने इस गंभीर मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच को एक दूसरे स्वतंत्र अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया है। यह छात्रों के भविष्य की रक्षा और दोषियों को बेनकाब करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यदि इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से करवाई जाए तो इसमें कई सफेदपोश लोगों का नाम सामने आएगा।

## नगडी जमीन बचाओ संघर्ष समिति की बैठक

### हल जोतो रोपा रोपो कार्यक्रम 24 अगस्त को



**संवाददाता रांचीः** नगडी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वधान में 24 अगस्त 2025 को हल जोतो रोपा रोपो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगडी विलेज ढाबा में संवाददाता सम्मेलन संपन्न हुई इस संवाददाता सम्मेलन में निम्नलिखित निर्णय लिया गया। और हेमंत सरकार से मांग भी किया गया। राज्य सरकार के द्वारा रिम्स २ बनाने का प्रस्ताव नगडी के किसानों के हित को देखते हुए तत्काल प्रभाव से प्रस्ताव को रद्द किया जाए, इस आंदोलन में विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठन समर्थन दे रहे हैं। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद रांची, आदिवासी महासभा केंद्रीय आदिवासी जन परिषद रांची, झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ रांची, झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पडहा समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी रांची, मानकी मुंडा संघ, डोकलो सोहोर, मांझी परगणैत,महाल, एवं सभी धार्मिक संस्कृत संगठन सहयोग करने की घोषणा किए हैं। हेमंत सरकार से मांगे इस प्रकार है, 70% ग्रामीण के सहमति के बिना नगडी में रिम्स २ के नाम पर कृषि योग्य भूमि का प्रस्ताव को रद्द किया जाए पेसा कानून के तहत ग्राम सभा की सहमति लिए बगैर रिम्स २ के नाम पर कृषि योग्य भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव को रद्द किया जाए, अनुसूचित क्षेत्र में पांचवी अनुसूची के ५(२)ए और भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना अधिनियम 2013 की धारा24(2) को लागू किया जाए, छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 50 एवं धारा 46 के आधार पर भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव रद्द किया जाए।

इस संवाददाता सम्मेलन में, गीता उरांव पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार, पूर्व मंत्री देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा अध्यक्ष केंद्रीय आदिवासी जन परिषद रांची, रमेश उरांव अध्यक्ष झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ रांची, निर्मला भगत अध्यक्ष जिला परिषद रांची, बलकु उरांवन नगडी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक विकास टोप्पो, सीता, सुखराम पहान, रामानंद टोप्पो, एतवा टोप्पो, फागु उरांव,बंदीराम उरांव सरिता गाड़ी, शांति देवी, पूर्णी देवी इत्यादि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

## हीमोफीलिया के मरीज का सफल ऑपरेशन



**संवाददाता रांचीः** डॉ एम मुंडू जी एडिशनल प्रोफेसर शल्य चिकित्सा विभाग राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची झारखंड ने एक अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने इ अंसारी के इलिओप्सोआस फोड़े का सफल शल्य चिकित्सा किया, जो हीमोफिलिया A से ग्रस्त था। वर्तमान में अंसारी की स्थिति में सुधार है। इस शल्य चिकित्सा को सफल बनाने में HTC, रिम्स, रांची ब्लड बैंक रिम्स, पैथोलॉजी, ट्रॉमा सेंटर रिम्स और हेमोफिलिया सोसाइटी रांची झारखंड का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने समय पर अपना योगदान दिया। मैं सभी को धन्यवाद और बधाई देता हूं। इ अंसारी को बड़ा, संपुटित विषमांगी घाव था, जिसमें केंद्रीय हाइपोडेंस क्षेत्र परिधीय संवर्धित दीवारें दर्शा रहा था और लगभग 12.16x13.7x13.7 सेमी (APXTRxCC) आकार के कुछ कैल्सीफिकेशन क्षेत्र थे, जो दाहिनी इलियोपोआस मांसपेशी से संबंधित थे। यह घाव वंक्षण लिगामेंट के नीचे ऊरु वाहिकाओं के साथ, पार्श्व में ऊपरी जांघ के उपचर्म तल में फैला हुआ था। यह घाव दाहिनी इलियाक हड्डी के क्षरण का कारण बनता है। यह दाएँ पसोअस पेशी में बाएँ पसोअस की प्रतिपूरक अतिवृद्धि के साथ शोष दिखाई दे रहा था, जिसके कारण इलिओप्सोआस फोड़ा हो गया था। एक हीमोफिलिक होने के कारण इसका उपचार शल्य चिकित्सा अति जटिल एवं असुरक्षित था, लेकिन डॉ एम मुंडू जी की विशेषज्ञता और समर्पण ने इसे संभव बनाया।

# एनएसयूआई ने कुलपति कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

### विभिन्न महाविद्यालयों में परीक्षा तिथि निर्धारण को लेकर की मांग



**संवाददाता रांची** : एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष कैफ़ अली के नेतृत्व में छात्रों की समस्याओं को लेकर कुलपति कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। कुलपति (प्रभारी) की अनुपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने डी.एस.डब्ल्यू. प्रो. (डॉ.) सुदेश कुमार साहू से मुलाक़ात कर समस्याओं पर चर्चा की। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्न बिंदु रखे गए – आई.एम.एस. कॉलेज (एम.बी.ए. 2023-25 बैच) की चौथे सेमेस्टर की परीक्षा लंबे समय से लंबित है, जिससे छात्रों को शैक्षणिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

यह समस्या केवल आई.एम.एस. तक सीमित नहीं है, बल्कि रांची विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले अन्य सभी महाविद्यालयों में भी विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र लगातार विलंबित है।

छात्रों का भविष्य अनिश्चित होने से उच्च शिक्षा में प्रवेश, प्लेसमेंट तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो रही है। कई छात्रों को ऑफर लेटर व जॉइनिंग डेट मिल चुकी है, लेकिन परीक्षा पूरी न होने के कारण वे जॉइनिंग से वंचित हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल परीक्षा तिथि घोषित कर निर्धारित समयसीमा में परीक्षा आयोजित करने के साथ-साथ परिणाम भी शीघ्र जारी करने की माँग की गई।

डी.एस.डब्ल्यू. प्रो. (डॉ.) सुदेश कुमार साहू ने आश्वासन दिया कि –

सितम्बर से 23 सितम्बर के बीच परीक्षा आयोजित कराई जाएगी।

परीक्षा का नोटिस व रूटीन 2–3 दिनों में जारी कर दिया जाएगा।

एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष कैफ़ अली ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में परीक्षाओं का नोटिस और परिणाम घोषित नहीं होता है तो संगठन छात्रों के हित में आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि छात्रों को करियर बनाने के बजाय परीक्षा और रिज़ल्ट के लिए गुहार लगानी पड़ रही है। विश्वविद्यालय की यह लापरवाही सीधे तौर पर छात्रों के सपनों और मेहनत पर प्रहार है।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से एनएसयूआई झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिनय उराँव उपस्थित रहे। साथ ही मनोहर साहू, गुलशन कुमार, कुनाल, अमन अली, विश्वजीत सिंह, आदित्य राज, स्वप्निल राज, आदित्य तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हटिया जन्माष्टमी पूजा समिति के द्वारा काव्य महोत्सव का आयोजन



हटिया में डीआरएम ऑफिस के सामने हटिया रेलवे कॉलोनी के परिसर में बने पूजा पंडाल में 6 दिवसीय कृष्णा जन्म जन्माष्टमी का उत्सव मनाया जा रहा है जिसमें श्री कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ,सचिव चंदन यादव वरीय अध्याय अध्यक्ष डॉ रजनी शर्मा के आयोजन संयोजन में भव्य काव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। सभी का राधे नाम अंग वस्त्र, मोमेंटो तथा पुष्प पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ रजनी शर्मा ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना के द्वारा किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी काव्य महोत्सव में रांची के आमंत्रित वरिष्ठ कवयित्री कवि सम्मेलन अध्यक्ष डॉ सुरिंदर कौर नीलम ने जब मुरली बजी नटखट श्याम की, राधे राधे हवाओं में होने लगी की प्रस्तुति दी तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।सदानंद सिंह यादव ने देश प्रेम पर आधारित मुक्तक तथा सोहर गीत की प्रस्तुति दी, पुष्पा सहाय गिन्नी ने कृष्ण प्रेम और विरह की अभिव्यक्ति कविता के माध्यम से प्रस्तुत करके मंच को मोहित किया । सचिन शर्मा ने हवाईन गिटार के साथ शिव भजन और एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी जिससे पूरा मंच झूम उठा। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर रजनी शर्मा चंदा ने कन्हैया तेरी बंसी पर मैं बलिहारी जुग जुग जियो मेरे बांके बिहारी सुना कर मंच को मंत्र मुग्ध कर दिया । जमशेदपुर से आई निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी ने कृष्ण भक्ति और प्रेम से ओत-प्रोत रचना की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। सविता सिंह मीरा ने गजल "वह देखे थे ऐसे की देखे नहीं है ,तो हम भी उन्हें देखकर भी ना देखे" सुनाया ,डॉ अरबिंद कुमार तिवारी ने ओज पूर्ण वाणी में शानदार प्रस्तुति दी, जादूगोड़ा से आए कृष्णा "आज़मगढ़ी" ने मधुर स्वर में ग़ज़ल सुनाया अल्फाजों से फिर कहां बात होगी, दोनों की आंखों से बरसात होगी। कार्यक्रम में मशहूर इनफ्लुएंसर शुभम सुदेव तथा उनकी माताजी का भी आगमन हुआ , यूट्यूब तथा सोशल मीडिया के द्वारा भक्ति भाव को जागने तथा धर्म ग्रंथो के अध्ययन के लिए प्रेरित करने वाले मणिकांत तथा भीष्म सिंह जो आहारज एडिटर प्रत्युश बिहार दैनिक के चेयरमैन हैं इस सभी को मंच के द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की और सभी को शुभकामनाएं दी। श्री कृष्ण पूजा पंडाल में महा भोग का आयोजन किया गया था जिसका सभी ने प्रसाद स्वरूप आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल करने में कार्यकारिणी टीम के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।मेला परिसर में उपस्थित सैकड़ो श्रोताओं ने कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

## विधायक के पहल पर मजदूरों का हड़ताल खत्म

### एचईसी मजदूर लौटेंगे काम पर



**संवाददाता रांचीः** लोकप्रिय खिजरी विधायक राजेश कच्छप के नेतृत्व में HEC प्रबंधन समिति के निदेशक ( कार्मिक) मनोज लकड़ा, निदेशक (उत्पादन) बीएस गर्ग, वरीय उप महाप्रबंधक सह प्रभारी HMBP & FFP अरविंद सिंहा, वरीय उपमहा प्रबंधक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रशासनिक) लॉरेंस भेंगरा, मुख्य नगर प्रशासक विमल कुमार, वरीय प्रबंधक राघवेंद्र प्रियदर्शी, औद्योगिक संपर्क विभाग नरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रभारी अरुण कुमार, समाजसेवी पंकज कुमार, मजदूर नेता रनत्थू लोहारा, आजाद,मोइन, अताउल्लाह ,वाई त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सिंह, विजय साहू, शारदा देवी, राजेश शर्मा की उपस्थिति में प्रबंधन द्वारा सभी मांगों पर विशेष चर्चा हुई एवं लोकप्रिय विधायक के दबाव में प्रबंधन द्वारा सभी मांगों को प्रबंधन द्वारा मान लिया गया लिया एवं HEC मुख्यालय गेट पर निदेशक कार्मिक विधायक राजेश कच्छप संग आकर सभी हड़ताली मजदूरों को अपनी संवेदनशीलता प्रकट कर कल से सभी मजदूर को काम पर आने के लिए कहा और सभी ने उनका अभिवादन स्वीकार किया।

## संक्षिप्त खबरें...

### स्कूटी व बोलेरो की आमने सामने की टक्कर, स्कूटी सवार की घटनास्थल पर मौत

बेड़ोः बेड़ो थाना क्षेत्र के लापुंग मोड़ के समीप राष्ट्रीय राज मार्ग रांची गुमला मुख्य पर बुधवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे एक स्कूटी सवार व बोलेरो की आमने सामने की टक्कर में स्कूटी सवार 23 वर्षीय ट्रैक्टर चालक मजदूर बंधना उरांव की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। वहीं घटना के बाद ग्राम प्रधान बुधराम बाड़ा व तंजीर हुसैन ने स्थानीय ग्रामीणों मदद से तत्काल उसे बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां चिकित्सक डॉ विनीता प्रसाद ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही एस आई अनिल टोप्पो व एएसआई बिमलेश चौधरी व पीसीआर पुलिस घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी व बोलेरो को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस ने शव बरामद कर थाना ले आई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। इधर मृतक की पहचान बंधना उरांव पिता मंगरु उरांव ग्राम डूरू सकरा थाना मांडर के रूप में की गई। जहां परिजनों ने बताया कि वह अपनी स्कूटी नंबर जेएच 01 ईडी 3548 से पुरना पानी आया था। सड़क पर करने के लिए वह दूसरी साइड की ओर से सड़क के पास जा रहा था तभी सामने से गुमला से रांची की ओर जा रही बोलेरो के साथ सीधी टक्कर हो गई। जिससे बंधना उरांव की दर्दनाक मौत हो गई। वह गांव में मजदूरी करता था व ट्रैक्टर भी चलाता था। इधर घटना में मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### छेड़ छाड़ करने के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

चान्हो : बुधवार 20 अगस्त को समीर अंसारी (उम्र 26 वर्ष) पिता रुस्तम अंसारी ग्राम- ईदगाह मोहल्ला लुण्डरी थाना-चान्हो जिला- रांची निवासी को पीड़िता के साथ छेड़ छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.समीर अंसारी के ऊपर चान्हो थाना में कांड सं0-135/2025 दिनांक-14/08/25 धारा- 329(4)/76/351(2)/351(3)/B.N.S एवं 8/12 पोक्सो एक्ट के मामले दर्ज किए गए है.

### ओरमांझी के गाँगुटोली में इंद्र पूजा व मेला 5 सितंबर को,सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



ओरमांझी(मोहसीन)ः इंद्र पूजा समिति गांगुटोली ओरमांझी की बैठक बुधवार को गाँगुटोली में समिति के मुख्य संरक्षण जय गोविंद उर्फ लाल साहू की अध्यक्षता में हुए। जिसमें इंद्र पूजा व मेला का आयोजन धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा,इसके लिए प्रशासन से सहयोग एवं ग्रामीणों की मदद ली जाएगी,मेला में ठेला,मिठाई खिलौना के दुकानों को विशेष स्थान पर लगाने,एवं लाइट का विशेष इंतजाम करने का निर्णय लिया गया,मेला में आने वाले अतिथियों को मान सम्मान देने और शरारती तत्वों से मेला को बचाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई।बैठक में समिति के अध्यक्ष शिवनारायण साहू,सचिव नोना पाहन,कोषाध्यक्ष अर्जुन साहू,उपाध्यक्ष राजू मुंडा,ग्राम प्रधान दीनदयाल,सुनील नायक,प्रकाश नायक,दशरथ मुंडा,मुकेश मुंडा,कृष्णा पाहन,रामकुमार मुंडा,धनेश्वर साहू, रमेश मुंडा,विक्की मुंडा,बबलू मुंडा,विमल मुंडा, रामजीत साहू,नेपाल मुंडा,सुखी साहू, दासो मुंडा, सुखनाथ करमाली,मनोज मुंडा व हरिश्चंद्र साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### पिछले दिनों रेहला थाना क्षेत्र से बरामद अज्ञात महिला के शव का हुआ शिनाख्त, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : पिछले दिनों रेहला पुलिस ने थाना क्षेत्र के सबौना गांव स्थित कोयल नदी के समीप बना इंटेक वेल के पास से बरामद एक महिला का शव की शिनाख्त कर ली है। उक्त मृतक महिला की पहचान गुरहा कला के मल्लाह टोली निवासी मुन्ना चौधरी की 40 वर्षीय पत्नी बबीता देवी के रूप में हुई है। मृतक महिला बबीता देवी पिछले दिनों परिवारिक विवाद में आकर रेहला कोयल नदी सड़क पुल से छलांग लगाकर बह रही तेज धारा में डूबकर अपनी जान दे दी थी। रेहला पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्मार्टम के बाद शिनाख्त हेतु मोर्चरी में रखा गया था। मृतक महिला के परिवार के सदस्यों द्वारा पहचान के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि अभी इस संबंध में परिवार वालों के तरफ से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन आते ही केस दर्ज किया जाएगा। अभी फिलहाल इस मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया है। इधर महिला के मायके वालों ने मृतक महिला के ससुराल के परिवार वालों पर कई गंभीर आरोप लगा रहे है।

### लावालौंग पुलिस ने हत्या के आरोप में वांछित फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार फरार अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार दिनांक 19.08.2025 की रात्रि लावालौंग थाना कांड संख्या -27/24 दिनांक 30/4/24 धारा 302/120B/34 भा.द.वि. के प्राथमिकी अभियुक्त को विधिवत छापामारी कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त चना भुइयां उम्र - 47 वर्ष पिता - स्व. जेठन भुइयां ग्राम - कोची थाना लावालौंग जिला चतरा का नाम शामिल है। यह करवाई छापेमारी दल का गठन कर किया गया। छापामारी टीम में पु०अ०नि० प्रशांत कुमार मिश्रा,थाना प्रभारी,लावालौंग थाना पु०अ०नि० वाज़िद अली पु०अ०नि० विधायक प्रसाद यादव लावालौंग थाना के सशस्त्र बल के जवान एवं चालक शामिल थे।

### अभया बनर्जी फाउंडेशन ने शुरू की सिलाई व ब्यूटीशियन कोर्स की नई बैच

जमशेदपुर। अभया बनर्जी फाउंडेशन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए आरएमएस हाई स्कूल, बालीचेला के प्रांगण में सिलाई और ब्यूटीशियन कोर्स की नई बैच की शुरुआत की। इस बैच में 50 से अधिक महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौम्या जे, जो श्री सत्य साईं अस्पताल में ट्रस्ट अधिकारी के माध्यम से सेवा दे रही हैं, उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जहर बनर्जी ने स्वागत भाषण में फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिन्हा के सहयोग को इस पहल की सफलता में महत्वपूर्ण बताया गया। इस अवसर पर मदन बिहारी श्रीवास्तव, बरनाली दास, वंदना जैन, गणेश राव सहित कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका बीना ने किया। कोर्स की शिक्षिकाएं नीलम और एकता भी मौजूद रहीं, जबकि मानटी टीचर और रतन टीचर ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

### बुजुर्ग दिवस पर 21 अगस्त को बुजुर्गो के बीच निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम का आयोजन करेगा जीवन ज्योति संस्था

जमशेदपुर । बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद भवन मे रहने वाले बुजुर्गो के लिए 21 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जायेगा । यह आयोजन बुजुर्गो के हित मे गठित सामाजिक संस्था जीवन ज्योति के बैनर तले दिन के 10 बजे से आरम्भ किया जायेगा । यह निर्णय काशीडीह सामुदायिक भवन मे जीवन ज्योति की एक विशेष बैठक मे लिया गया, जिसकी अध्यक्षता डाक्टर अरुण कुमार कर रहे थे ।

# चतरा उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा की

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतरा : जिला मुख्यालय के समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बुधवार को चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावशीलता पर गहन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योजनाओं के सुगम क्रियान्वयन, लाभुकों तक समुचित लाभ पहुंचाने, जमीनी स्तर पर कार्यों की गति एवं लंबित बिंदुओं के समाधान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

#### मातृ वंदना योजना में लापरवाही पर कड़ा निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने हंटरगंज एवं प्रतापपुर प्रखंड के सीडीपीओ को क्षेत्र भ्रमण कर लाभुकों तक योजना का लाभ सुनिश्चित कराने एवं कार्य में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### ई-केवाईसी कार्य में तीव्रता लाने पर बल

बैठक में फेशियल रिकॉग्निशन आधारित ई-केवाईसी कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने लंबित ई-केवाईसी शिविरों को शीघ्र संचालित करने तथा आवश्यकतानुसार पुनः कैंप आयोजित करने हेतु जिला सूचना पदाधिकारी को निर्देशित किया।

#### सेविकाओं की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 70% से कम कार्य निष्पादन करने वाली सेविकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा तथा उनके मानदेय वृद्धि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सेविकाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु अनुशासनात्मक कार्रवाई से भी परहेज़ नहीं किया जाएगा।

#### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर विशेष जोर

बैठक में निर्देश दिया गया कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के आवेदन पत्र समयबद्ध रूप से संकलित कर संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएँ। साथ ही, कक्षा 8 से 12 तक अध्ययनरत सभी पात्र बालिकाओं को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर पंजीकृत कर संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया।

#### समर अभियान एवं कुपोषण पर प्रभावी पहल

उपायुक्त ने समर अभियान अंतर्गत ग्रोथ मॉनिटरिंग को वैज्ञानिक एवं सटीक तरीके से अद्यतन करने तथा कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### सखी वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा एवं सुधार पर हुई चर्चा

बैठक में सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित सहायता, परामर्श एवं संरक्षण उपलब्ध कराने हेतु सेंटर की कार्यशैली को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, समर अभियान के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक शंभू बड़ाईक, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जिले की सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# पिठोरिया में गणेश महोत्सव को लेकर हुई बैठक



पिठोरियाः पिठोरिया गणेश पूजा समिति ने बैठक की। इसमें आगामी होने वाले गणेश महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा जयसवाल ने बताया कि बैठक में गणेश महोत्सव की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।
उन्होंने कहा कि गणेश महोत्सव 27 अगस्त को प्रारंभ होगा, जो 30अगस्त को मूर्ति विसर्जन के साथ समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि गत 12 वर्षों से पिठोरिया के शिव मंदिर में 4 दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी महोत्सव की तैयारी में कार्यकर्ता लग गए हैं।
बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष कृष्णा जयसवाल, संरक्षक राजेश कुमार साहु, विजय सोनी (विक्की), सचिव : आकास सोनी, कोषाध्यक्ष :विकास लहेरी, सह-सचिव :अभिषेक जयसवाल, सहकोषाध्यक्ष :शुभम सोनी, महामंत्री :अम्बर केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष :रामकिशन संरक्षक भरत प्रसाद सोनी शंकर साहु प्रदीप सोनी, अमित वर्मा, विशेश्वर जयसवाल, जयराम महली, पंचम साहु सुनिल साहु, अनिल केशरी गोपाल साहु कृष्णा चौरसिया, श्रवन गोप जितेन्द्र साहु (जीतु) मंटु गुप्ता, कृष्णा महतो शंकर महतो शक्ति जयसवाल, राजेश महतो रघुवर साहु शावरमल शर्मा, संतोष महतो उपाध्यक्ष पंकज साहु, रिषभ मिश्रा दुर्गा गुप्ता शिव जयसवाल, इंद्रजीत महतो आनन्द जयसवाल, संजय महतो मधुसुदन महली नितेश यादव, रूपेश महतो विक्की अहीर विजय लहेरी, संदीप साहु संगठन मंत्री हर्ष जयसवाल प्रदुमण साहु रौशन नायक गौतम ठाकुर, राहुल जयसवाल गोल्डी सोनी सत्यम सोनी, ओम केशरी सोनू राय, अभिषेक यादव, सतीश साहु गणेश महली पंकज गोप, उज्वल कुमार उपस्थित रहे।

## चतरा जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

### वगैर हेलमेट चल रहे कई बाइक को जब्त कर किया फाइन

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतरा : जिला मुख्यालय के गया रोड़ वन विभाग कार्यालय के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा ब्रेकेटिंग लगा कर सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट और वाहनों के कागजात का सघन जांच किया गया। यह जांच जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद तथा चतरा सदर थाना के एसआई महेंद्र ठाकुर के संयुक्त कारवाई में किया गया। जिसमें दर्जनों मोटरसाइकिल को चलान के लिए भेज दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में दो पहिया वाहन चालक वगैर हेलमेट तथा कागजात के सड़क पर निकल जाते हैं यही कारण है कि आए दिन सड़क दुर्घटना में इजाफा हो रहा है। वैसे लोगों को चेतावनी देते हुए डीटीओ ने कहा कि अब जिले के सभी मार्गों में सघन वाहन जांच चलाया जा रहा है। इस लिए जो भी व्यक्ति वाहन या बाइक से सड़कों पर निकलते हैं तो वे अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हेलमेट और वाहनों के कागजात जरूर लेकर निकले अन्यथा उनको सरकारी नियम के तहत फाइन भरना पड़ेगा। वहीं आगे उन्होंने कहा कि इन दिनों कम उम्र के अवयस्क लोग बड़े वाहन से लेकर छोटे वाहन चलाते नजर आ रहे हैं ।उनका वाहन चलाने का लाइसेंस चेक करते हुए कारवाई किया जाएगा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ कर्मी और सदर थाना के पुलिस कर्मी सम्मिलित थे।

## महेशपुर में इसलाह ए मुआसरा कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

### शिक्षा,सामाजिक बुराई दूर करने व गरीब बच्चियों की शादी में मदद करेगी संगठन- परवेज खान



अनगड़ा(मोहसीन)ः अनगड़ा प्रखंड क्षेत्र के महेशपुर गांव स्थित परवेज खान के मकान में बुधवार को इसलाह ए मुआसरा कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई.इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जमीअत उल मोमिनीन 84 के सदर अब्दुल मजीद अंसारी, सेक्रेटरी नूर आलम,एंव खजांची अरशद जिया शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज फैयाज खान द्वारा प्रस्तुत कुरान पाक की तेलावत से हुई। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण कराया गया, इस दौरान इसलाह ए मुआसरा कमेटी अनगड़ा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष परवेज खान सचिव शाकिर अंसारी कैशियर जमील अंसारी के अलावा सभी जिम्मेदार साथियों को फूलों का माला,व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया एवं सभी को शपथ दिलाई गई.सभी ने कहा कि ईमानदारी से अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे,बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बच्चों के शिक्षा पर ध्यान देने,नशाखोरी को रोकने,समाज के अंदर आपसी मिल्ल्लत गरीब लड़कियों की शादी में मदद करने पर चर्चा की गई।आगामी बैठक अध्यक्ष,सचिव एवं कमेटी के मेंबर के निर्णय से रखा जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष अनवर खान सचिव अब्दुल इमाम अंसारी, सौरुफ खान,मिन्हाज आलम,रब्बानी राज,नसीम अहमद,बबलू मुस्ताक ,फारूक खान,सफीक अंसारी,सिद्धिक अंसारी,हासिम अंसारी, डॉ0 गुलजार,सिकंदर अंसारी सलीम अंसारी,समीम खान, रज्जाक अंसारी,आलम अंसारी, एजाज अंसारी,इमरान अंसारी,समीम खान हाफिज फैयाज खान ,तबरेज खान,अब्बास अंसारी महमूद अंसारी बबलू फिरोज,मुमताज खान,जाकिर खान,पठान तंजीम के मेंबरान ,जमीयत उल मोमिनिन के सदस्य गण के अलावा अनगड़ा प्रखंड के सैकड़ों बुद्धिजीवी गण सामिल हुए।

## स्टंटबाजो पर चतरा पुलिस का गिरी गाजए बाइक स्टंटबाजों के वाहन किये गये जप्त

### बाइक स्टंटबाजो में मचा हड़कंप, गोली की आवाज वाले दो पहिया वाहन को बेसब्री से खोज रही है पुलिस

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः आम लोगों के द्वारा दी जा रही सूचना के आधार पर चतरा सदर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को कुछ बाइक राइडरों के द्वारा सदर थाना क्षेत्र के बीच सड़क में बाइक राईडिंग के दौरान स्टंटबाजी कर लोगों को परेशान किए जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए स्टंटबाजों के वाहनों को जप्त किया गया। स्टंटबाजी के माध्यम से लोगों को परेशान करने की सूचना पुलिस कप्तान चतरा को प्राप्त होते ही पुलिस कप्तान के निर्देश पर सदर थाना क्षेत्र में सघन जाँच चलाकर वैसे बाइक राईडर जो स्टंटबाजी किया करते थे, उन पर कार्रवाई की गई। पुलिस के इस कार्रवाई से स्टंटबाजों में हड़कंप मचा हुआ है




यह अभियान बुधवार 20.08.2025 पुलिस कप्तान चतरा के आदेशानुसार सदर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग लगाकर बाइक राईडिंग के दौरान स्टंट कारित करने वाले वाहन को किया गया जप्त एवं विधिक कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय में प्रतिवेदन समर्पित की गई है। आगे उन मनचले युवको और उनके परिजनो को खुली चेतावनी दी गई है कि स्टंटबाज अपनी स्टंटबाजी से बाज आए अन्यथा पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्हें सख्त लहजे में आज किया गया कि यदि वे अपने हरकतों से बाज नहीं आते हैं तो उन्हें चिन्हित कर नियमानुसार बड़ी कारवाई की जाएगी।

## बाजार मुहल्ला नवयुवक संघ पूजा कमिटी का गठन, मोहित बने अध्यक्ष



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नप मुख्यालय के बाजार मुहल्ला स्थित जोड़ा मंदिर प्रांगण में बुधवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता दिनेश कानू व संचालन संजय साव ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर चर्चा हुयी। निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन धूम धाम के साथ किया जायेगा। पूजा के भव्य आयोजन व सफल संचालन हेतु नवयुवक संघ पूजा कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मोहित केशरी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं विक्की सोनी को उपाध्यक्ष,रौशन सोनी को कोषाध्यक्ष,गोलू गुप्ता व दीपक सोनी को सचिव,अनु केशरी,बिक्की माली,अमित सोनी व हर्ष गुप्ता को महामंत्री तथा रंजन कुमार व चंदन केशरी को मंत्री बनाया गया। संरक्षक मंडली में संजय गुप्ता,उमेश सोनी,दिनेश कानू,अजय केशरी,राजेश केशरी,राजू बाजपेयी,राजू केशरी,प्रभु गुप्ता,नेपाली सोनी,मनोज कुमार,जितेंद्र कुमार ,रामू बाजपेयी,संतोष केशरी,शिव केशरी,अवधेश सोनी,धर्मेन्द्र कुमार व विजय गुप्ता को शामिल किया गया। इसके अलावा ग्यारह सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। जिसमें नीरज गुप्ता,मिलन केशरी,मनोज गुप्ता,राजू केशरी,कृष्ण केशरी,अंकित सोनी आदि को रखा गया है। बैठक में बाजार मुहल्ला के कई लोग मौजूद थे।

## बिष्टुपुर में कृष्ण और सुदामा की महिमा का गुणगान के साथ भागवत कथा का विश्राम

### मनुष्य के जीवन में मित्रता की अहम भूमिका - हिमांशु महाराज



जमशेदपुर। बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मंगल अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ मंगलवार को कथा का विश्राम हो गया। उपस्थित सैकड़ों भक्तों द्वारा भागवत कथा के विश्राम पर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। हवन एवं पुर्णाहुति के बाद लगभग एक हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले कथा वाचक हिमांशु महाराज ने धर्म, सत्य और कलयुग की महिमा का वर्णन समेत कृष्ण और सुदामा की मित्रता की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि जहां मित्रता होती है वहां मतलब नहीं होता। आज के मनुष्य को कृष्ण और सुदामा से सीखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में मित्रता की कितनी अहम भूमिका रहती है। कथा वाचक ने आगे कहा कि सुदामा ने भगवान कृष्ण के हिस्से के चने खा लिया। उस कारण सुदामा को दरिद्रता का सामना करना पड़ा। पत्नी के बार-बार कहने पर सुदामा एक पोटली में चावल लेकर द्वारिका की और चल दिये। द्वारिका में कृष्ण और सुदामा की भेंट हुई। कृष्ण ने उस पोटली में से दो मुठ्ठी चावल खाये तो सुदामा को दो लोक दे दिये। सुदामा दो लोकों के राजा हो गये। आज कलयुग में मित्र-मित्र को ही धोखा दे जाते हैं। महाराज ने बताया कि कलयुग में केवल भगवान का नाम ही सभी पापों से मुक्ति दिलाने वाला है, क्योंकि कलयुग में ऐसे राजा राज्य करेंगे जिनका न कोई धर्म होगा और न ही वे सत्य की राह पर चलेंगे। भगवान ने उद्धव को 24 गुरूओं की कथा सुनाकर और यह कहकर कि आज से तीसरे दिन यह द्वारका समुद्र में डुब जायेगी। भगवान स्वधाम को चले गये। कृष्ण के जाते ही इस पृथ्वी पर कलयुग आ गया। अंत में भगवान का अंतिम श्लोक का दर्शन कराया गया। इनका रहा योगदानः- सातों दिन कथा को सफल बनाने में सचिव सुरेश कुमार अगीवाल, कुंजबिहारी नागेलिया, संतोष संघी, अशोक नरेड़ी, अशोक संघी, संत कुमार आगीवाल, विजय कुमार आगीवाल, हरि शंकर सोंथालिया, बाबूलाल सोंथालिया, बजरंग लाल सोंथालिया, मुरारी लाल सोंथालिया, बनवारी लाल सोंथालिया, सत्यनारायण नरेड़ी, विश्वनाथ नरेड़ी, कमल अगीवाल, नरेश नरेड़ी, महावीर नागेलिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**बिहार सरकार**

**न्यायालय आयुक्त कोशी प्रमंडल, सहरसा**

(विधि शाखा)

**नोटिस–प्रारूप**

न्यायालय,

आयुक्त,
कोशी प्रमंडल, सहरसा (बिहार)।

जमाबंदी रद्दीकरण पुनरीक्षण वाद संख्या–51/2025

**रमेश कुमार सिंह बनाम सुशीला देवी एवं राज्य**

**नोटिस बनाम विपक्षी**

विपक्षी सुशीला देवी पति–स्व0 सहदेव सिंह, साकिन–भूइंया टोली हनुमान मंदिर, शांति नगर समलौंग नामकुम, जिला–राँची (झारखण्ड), पिन–834010 हाल मोकाम हकपाड़ा, अंचल–सत्तरकटैया, थाना वो जिला–सहरसा को नोटिस के द्वारा सूचित किया है कि पुनरीक्षणकर्त्ता रमेश कुमार सिंह द्वारा आपके खिलाफ जमाबंदी रद्दीकरण पुनरीक्षण वाद संख्या–51 / 2025 न्यायालय आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा में दाखिल किया गया है, जिसमें आपको इस न्यायालय के द्वारा निबंधित डाक से सूचना भेजी गई, लेकिन आप इस न्यायालय में हाजिर नहीं हुए हैं। इस पुनरीक्षण वाद की अगली सुनवाई की तिथि 12.09.2025 निर्धारित है।

अतः आपको इस नोटिस प्रकाशन के जरिए सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में अगली सुनवाई की तिथि 12.09.2025 को इस न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई कर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे ताकिद जानें।

प्रभारी पदाधिकारी (विधि),
कोशी प्रमंडल, सहरसा

PR. No. 011812 (District) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

## संक्षिप्त खबरें...

### जमुई में मधुमक्खियों ने किसान को मार डाला, 4 घायल

जमुई. बिहार में मधुमक्खियों ने हमला कर एक किसान को मार डाला है। घटना जमुई जिले की है। यहां सिमुलतला थाना क्षेत्र के मौनतरी जंगल में मंगलवार की सुबह मवेशी चराने गए पांच लोगों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में एक किसान की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक किसान लीलावरण गांव के शंकर यादव थे। ग्रामीणों के अनुसार सुबह 10 बजे मौनतरी जंगल में क्षेत्र के लीलावरण गांव निवासी 55 वर्षीय किसान शंकर यादव, जयनाथ यादव की पत्नी 50 वर्षीय देवंती देवी, जयराम यादव की पत्नी 48 वर्षीय सुमंती देवी, 20 वर्षीय प्रकाश यादव तथा 20 वर्षीय दीपू यादव पांच लोग मवेशी चराने गए थे। इसी दौरान मधुमक्खियों का झुंड उन पर टूट पड़ा। मधुमक्खियों की हमले में सभी लोग मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। घटना की सूचना ग्रामीणों तक पहुंची तो उन्हें पास के क्लीनिक ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान शंकर यादव की मौत हो गई। घायल चारों लोगों का उपचार चल रहा है।

### घर में घुस महिला की गोली मारकर हत्या

पूर्वी चंपारण. बिहार के पूर्वी चंपारण में घर में घुसकर एक महिला की हत्या कर दी गई। जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के निमुईया मोड़ के समीप एक 55 वर्षीय महिला को घर में घुसकर अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृत महिला निमुईया के उमाशंकर प्रसाद की पत्नी चंदा देवी थी। घटना देर रात की बताई जा रही है। घटना के समय घर में महिला अकेली थी। घटना की जानकारी ग्रामीणों को सुबह हुई। जिसके बाद घर में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना पर डीएसपी दिलीप कुमार और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### हजार रुपए में भाड़े पर पिस्टल लेकर डाला वीडियो-फोटो, गिरफ्तारः वायरल होने के बाद पकड़ाए 4 लोग

पटना. पुनपुन थाना क्षेत्र के लोदीपुर के रहने वाले कुंदन कुमार (21) का सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो वायरल हुआ था। पटना पुलिस ने संज्ञान लेते हुए कुंदन समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें से दो नाबालिग हैं। पुलिस की पूछताछ में सभी आरोपियों ने बताया है कि इनलोगों ने हथियार खरीदकर सिर्फ सोशल मीडिया पर उसके साथ तस्वीर शेयर की थी। फायरिंग वगैरह नहीं की थी। सिटी SP पूर्वी परिचय कुमार ने सभी पैरेंट्स से अपने बच्चों पर ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि माता पिता बदलते परिवेश में अपने बच्चों की गतिविधि पर ध्यान दें, ताकि अपराध के दलदल में उनके बच्चे फंसने से पहले बच जाएं। कहा कि पुनपुन में जो हथियार मिले हैं, इसमें नाबालिग लड़के भी शामिल हैं। इनको गलती सिर्फ इतनी है कि इन्हें किसी ने हथियार उपलब्ध कराया और सभी ने उस हथियार के साथ अपनी अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इसी में सभी फंसते चले गए। इनके अलावा कुछ और लड़कों के भी नाम सामने आए हैं। जिनसे पूछताछ हुई है। हालांकि इनके खिलाफ फिलहाल ठोस सबूत नहीं मिलने के चलते नहीं पकड़ा गया है। अगर इनकी भी तस्वीर सोशल मीडिया या अन्य मध्यम से हथियार के साथ सामने आती है, तो इनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। पकड़े गए चार आरोपियों में से एक ने बताया है कि उसे किसी दूसरे ने 1000 रुपए में अपनी पिस्टल गिरवी रखकर गया था। बराबर उसे बुलाने पर भी रुपए नहीं लौटा रहा था और ना सामने आ रहा था। फिलहाल इस मामले में पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर 3 हथियार बरामद किए गए हैं।

### एम्स में लगा हथियार लेकर प्रवेश पर रोक का बोर्ड

फुलवारीशरीफ, पटना. पटना एम्स प्रशासन ने परिसर में हथियार लेकर प्रवेश करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन ने परिसर में कई स्थानों पर इस संबंध में चेतावनी बोर्ड लगा दिए हैं। यह निर्णय 30 जुलाई 2025 की रात हुई एक घटना के बाद लिया गया। उस रात शिवहर के विधायक चेतन आनंद और उनकी पत्नी डॉक्टर आयुषी के साथ एम्स परिसर में धक्का-मुक्की और दुर्व्यवहार की घटना हुई थी। इस घटना के बाद रेजिडेंट डॉक्टरों ने सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह नियम मुख्य गेट के अंदर के पूरे परिसर में लागू रहेगा। पटना एम्स के सूचना जनसंपर्क प्राधिकारी आशी मिश्रा ने बताया कि किन लोगों के लिए यह निर्देश लागू होगा इस पर एम्स प्रशासन मंथन कर रही है। जल्द ही इस बात को स्पष्ट कर दिया जाएगा कि यह निर्देश किन-किन लोगों पर लागू होगा। बोर्ड लगाने का मकसद पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फिलहाल यह सामान्य लोगों पर लागू है।

### छत गिरा, मलबे में दबे 3 लोगः दादी-पोते की मौत

नालंदा. नालंदा में 60 साल पुराना मकान का जर्जर छत गिर गया। इससे घर के तीन सदस्य मलबे में दब गए। दादी और पोते की इस घटना में मौत हो गई है। जबकि, एक भाई जख्मी है। मामला रहुई प्रखंड के इमामगंज गांव का है। हादसे में 14 साल के किशोर की मौत हो गई है। घटना मंगलवार की रात हुई है। मृतक की पहचान धर्मवीर कुमार के 14 साल के बेटे आशीष कुमार के रूप में की गई है। दादी (80) आनंदी महतो की पत्नी फूलिया देवी की आज मौत हो गई है। जबकि, छत के मलबे में दबकर आशीष का छोटा भाई (12) निरंजन कुमार जख्मी हो गया। जिन्हें इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना के सम्बन्ध में मृतक की मां शोभा देवी ने बताया कि रात में बच्चे अपने दादी के साथ सोए हुए थे। तभी अचानक छत भर-भरा कर नीचे गिर गई। तेज आवाज हुई, जिसके बाद मेरी नींद खुली, बच्चे और उनकी दादी मलबे में दबे हुए थे।

### राजगीर एशिया कप हॉकी का शेड्यूल जारी

नालंदा. बिहार के राजगीर खेल परिसर में 29 अगस्त से शुरू होने वाले पुरुष हॉकी एशिया कप में अंतिम समय में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। भारतीय हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट की तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। बिहार के राजगीर खेल परिसर में 29 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में एक अप्रत्याशित बदलाव हुआ है। ओमान की हॉकी टीम के स्थान पर अब कजाकिस्तान की टीम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आठ देशों की टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप ए में मेजबान भारत के साथ जापान, चीन और कजाकिस्तान की टीमें शामिल हैं। वहीं ग्रुप बी में मलेशिया, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे की टीमें अपना दमखम दिखाएंगी। यह टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह पेरिस ओलिंपिक 2024 के बाद पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है। भारतीय टीम के लिए यह एक अच्छा अवसर होगा कि वे घरेलू माहौल में अपना प्रदर्शन सुधार सकें।

### 'ससुरालवालों ने जिंदा जलाया, चेन-बाइक चाहिए थी

आरा (भोजपुर). भोजपुर के आरा नगर इलाके में बुधवार सुबह करीब 10 बजे ससुराल में बहू की जिंदा जलकर मौत हो गई। पड़ोसियों ने बताया कि 'ससुराल वालों ने ही महिला को जिंदा जलाया है।' वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वो खाना बना रही थी। 'केरोसिन तेल डालकर उसे आग के हवाले किया गया था। घर से तेल की बदबू भी आ रही थी। महिला चिखती-चिल्लाती किचन से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थी, लेकिन उसे बाहर नहीं निकलने दिया गया।' 'जब तक आसपास के लोग जबरन महिला की मदद के लिए उसके घर पहुंचते, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। इस दौरान आंगन में खड़े ससुराल पक्ष के लोग चुपचाप खड़ा होकर तमाशा देखते रहे।' मामला नगर थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला वार्ड नंबर-28 का है। जानकारी के मुताबिक, महिला 90 फीसदी से ज्यादा झुलस गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान शाहिद खान की 36 साल की पत्नी नसरीन खातून उर्फ बेबी के रूप में की गई है।

# बाढ़ पीड़ितों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी बड़ी राहत, साढ़े छह लाख परिवारों के खाते में भेजा 456 करोड़

पटना. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को बड़ी राहत दी है। सीएम नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के बैंक खाते में 7000-7000 रुपये भेजे हैं। आपको बता दें कि बिहार के बक्सर, भागलपुर, आरा और कटिहार समेत कई जिलों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। कई लोग बाढ़ और कटाव की वजह से बेघर हो गए और किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इससे पहले बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा भी किया था। अब सीएम ने बाढ़ पीड़ितों को राहत देते हुए उनके खातों में पैसे भेज दिए हैं। पटना में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम नीतीश ने बाढ़ पीड़ितों को यह राशि भेजी है। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर इस बात की जानकारी दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, 'आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बाढ़ से प्रभावित कुल 6 लाख 51 हजार 602 परिवारों के बैंक खाते में 7000 रु॰ प्रति परिवार की दर से कुल 456 करोड़ 12 लाख रु॰ की आनुग्रहिक राहत राशि का डी॰बी॰टी॰ के माध्यम से अंतरित किया। राज्य के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है। राज्य सरकार राज्यवासियों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।' बता



दें कि बिहार में गंगा समेत कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद 12 जिलों के 60 से ज्यादा प्रखंडों की लगभग 38 लाख आबादी प्रभावित हुई है। इनमें पटना, बेगूसराय, मुंगेर, नालंदा जिले भी शामिल हैं। बिहार में बाढ़ का खतरा अभी टला नहीं है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सीएम नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करने का निर्देश भी दिया है।

### 5 सालों में डबल हो जाएगी बिहार की अर्थव्यवस्था

बिहार की अर्थव्यवस्था में अगले पांच सालों में भारी उछाल आने की उम्मीद है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि निकट भविष्य में राज्य की अर्थव्यवस्था 2030-31 तक दोगुने से भी अधिक बढ़कर 21.9 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह सकारात्मक परिदृश्य को दर्शाता है। इस रिपोर्ट में प्राकृतिक संसाधन और क्षमता को देखते हुए बिहार की अर्थव्यवस्था के साल 2046-47 तक 1,100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बिहार तेजी से हो रहे आर्थिक परिवर्तन, जनसंख्या संबंधी लाभ और अनुकूल नीतियों के साथ निवेशकों के लिए एक अद्वितीय अवसर के रूप में उभर रहा है। यह देश में सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है। 2023-24 में, बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 8.54 लाख करोड़ रुपये रहा। यह वर्तमान मूल्य पर 14.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो इसी साल भारत की 12 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है। यह तेजी निरंतर संरचानात्मक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विस्तार और औद्योगिक विकास के लिए उठाये गए कदमों का परिणाम है।

रिपोर्ट कहती है कि पारंपरिक रूप से अपने समृद्ध कृषि आधार के लिए जाना जाने वाला बिहार अब रणनीतिक रूप से कृषि आधारित उद्योगों, आईटी और आईटी से जुड़ी सेवाओं कपड़ा और चमड़ा क्षेत्रों, विनिर्माण और स्वास्थ्य सेवा आदि पर ध्यान दे रहा है।

### औद्योगिक निवेश और प्रोत्साहन नीति का असर

रिपोर्ट के अनुसार बिहार ने 2016 में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति शुरू की गई। नीति को 2020 में संशोधित किया गया और इसे 2025 तक बढ़ाया गया। नीति में पूंजीगत सब्सिडी, बिजली, किराये में छूट, रोजगार सृजन व कौशल प्रशिक्षण अनुदान, राज्य जीएसटी की वापसी सहित कई प्रोत्साहन शामिल हैं। एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी की व्यवस्था, डिजिटल भूमि रिकॉर्ड और कंपनियों के अनुकूल सुधार से बिहार में कारोबार करना सुगम हुआ है। जबकि स्टार्टअप बिहार पहल जमीनी स्तर पर नवोन्मेष को बढ़ावा दे रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार में उपजाऊ भूमि, खनिज और पानी सहित प्रचुर प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं। इसके साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को कई तुलनात्मक लाभ हैं। इसके अलावा, राज्य का अधिकतर भाग ग्रामीण अर्थव्यवस्था वाला है। यहां शहरीकरण 12 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत 35 प्रतिशत से कम है। यह राज्य के लिए एक बड़ा आर्थिक अवसर प्रस्तुत करता है। इसका अर्थ बढ़ता उपभोक्ता बाजार भी है। इसके अलावा, राज्य की 12.7 करोड़ की आबादी में से लगभग 58 प्रतिशत 25 वर्ष से कम आयु के हैं। यह भारतीय राज्यों में सबसे युवा आबादी है। इससे एक विशाल, प्रशिक्षित और लागत-अनुकूल कार्यबल का निर्माण हो सकता है, जो उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है।

# बीपीएससी टीआरई-4 से पहले होगी एसटीईटी? शिक्षा मंत्री बोले- विचार कर रहे, 10 दिन में फैसला होगा

पटना. बिहार में सरकारी शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अहम अपडेट है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की चौथे चरण की शिक्षक बहाली परीक्षा से पहले एसटीईटी (स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) आयोजित करने की मांग पर नीतीश सरकार विचार कर रही है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने गुरुवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी 8-10 दिनों के भीतर इस पर इस पर फैसला ले लिया जाएगा। बता दें कि टीआरई-4 से पहले एसटीईटी परीक्षा कराने के लिए अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने गुरुवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार भी चाहती है कि जल्द से जल्द एसटीईटी हो। उन्होंने कहा, "अभ्यर्थियों की मांगों पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों से इस मुद्दे पर बात हो रही है। टीआरई-4 में विषयवार कमियों का आकलन किया गया है। इसी के अनुसार अभियाचना भेजी जाएगी। एसटीईटी पर भी जो भी होगा, वो निर्णय लेकर 8-10 दिनों में बता



दिया जाएगा। एसटीईटी परीक्षा पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।" चौथे चरण की बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा (बीपीएससी टीआरई 4) से पहले एसटीईटी का आयोजन होगा या नहीं, इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि 10 दिनों में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने अगस्त अंत तक टीआरई-4 की अधियाचना बीपीएससी को भेजने के संकेत भी दिए। साथ ही कहा कि टीआरई-5 का आयोजन विधानसभा चुनाव के बाद होगा।

### टीआरई-4 से पहले एसटीईटी को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

बिहार शिक्षक बहाली के चौथे चरण की परीक्षा से पहले एसटीईटी की मांग को लेकर लगातार अभ्यर्थियों के प्रदर्शन हो रहे हैं। दो दिन पहले 18 अगस्त को पटना में विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने मार्च किया था। इस दौरान पुलिस ने उन्हें खदेड़कर भगा दिया था। इससे पहले 7 अगस्त को भी अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर जुलूस निकाला था। उस दौरान पुलिस ने लाठियां बरसा कर प्रदर्शनकारियों को भगा दिया था। अभ्यर्थियों का कहना है कि नीतीश सरकार ने साल में दो बार टीईटी एग्जाम आयोजित करने की बात कही थी। मगर बीते डेढ़ साल से एक बार भी एसटीईटी का आयोजन नहीं हुआ है। अब सरकार ने बीपीएससी टीआरई-4 के बाद एसटीईटी कराने की बात कही है, जो कि गलत है।

### शहीद की डेडबॉडी से लिपटकर पत्नी बोली-ऐसे क्यों आएः तुम तो 25 अगस्त को आने वाले थे

हाजीपुर (वैशाली). अरुणाचल प्रदेश में शहीद हुए वैशाली के जवान कुंदन कुमार का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। हाजीपुर के कोनहारा घाट पर पिता ने जवान बेटे को मुखाग्नि दी। पार्थिव शरीर को जब घाट पर लाया गया तो सैकड़ों की संख्या में लोग साथ-साथ कोनहारा घाट पहुंचे। देश भक्ति गीत बजते रहे। लोगों के हाथों में तिरंगा दिखा। भारत माता के नारे लगते रहे। बुधवार सुबह करीब 8 बजे जवान का पार्थिव शरीर फूलों से सजी गाड़ी से उनके पैतृक गांव गौसपुर बरियारपुर लाया गया। पार्थिव शरीर को देखते ही जवान की पत्नी बार-बार बेहोश होने लगी। पत्नी ने कहा- 'तुम ऐसे क्यों आए। तुमने तो 25 अगस्त को आने का वादा किया था, फिर इतनी जल्दी क्यों आए।' अंतिम दर्शन के लिए लोग छतों और पेड़ों पर चढ़ गए। इससे पहले जब पार्थिव



शरीर को लेकर गाड़ी गांव में पहुंची तो पीछे हाथों में तिरंगा लिए लोग चल रहते रहे। भारत माता के नारे लगते रहे। पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंचीं। कुंदन के पिता ने बताया कि '138 अगस्त को उन्हें अधिकारियों का फोन आया था। उन्होंने बताया कि आपका बेटा आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गया है।' कुंदन आर्मी में GD नायक के पद पर तैनात थे। 3 अप्रैल 2025 को सियाचिन से अरुणाचल प्रदेश ट्रांसफर हुआ था। अक्टूबर 2025 में उनका अयोध्या ट्रांसफर होने वाला था।

# संसद में पेश बिल का माले महासचिव ने किया विरोधःकहा- यह लोकतंत्र पर खतरे का बिल

पटना. संसद में आज उस बिल को पेश किया गया, जिसके तहत किसी भी मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या मंत्री को गिरफ्तारी के तीस दिन बाद पद से हटना अनिवार्य होगा। इस बिल का भाकपा (माले) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कड़ा विरोध किया और इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक करार दिया। दीपांकर भट्टाचार्य ने आज पीसी बुलाकर कहा कि यह कानून विपक्षी गैर-भाजपा सरकारों को चलने से रोकने की कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर यह कानून बन गया तो किसी भी गैर-भाजपा सरकार और उनके नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें पद से हटाने का हथियार मिल जाएगा। यह संघीय ढांचे और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरा है। महागठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का स्वागत करते हुए दीपांकर ने कहा कि उनका पक्ष संविधान-विरोधी नीतियों और कॉर्पोरेट लूट के खिलाफ रहा है। उन्होंने साफ कहा कि हम लोगों को आरएसएस का कोई उम्मीदवार मंजूर नहीं है। लोकतंत्र-विरोधी और संविधान-विरोधी आरएसएस प्रचारक को उपराष्ट्रपति बनाना देश के हित में नहीं है।




### वोटर अधिकार यात्रा को जनता का समर्थन

वोटर अधिकार यात्रा पर दीपांकर ने दावा किया कि इस यात्रा को व्यापक जनसमर्थन मिला है। लोगों में बदलाव की आशा दिख रही है। करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जिनमें से 35 लाख प्रवासी मजदूर हैं। यहां तक कि विदेशों में रहने वाले एनआरआई और बिहार के प्रवासी कामगारों के नाम भी काट दिए गए हैं। यह बिहार के साथ खुला अन्याय है। दीपांकर ने कहा कि यात्रा में जनता को यह संदेश दिया जा रहा है कि उनके वोट पर चोट की जा रही है और बदलाव जरूरी है। उन्होंने बताया कि यात्रा अब आंदोलन का रूप ले चुकी है और पूरे बिहारवासियों का व्यापक समर्थन इसके साथ है। चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि जीरो नंबर मकानों पर रहने वालों के नामों में बड़े पैमाने पर घोटाले हो रहे हैं। पार्टी बार-बार शिकायत दर्ज करा रही है, लेकिन आयोग उन्हें मानने से इनकार कर रहा है। चुनाव आयोग गुमराह कर रहा है और यह कहकर भ्रांतियां फैला रहा है कि पार्टियों की ओर से कोई आपत्ति नहीं आई। आयोग सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने की बात कर रहा है, जिससे पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने जनता से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि एनडीए यात्रा को फ्लॉप बताकर गुमराह कर रही है, लेकिन हकीकत यह है कि यात्रा को लोगों ने देखा है और इसे छुपाना अब किसी के लिए संभव नहीं है।

### मोदी के आगमन से पहले 50 सभाओं का मांगा हिसाबः तेजस्वी के सीएम फेस पर कांग्रेस ने कहा- बीजेपी घोषणा करे, हम भी कर देंगे

पटना. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर पटना स्थित सदाकत आश्रम में कांग्रेस नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, संजय बागची और अभय दुबे समेत कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री चेहरा बनाए जाने के सवाल पर राजेश राम ने कहा कि पहले भाजपा अपने सीएम उम्मीदवार का नाम घोषित करे, उसके बाद महागठबंधन भी निर्णय लेगा। उन्होंने तंज कसा कि अगर भाजपा चिराग पासवान को सीएम मैटेरियल मानती है तो उन्हें घोषित करे। राजेश राम ने कहा कि तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की जोड़ी सब कुछ बयान कर रही है।



यह तस्वीर आने वाले परिवर्तन की गवाही है और इसमें कोई संदेह की स्थिति नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने एनडीए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गयाजी दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि कहने को यह सरकारी कार्यक्रम है लेकिन सरकार के खर्च पर भाजपा का प्रचार किया जा रहा है। 2015 में बोधगया पर्यावरण चेतना सम्मेलन में पीएम ने गयाजी को "आध्यात्मिक राजधानी" बनाने की बात कही थी, लेकिन आज बोधगया में पुराने पेड़ काटे जा रहे हैं और कोई देखने वाला नहीं है। राजेश राम ने कहा कि पीएम मोदी अब तक बिहार में 50 सभाएं कर चुके हैं लेकिन राज्य को कुछ हासिल नहीं हुआ। बाढ़ रोकने और चीनी मिल खोलने के वादे भी अधूरे पड़े हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि गयाजी की यात्रा के दौरान पीएम इन मुद्दों पर जवाब देंगे। कांग्रेस ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। राजेश राम ने कहा कि वोटर लिस्ट में हेरफेर करके वोट चोरी की जा रही है। राहुल गांधी को जननायक कहे जाने के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर बिहार के जननायक रहे हैं। आज राहुल गांधी भी अपने काम से जननायक हैं।

### पत्नी पहले आती है, रिश्तेदार बाद में; गुजारा भत्ता पर सिपाही पति की अर्जी खारिज

पटना. पटना हाई कोर्ट ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली सिपाही पति की अर्जी को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पत्नी पहले आती है और रिश्तेदारों का नंबर उसके बाद आता है। पति को पहले अपनी पत्नी की देखभाल करनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि भाइयों को आश्रित नहीं माना जा सकता। इसके अलावा दिवंगत बहन की बेटी की देखभाल करना एक पवित्र दायित्व हो सकता है, लेकिन यह वैधानिक दायित्व नहीं है। पटना हाई कोर्ट के जस्टिस न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा की एकलपीठ ने आवेदक पति चंदन पासवान की अर्जी पर सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया। आवेदक चंदन आरपीएफ में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें सभी कटौतियों के बाद बतौर वेतन लगभग 41,000 रुपये मिलते हैं। पत्नी ने अपने भरण-पोषण के लिए गयाजी के परिवार न्यायालय (फैमिली कोर्ट) में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण वाद दायर किया था। निचली अदालत ने चंदन पासवान को हर महीने की 15 तारीख को अपने वेतन में से 12,000 रुपये का भुगतान पत्नी को करने का आदेश दिया था। सिपाही पति ने इस आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अर्जी दायर की। इसमें दलील दी गई कि फैमिली कोर्ट ने पति की देनदारियों पर विचार नहीं किया। पति पर अपने दो भाइयों और मृत बहन की एक बेटी की देखभाल करने की जिम्मेदारी भी है। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि बेशक आवेदक को अपने दो भाइयों और मृत बहन की एक बेटी की देखभाल करनी है।

# वोटर अधिकार यात्रा पर मंत्री संजय सरावगी का हमलाःपटना में कहा- राहुल गांधी के आरोप 24 घंटे में हुए फेल, लालू-तेजस्वी पर भी कसा तंज

पटना. बिहार सरकार में मंत्री संजय सरावगी ने आज पीसी कर विपक्ष की वोटर अधिकार यात्रा की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इस यात्रा को 'प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री उम्मीदवार खोजो यात्रा' करार दिया और कहा कि विपक्ष जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है।संजय सरावगी ने आगे कहा कि कल तेजस्वी यादव राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बना रहे थे। रोहतास की सभा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने मंच पर रेनू देवी को बुलाकर कई तरह के आरोप लगाए थे, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही उनकी पोल खुल गई। क्या राहुल गांधी जनता से माफी मांगेंगे कि उनके लगाए गए आरोप बार-बार झूठे साबित होते हैं।



### बूथ कैप्चर करने वाले कर रहे वोटर अधिकार यात्रा

उन्होंने कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद के पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा कि कीर्ति आजाद ने ही स्वीकार किया था कि उनके पिता बूथ कैप्चर करके चुनाव जीते थे, और आज वही लोग वोटर अधिकार यात्रा की बात कर रहे हैं। मंत्री ने तेजस्वी और राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी यात्रा में वे इतने मग्न हो गए कि उनकी गाड़ी पुलिसकर्मी पर चढ़ गई, लेकिन वे गाड़ी से उतरकर हाल-चाल तक पूछने नहीं गए। उन्होंने नवीनगर में विधायक के साथ हुई मारपीट की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने विपक्ष की सभाओं पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष को लगता है कि उनकी रैली में जितने लोग आते हैं, वे सब वोटर हैं, जबकि सर्कस में भी लोग जोकर को देखने जाते हैं। हार की भूमिका विपक्ष अभी से बनाने लगा है। लालू यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने याद दिलाया कि एक समय उन्होंने तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन को रस्सी से बांधने की धमकी दी थी। अब वही लोग वोटर अधिकार यात्रा कर रहे हैं। सरावगी ने यह भी कहा कि लालू यादव ने अपने जन्मदिन पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को पैर के पास रख दिया था और एक वक्त उन्हें छल से हराया भी था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मृत व्यक्तियों और डुप्लीकेट वोटरों के नाम वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिए हैं। सभी DM ने जिलाध्यक्षों के साथ बैठक कर पूरी रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंप दी है। आयोग पूरी निष्पक्षता के साथ काम कर रहा है, फिर भी विपक्ष उस पर सवाल खड़े करता है। सरावगी ने कहा कि विपक्ष को पुनरीक्षण प्रक्रिया से इसलिए डर लग रहा है। क्योंकि वे पहले रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से फर्जी वोट डलवाते थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नवंबर के बाद विपक्ष यह सोच रहा है कि अब नया बहाना क्या बनाया जाए। दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला है।

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद**

रांची, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025

6

www.ksnewsupdates.com


## और लो राजा, अब रोबोट करेंगे बच्चा पैदा होंगे डिजाइनर बच्चे

विज्ञान ने इंसान को जिस दिशा में धकेल दिया है उससे लगता है कि उसने भगवान की शक्तियां प्राप्त कर ली हैं। सनातन धर्म की मान्यता है, कर्म के आधार पर जन्म होता है। अब मशीनों के जरिए मानव भगवान की शक्तियों और कर्म फल के सिद्धांत को सीधे-सीधे चुनौतियां देता नजर आ रहा है। चीन का यह दावा चमत्कार जैसा लग रहा है। रोबोट यदि बच्चे पैदा करेंगे तो यह मानवीय विकास के लिए चिंता भी पैदा करता है। खबर है, कि चीन ऐसा रोबोट बना रहा है जो बच्चे को गर्भ में पालकर 10 महीने में मानव शिशु को जन्म दे सकेगा। मां के गर्भ की जगह अब "कृत्रिम गर्भ" और मशीनें ले लेंगी। रोबोट के जरिए जो बच्चे पैदा होंगे उन्हें डिजाइनर बच्चों की तरह पैदा किया जा सकेगा। तकनीक के लिहाज से यह उपलब्धि बांझपन जैसी गंभीर समस्या का समाधान हो सकती है। लाखों महिलाएं जो प्राकृतिक गर्भधारण में सक्षम नहीं हैं उनके लिए यह आशा की किरण है। सवाल सिर्फ तकनीकी का नहीं, मानवीय संवेदनाओं का भी है। एक मां जब गर्भ धारण करती है, यह एक प्राकृतिक घटना होती है। अंडाणु और शुक्राणु का नौ महीने का सफर केवल शारीरिक विकास का नहीं होता है, बल्कि भावनात्मक और मानसिक संवेदनाओं के साथ शिशु पनपता है। गर्भ में पलता शिशु मां की धड़कनें सुनता है। उसके विचारों और भावों को महसूस करता है। गर्भ के दौरान वह ज्ञान भी अर्जित करता है। जीवन जीने की पहली शिक्षा गर्भ से शुरू होती है। महाभारत काल में अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु को गर्भ से ही चक्रव्यूह का ज्ञान प्राप्त हुआ था। आधे-अधूरे ज्ञान के कारण अभिमन्यु चक्रव्यूह तोड़ने में तो सफल हो गया लेकिन चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पाया। गर्भधारण और जन्म की यह प्रक्रिया केवल जैविक नहीं, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास से भी जुड़ी होती है। ऐसे में सवाल उठता है, क्या मशीनें इस संवेदनात्मक, कुल परंपरा और जैविक रिश्ते, सांस्कृतिक धरोहर की जगह ले पाएगा? बांझपन का उपचार जरूरी है। मां के पेट से बच्चा वह सब कुछ सीखता है, जिस मां के पेट से बच्चे का जन्म होता है। उस परिवार के संस्कार भी उस बच्चे पर आते हैं। रोबोट तकनीक कितने परिवारों को संतान सुख दे पाएगी, यह कहना मुश्किल है। इस तकनीकी का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो सकता है। जब रोबोट ठीक कृत्रिम तरीके से बच्चे पैदा करने लगेंगे। लाखों और करोड़ों लोगों को रोबोट के माध्यम से तैयार किया जाने लगेगा। तकनीकी जब ईजाद होती है, तो उसका मकसद बहुत अच्छा होता है। लेकिन अच्छे मकसद के लिए तकनीकी का इस्तेमाल बहुत कम होता है। तकनीकी का दुरुपयोग सबसे ज्यादा होता है। यह अभी तक के निष्कर्ष से जाना जा सकता है। रोबोट के माध्यम से जो बच्चे जन्म लेंगे वह बच्चे के व्यक्तित्व, मां के स्नेह, माता-पिता के गुण, चिंता और प्यार का हिस्सा नहीं बनना चाहिए? गर्भावस्था से लेकर जन्म होने तक का पूरा सफर केवल मशीन और प्रयोगशाला की दीवारों के बीच तय होगा। तो ऐसे बच्चे केवल जैविक ढांचे बनकर रह जाएंगे। इनमें संवेदनाएं नहीं होंगी। इनका वजूद भी मशीनों की तरह होगा। विज्ञान के जरिए जीवन को बेहतर बनाने का समाधान मिल सकता है, लेकिन उसमें संपूर्णता का बोध नहीं हो सकता है। विज्ञान के जरिए सामाजिक और भावनात्मक विचारों का जन्म नहीं हो सकता है। रोबोट तकनीक गर्भधारण करने और बच्चा पैदा करने की मशीन बनेगी। मातृत्व की पवित्रता मानव समाज के गुण, धर्म, संवेदनाएं तथा आक्रामकता का स्थान नहीं ले सकता है। इस तरह के प्रयास मानवता के संबंधों और विकासक्रम में प्रश्नचिन्ह लगाने वाला कदम होगा। आने वाले समय में इंसान का जन्म यदि प्रयोगशालाओं में तय होगा, तो परिवार, रिश्तों और भावनाओं की परिभाषा ही बदल जाएगी। हम इंसानों के रूप में मशीनी इंसान पैदा करेंगे। विज्ञान के चमत्कार पर केवल ताली बजाने से काम नहीं चलेगा। वर्तमान स्थिति को लेकर हमें सोचना होगा। क्या रोबोट से जन्मे बच्चे का कोई स्वतंत्र भविष्य हो सकता है? मां का प्रेम, संवेदनाएं और जीवन जीने का ज्ञान हर सांस के माध्यम से केवल एक मां ही दे सकती है। यही फर्क इंसान और मशीन के बीच हमेशा बना रहेगा। मानव सभ्यता को लेकर जिस तरीके की छेड़छाड़ की जा रही है, वह हमें कहां तक ले जाएगा कहना मुश्किल है। हमें ध्यान रखना होगा कि वैज्ञानिक तकनीक सुख-सुविधाओं के साथ विकास का तो हिस्सा बने, लेकिन मानवसमाज के लिए भस्मासुर न बनने पाए। सही मायने में हम जीवन और मृत्यु के प्राकृतिक स्थिति में व्यवधान पैदा कर रहे हैं, जिसके कारण भविष्य में बड़ा नुकसान होना तय है।

## मातृ शक्तिः स्वतंत्रता की जननी!

भारत की सभ्यता का आधार हमेशा से स्वतंत्रता और मातृ शक्ति का संगम रहा है। यहाँ स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं, यह आत्मा की गरिमा, विचारों की स्वाधीनता और कर्म की स्वतंत्रता से है। मातृ शक्ति केवल जननी के रूप में स्त्री को परिभाषित नहीं करती बल्कि वह आदर्श है जो पालन-पोषण, संरक्षण, प्रेरणा और नेतृत्व का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में यह विश्वास गहराई से रचा-बसा है कि जिस समाज में स्त्री स्वतंत्र और सशक्त होती है, वही समाज स्थायी और प्रगतिशील बनता है। प्राचीन भारत के इतिहास में हम देखते हैं कि स्वतंत्रता और मातृ शक्ति, दोनों ही समानांतर धाराओं की तरह प्रवाहित होती रही हैं। वेदों में 'नारी नारायणी' की अवधारणा केवल धार्मिक भाव नहीं, सामाजिक संरचना का आधार है। गार्गी, मैत्रेयी, अपाला जैसी विदुषियों ने वैदिक सभाओं में अपनी विद्वता से पुरुषों को भी चुनौती दी। इनकी स्वतंत्रता केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं थी, यह विचारों की उड़ान, आत्मनिर्भरता और समाज-निर्माण के कार्यों में खुली भागीदारी थी। यह वही संस्कृति थी जिसने माता सीता के त्याग, माता अन्नपूर्णा के पोषण और दुर्गा की वीरता को समान सम्मान दिया।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी मातृ शक्ति ने ऐसी मिसालें पेश कीं, जो इतिहास के पन्नों पर अमर हो गईं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी तलवार से ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी, तो मातंगिनी हाजरा ने असहयोग आंदोलन में अपनी प्राण आहुति दी। सरोजिनी नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली जैसी नेताओं ने यह सिद्ध किया कि स्वतंत्रता की लड़ाई में स्त्री केवल सहायक शक्ति नहीं, नेतृत्वकारी शक्ति भी हो सकती है। इन महिलाओं ने राष्ट्र को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता का सपना तब तक अधूरा है जब तक स्त्री अपने अधिकार, गरिमा और आत्मनिर्भरता में स्वतंत्र न हो। भारतीय संस्कृति में मातृ शक्ति का स्वरूप केवल वीरांगना या विदुषी तक सीमित नहीं है। इसका एक मौन शक्ति का भी प्रतिनिधित्व करती है जो पीढ़ियों को संस्कार देती है। माँ के हाथ की रोटी में जितनी ऊर्जा है, उतनी ही उसकी गोद में पलते हुए बच्चों के मन में राष्ट्र के लिए प्रेम और त्याग की प्रेरणा है। यही कारण है कि भारत माता को भी एक जीवंत रूप में पूजा गया, क्योंकि यहाँ भूमि केवल भूगोल नहीं, एक माँ है जो अपनी संतानों को समान अधिकार, समान स्नेह और समान अवसर देती है। आज के समय में जब हम स्वतंत्रता की 79 वर्षों की यात्रा तय कर चुके हैं, तब इस विरासत को और गहराई से समझने की आवश्यकता है। स्वतंत्रता शासन बदलने से नहीं आती, वह तब सार्थक होती है जब हर नागरिक, विशेषकर हर स्त्री, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा के अवसरों में स्वतंत्र हो। भारतीय संस्कृति में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' का संदेश हमें बार-बार याद दिलाता है कि जिस समाज में स्त्री का सम्मान और उसकी स्वतंत्रता सुनिश्चित हो, वहीं समृद्धि और शांति स्थायी होती है। मातृ शक्ति का सशक्त होना केवल स्त्रियों का व्यक्तिगत अधिकार नहीं, राष्ट्र की सामूहिक आवश्यकता है। एक शिक्षित और आत्मनिर्भर माँ अपने परिवार को ही नहीं, पूरे समाज को दिशा देती है। यह वह शक्ति है जो बच्चों के मन में स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का संस्कार बोती है। और जब यह संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते हैं, तब स्वतंत्रता की रक्षा केवल कानून या सेनाओं से नहीं, जनमानस के चरित्र से होती है। हमारे संस्कार हमें यह भी सिखाते हैं कि स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। जैसे माँ अपने बच्चों को अनुशासन और स्वतंत्रता के संतुलन के साथ पालती है, वैसे ही एक राष्ट्र को भी स्वतंत्रता के साथ कर्तव्य का संतुलन बनाए रखना होता है। यह संतुलन तभी संभव है जब मातृ शक्ति को समाज में समान अवसर, सम्मान और निर्णय-निर्माण में भागीदारी मिले। भारतीय संस्कृति में देवी दुर्गा के नौ रूप शक्ति के विविध पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं ये साहस, करुणा, बुद्धि, संरक्षण, सृजन, पालन, विनाश, अनुशासन और संतुलन। यही नौ गुण मातृ शक्ति के आधार हैं, और यही स्वतंत्रता के भी रक्षक हैं। यदि किसी समाज में यह गुण सक्रिय हैं, तो वह समाज बाहरी आक्रमणों, आंतरिक विभाजनों और नैतिक पतन से बचा रहता है। आज, जब दुनिया के अनेक देश समानता और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे हैं, भारत के पास अपनी संस्कृति और इतिहास का वह खजाना है जिसमें स्वतंत्रता और मातृ शक्ति का संगम जीवंत है। यह हमारे लिए गर्व की बात है, लेकिन साथ ही जिम्मेदारी भी कि हम इस विरासत को केवल स्मारकों और पुस्तकों तक सीमित न रखें, जीवन के हर क्षेत्र में इसे जीवित रखें। आजादी और मातृ शक्ति का संबंध एक वृक्ष और उसकी जड़ों जैसा है। जड़ें मजबूत हों, तो वृक्ष तूफानों में भी अडिग रहता है।

## आतंकवाद के पीड़ितों निर्दोष लोगों के प्रति स्मृति और श्रद्धांजलि

> लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक और नेता हाफिज सईद अभी भी पाकिस्तान में फरार है और बड़ी-बड़ी रैलियों में भारत, अमेरिका और इज़राइल की खुलकर आलोचना करता रहता है। वह ड्रोन हमलों की निंदा करता है और पाकिस्तान से अमेरिका से संबंध तोड़ने का आह्वान करता है। पिछले वर्ष सील्स द्वारा अल-कायदा नेता को फांसी दिए जाने के बाद सईद ने उसे इस्लाम का नायक बताया था।सवाल यह है कि यह कब तक चलता रहेगा? देश की संप्रभुता सर्वोपरि है। जब तक सेना को पूर्ण अधिकार नहीं मिल जाते, लोग मारे जाते रहेंगे। इस क्रूरता की जितनी भी निंदा की जाए कम है, क्योंकि आतंकवाद न तो किसी धर्म, न ही नियम या कानून को जानता है। ये समूह निर्दोष नागरिकों या बड़े पैमाने पर समाज को निशाना बनाकर सरकार पर अपनी माँगें मनवाने और हर जगह आतंक फैलाने का दबाव बनाते हैं।

संजय गोस्वामी

आतंकवाद के पीड़ितों की स्मृति और श्रद्धांजलि का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 21 अगस्त, 2025 को मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह दिन आतंकवाद से प्रभावित लोगों को सम्मान और श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ उनके मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए समर्पित है। इसे विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह दिन उन लोगों को याद करने और करुणा और लचीलेपन को बढ़ावा देने वाले कार्यों के माध्यम से पीड़ितों का समर्थन करने के लिए मनाया जाता है।26 नवंबर, 2008 को, दस आतंकवादियों ने मुंबई में घातक हमले किए, जिनमें 166 लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हुए। सुरक्षा बलों ने 29 नवंबर, 2008 को हमलावरों को मार गिराया। पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा ने इस हमले को अंजाम दिया था, जिसमें छह अमेरिकियों सहित 160 से ज़्यादा लोग मारे गए थे। यह हमला 9/11 के बाद सबसे घातक और बेशर्म आतंकवादी घटना थी। तब और अब, दोनों ही समय, लश्कर-ए-तैयबा को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों और अल-कायदा का समर्थन प्राप्त है। अपनी पुस्तक, *अवॉइडिंग आर्मागेडनः अमेरिका, इंडिया, एंड पाकिस्तान टू द ब्रिंक एंड बैक* पर काम करते हुए, यह स्पष्ट हो गया कि मुंबई हमले की साजिश में एक तीसरा पक्ष गुप्त रूप से शामिल थाः अल-कायदा। हालाँकि अल-कायदा ने अपनी गतिविधियों को गुप्त रखा, लेकिन उसने लश्कर-ए-तैयबा को हमले की योजना बनाने और लक्ष्य चुनने में मदद की। 26 नवंबर, 2008 को दस आतंकवादियों ने मुंबई में घातक हमले किए, जिसमें 166 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए। 29 नवंबर, 2008 को सुरक्षा बलों ने उन्हें पकड़ लिया। पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा इस हमले के लिए ज़िम्मेदार था, जिसमें छह अमेरिकियों सहित 160 से ज़्यादा लोग मारे गए थे। यह 9/11 के बाद का सबसे घातक और सबसे निर्लज्ज आतंकवादी हमला था। तब और अब, दोनों समय, लश्कर-ए-तैयबा को पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसियों और अल-क़ायदा का समर्थन प्राप्त रहा है। लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों में से एकमात्र जीवित बचे अजमल कसाब को इस हफ़्ते भारत में उसकी संलिप्तता के लिए फांसी दे दी गई। उसने समूह में शामिल होने और विशेष रूप से इस ऑपरेशन के लिए पाकिस्तान स्थित इसके शिविरों में प्रशिक्षण लेने की बात कबूल की। उसने इस साज़िश में लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ नेतृत्व को भी शामिल किया था। लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक और नेता हाफ़िज़ सईद पाकिस्तान में फ़रार है और अक्सर भारत, अमेरिका और इज़राइल के ख़िलाफ़ सार्वजनिक रूप से वकालत करता है। वह ड्रोन हमलों की निंदा करता है और पाकिस्तान से अमेरिका के साथ संबंध तोड़ने की माँग करता है। अल-कायदा को 2008 के हमले से बड़ी उम्मीदें थीं, उसे उम्मीद थी कि इससे भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष छिड़ जाएगा जो अफगानिस्तान में नाटो के अभियानों को बाधित कर सकता है और अल-कायदा पर ड्रोन हमलों में बाधा डाल सकता है। हालाँकि, भारत ने सैन्य कार्रवाई के बजाय कूटनीति को चुना, और अंततः खतरा टल गया। सईद के समर्थकों में पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी, आईएसआई शामिल हैं, जो लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम करती हैं। कसाब ने सीधे तौर पर आईएसआई पर मुंबई हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि उसने प्रशिक्षण और लक्ष्य चयन में मदद की थी। दो पाकिस्तानी प्रवासियों, अमेरिकी डेविड हेडली और कनाडाई तहव्वुर राणा ने भी अमेरिकी अदालतों में स्वीकार किया है कि उन्होंने लश्कर-ए-तैयबा को मुंबई नरसंहार की योजना बनाने में मदद की थी और आईएसआई ने इसमें अहम भूमिका निभाई थी। दोनों को दोषी ठहराया गया था, और हमले की तैयारी के लिए मुंबई की उनकी टोही यात्राओं का वित्तपोषण आईएसआई ने किया था। लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों में से एकमात्र जीवित बचे अजमल कसाब को इस सप्ताह भारत में उसके अपराधों के लिए फांसी दे दी गई। उसने समूह में शामिल होने और हमले के लिए पाकिस्तान स्थित उसके शिविरों में प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात स्वीकार की। उसने इस ऑपरेशन की योजना बनाने में लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ नेतृत्व को भी शामिल किया। लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक और नेता हाफिज सईद अभी भी पाकिस्तान में फरार है और बड़ी-बड़ी रैलियों में भारत, अमेरिका और इज़राइल की खुलकर आलोचना करता रहता है। वह ड्रोन हमलों की निंदा करता है और पाकिस्तान से अमेरिका से संबंध तोड़ने का आह्वान करता है। पिछले वर्ष सील्स द्वारा अल-कायदा नेता को फांसी दिए जाने के बाद सईद ने उसे इस्लाम का नायक बताया था।सवाल यह है कि यह कब तक चलता रहेगा? देश की संप्रभुता सर्वोपरि है। जब तक सेना को पूर्ण अधिकार नहीं मिल जाते, लोग मारे जाते रहेंगे। इस क्रूरता की जितनी भी निंदा की जाए कम है, क्योंकि आतंकवाद न तो किसी धर्म, न ही नियम या कानून को जानता है। ये समूह निर्दोष नागरिकों या बड़े पैमाने पर समाज को निशाना बनाकर सरकार पर अपनी माँगें मनवाने और हर जगह आतंक फैलाने का दबाव बनाते हैं। उनके लक्ष्य बहुत स्पष्ट हैं—वे केवल वही स्वीकार करते हैं जो वे पूरा करवाना चाहते हैं। यह मानवता के लिए एक बड़ा खतरा है। वे दोस्तों, परिवार, बच्चों, महिलाओं या बुजुर्गों को नुकसान पहुँचाने से नहीं हिचकिचाते। उनकी रणनीतियों में भीड़ पर बम गिराना, लोगों पर गोलीबारी करना, विमानों का अपहरण करना और अन्य आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होना शामिल है। 2008 से, लश्कर-ए-तैयबा पाकिस्तान में खुलेआम सक्रिय है और लगातार नए हमलों की साजिश रच रहा है। 2010 में, इसने नई दिल्ली में 19वें राष्ट्रमंडल खेलों पर एक बड़े हमले की योजना बनाई थी, लेकिन प्रभावी खुफिया जानकारी, खासकर ब्रिटिश एजेंसियों से मिली जानकारी के कारण, इस साजिश को नाकाम कर दिया गया। इस गर्मी में, भारतीय अधिकारियों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक प्रमुख आतंकवादी, सैयद ज़बीउद्दीन अंसारी, उर्फ अबू जिंदाल को गिरफ्तार किया, जो सऊदी अरब में एक ठिकाने से एक और आतंकवादी हमले की योजना बना रहा था। अबू जिंदाल 2008 के मुंबई हमलों में भी शामिल था—वह कराची स्थित लश्कर-आईएसआई नियंत्रण कक्ष में था, जहाँ से आतंकवादियों को मोबाइल फोन के ज़रिए बंधकों, जिनमें अमेरिकी भी शामिल थे, की हत्या के आदेश मिलते थे। मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 को दोपहर करीब 3 बजे पहलगाम के बैसरन में एक बड़ा आतंकवादी हमला हुआ। आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाया, जिसमें 30 से ज़्यादा लोग मारे गए। इसके अलावा, इस हमले में एक दर्जन से ज़्यादा लोग घायल हुए।

## वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

> अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है। समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें।

ललित गर्ग

अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं। भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने। वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-"समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना"। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है। समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक-दूसरे को समझ सके। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और बड़ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी। 2050 तक दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की होगी। वृद्धजन समाज और परिवार को ज्ञान, परंपरा और स्वयंसेवा से समृद्ध करेंगे, लेकिन साथ ही उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं, अकेलेपन और सामाजिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का भी सामना करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम आज से ही एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें उम्र सम्मान और गरिमा की पहचान बने, न कि उपेक्षा की। प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है।

## नर या नारायण कौन थे राम

श्रीराम पूर्णतः ईश्वर हैं। भगवान हैं। साथ ही पूर्ण मानव भी हैं। उनके लीला चरित्र में जहां एक ओर ईश्वरत्व का वैचित्रमय लीला विन्यास है, वहीं दूसरी ओर मानवता का प्रकाश भी है। विश्वव्यापिनी विशाल यशकीर्ति के साथ सम्यक निरभिमानिता है। वज्रवत न्याय कठोरता के साथ पुष्यवत प्रेमकोमलता है। अनंत कर्ममय जीवन के साथ संपूर्ण वैराग्य और उपरति है। समस्त निषमताओं के साथ नित्य सहज समता है। अनंत वीरता के साथ मनमोहक नित्य सौंदर्य है। इस प्रकार असंख्य परस्पर विरोधी गुणों और भावों का समन्वय है। भगवान श्री राम की लीला चरित्रों का श्रद्धा भक्ति के साथ चिंतन, अध्ययन व विचार करने पर साधारण नर नारी भी सर्वगुण समन्वित एवं सर्वगुण रहित अखिल विश्व व्यापी, सर्वातीत, सर्वमय श्रीराम को अपने निकटस्थ अनुभव कर सकते हैं। श्री राम में नर और नारायण तथा मानव और ईश्वर की दूरी मिटाकर भगवान के नित्य परिपूर्ण स्वरूप का परिचय मिलता है। भगवान पुरुषोत्तम ने श्री राम के रूप में प्रकट होकर मानवीय रूप में सांसारिक लोगों के दिलो दिमाग पर नित्य प्रभुत्व की प्रतिष्ठा कर समस्त भारतीय संस्कृति को आध्यात्म भाव से ओतप्रोत कर दिया है। रामचरितमानस महाकवि तुलसीदास की अमर कृति है। यह एक ऐसा सर्वोपयोगी आदर्श प्रदर्शित करने वाला पवित्र धर्मग्रंथ है। जिसने मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम को समस्त नर नारियों के हृदय में परम देवत्व रूप के साथ अत्यंत आत्मीय रूप में प्रतिष्ठात किया है। इसने शिक्षित अशिक्षित? आबाल वृद्ध शास्त्र पुरुष सभी प्रकार के जीवन को श्रीराम के प्रति भक्ति तथा प्रेम के दिव्य, मधुर सुधारस से अभिषिक्त कर अपना अद्भुत प्रभाव विस्तार किया है। श्रीरामचरितमानस के श्रीराम सर्वसद्गुण संपन्न मर्यादारक्षक परम आदर्श शिरोमणि होने के साथ ही स्वमहिमा में स्थित महामानव है। श्रीरामचरित मानस के श्रवण, मनन तथा चिंतन से अत्यंत विष्यासक्त, असदाचारी कठोर हृदय मानव भी पवित्र विचार परायण एवं सदाचारी होकर निर्मल प्रेम भक्ति की रसधारा में सराबोर होकर मुक्ति प्राप्त कर सकता है। इस ग्रंथ के सभी पात्र आदर्श चरित्र से परिपूर्ण हैं। इसमें गुरु शिष्य, माता पिता, भ्राता पुत्र स्वामी सेवक, प्रेम सेवा, क्षमा, वीरता, दान, त्याग, धर्मनीति आदि संपूर्ण आदर्शों के प्रत्यक्ष दर्शन होते हैं। यही कारण है कि इस ग्रंथ का सर्वत्र समादर है। तथा यह सर्वप्रिय ग्रंथ है। श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों को अधिकांश मानव मंत्रवत कर जप परायण करते हैं। वाल्मीकि ने श्री रामायण की रचना करते समय श्रीराम कथा के रूप में मानवता की कथा कही है। उन्होंने श्रीराम के चरित्र के माध्यम से विश्व के मानवों को मानवता का संदेश दिया है। राम जैसा नर मानव है। राम के समान चरित से मानवता की प्राप्ति होती है। राम एक ऐसे सेतु हैं जहां एक छोर से शुरू होकर मनुष्य दूसरे छोर पर परमात्मा तक पहुंच जाता है।

# फिर पर्दे पर दिखेगा देओल परिवार का जादू, 'अपने-2' का हुआ ऐलान



*अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी दो बड़ी फिल्मों 'बॉर्डर-2' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में। उनके भाई बॉबी देओल अपनी अगली फिल्म 'अल्फा' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, लेकिन अब दोनों भाई जल्द ही एक बार फिर साथ नज़र आ सकते हैं। दरअसल, दोनों को 'अपने-2' में एक साथ देखा जाएगा।*

फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि 'अपने-2' की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और फिल्म बन रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह उनकी अगली फिल्म नहीं होगी, क्योंकि वे इस समय कई स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं। अनिल शर्मा ने कहा, "मेरे पास कई कहानियां हैं और मैं चाहता हूं कि सब पर काम कर पाऊं। लेकिन इतना तय है कि 'अपने-2' ज़रूर बनेगी।" निर्देशक अनिल शर्मा ने खुलासा किया कि फिल्म 'अपने 2' के लिए धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल को राज़ी करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था।

दरअसल, तीनों लंबे समय से साथ काम करना चाहते थे और चाहते थे कि यह फिल्म उन्हीं के निर्देशन में बने। अनिल शर्मा ने बताया, "जिस दिन 'अपने' की कहानी मेरे पास आई, उस वक्त सभी बेहद खुश हुए। जब मैंने धरम जी को स्क्रिप्ट सुनाई तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। वहीं, बॉबी ने स्क्रिप्ट सुनने के बाद मुझे गले लगा लिया।" उन्होंने आगे कहा कि जैसे ही सनी देओल को अपने पिता और भाई के साथ काम करने की बात पता चली, उन्होंने भी तुरंत हामी भर दी। अनिल शर्मा ने देओल परिवार के साथ अपने रिश्ते को भी खास बताया। उन्होंने कहा, "देओल परिवार और मेरा रिश्ता सिर्फ प्रोफेशनल नहीं है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी बेहद गहरा है। हमारे बीच भरोसा, अपनापन और मोहब्बत हमेशा से रही है।"

फिलहाल, 'अपने 2' की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा होगी।

# 'जॉली एलएलबी 3' का पहला मस्ती भरा गाना 'भाई वकील हैं' रिलीज




*फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का पहला गाना 'भाई वकील है' रिलीज हो गया है। इस गाने को अमन पंत और केडी देसीरॉक ने अपनी आवाज दी है। गाने में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की एनर्जी से भरपूर जबरदस्त केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने को मिल रहे हैं। दोनों एक्टर्स की कॉमिक टाइमिंग और स्क्रीन प्रेज़ेंस ने गाने को और मजेदार बना दिया है। सोशल मीडिया पर गाना तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।*

फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' की खासियत सिर्फ इसकी स्टारकास्ट ही नहीं है, बल्कि इसमें मौजूद शानदार सपोर्टिंग कास्ट भी है। फिल्म में सौरभ शुक्ला, अमृता राव, हुमा कुरैशी और अन्नू कपूर जैसे दिग्गज कलाकार अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। कोर्टरूम ड्रामा और कॉमेडी के इस तगड़े कॉम्बिनेशन में यह सभी कलाकार अपनी भूमिकाओं से फिल्म को और ज्यादा रोचक बनाएंगे।

फिल्म का निर्देशन और कहानी दोनों की जिम्मेदारी सुभाष कपूर ने संभाली है, जिन्होंने इससे पहले 'जॉली एलएलबी 3' और 'जॉली एलएलबी 2' जैसी सुपरहिट फिल्में दी हैं। दर्शकों को उम्मीद है कि इस बार भी फिल्म न्याय और हास्य के बीच की रोचक जंग को और ज्यादा बड़े स्तर पर पेश करेगी।

'जॉली एलएलबी 3' को 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। रिलीज डेट के ऐलान के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं। टीजर और पहले गाने की झलक से साफ है कि फिल्म हंसी, मनोरंजन और दमदार परफॉर्मेंस से भरपूर होगी। इस वक्त सोशल मीडिया पर फिल्म का जबरदस्त क्रेज है और ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग कर सकती है।

# सिनेमा हॉल में छाया रजनीकांत का जादू, रिलीज के छठे दिन 9.50 करोड़ रुपये की कमाई



*सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में उतरी थी और रिलीज के पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई कर रही है। अब फिल्म की छठे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जो इसकी सफलता की गवाही दे रहे हैं।*

बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग पोर्टल सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी पहले मंगलवार को लगभग 9.50 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन बढ़कर 216 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। गौरतलब है कि फिल्म ने पहले दिन ही 65 करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग की थी। करीब 400 करोड़ रुपये के भव्य बजट में बनी इस फिल्म की टक्कर फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर 'वॉर 2' जैसी बड़ी फिल्म से हो रही है।

'कुली' का निर्देशन मशहूर फिल्ममेकर लोकेश कनगराज ने किया है, जिन्हें 'लियो' और 'मास्टर' जैसी हिट फिल्मों के लिए जाना जाता है। यह फिल्म पहली बार रजनीकांत और लोकेश कनगराज की जोड़ी लेकर आई है। इसमें रजनीकांत ने देवा का दमदार किरदार निभाया है। थलाइवा का जबरदस्त एक्शन और स्टाइल दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है और फैंस एक बार फिर उनके दीवाने हो गए हैं। फिल्म की स्टारकास्ट भी बेहद खास है, इसमें नागार्जुन अक्किनेनी, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, आमिर खान, सत्यराज और रचिता राम जैसे बड़े कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

# 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग में जुटे सलमान खान




**बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर दमदार वापसी की तैयारी में हैं। पिछली बार वह फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे, लेकिन उम्मीदों पर खरी न उतर पाने के कारण यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी। अब सलमान अपने अगले मेगा प्रोजेक्ट 'बैटल ऑफ गलवान' के साथ चर्चा में हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने 'मुंबई से आया मेरा दोस्त' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और उसके बाद कई चर्चित फिल्में दीं।**

'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग 20 अगस्त से लद्दाख की वादियों में शुरू हो चुकी है। निर्देशक अपूर्व लाखिया ने खुद अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिससे फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है। फिल्म की कहानी साल 2020 में गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है, जिसने पूरे देश को हिला दिया था। इस फिल्म में सलमान खान कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं, जो भारत माता के लिए वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह किरदार सलमान के करियर के सबसे गंभीर और जिम्मेदार रोल्स में से एक माना जा रहा है।

फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बन रही है। दोनों को पर्दे पर एक साथ देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक नई और ताज़ा जोड़ी होगी। देशभक्ति, एक्शन और भावनाओं से भरपूर 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर मेकर्स का दावा है कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावशाली वार ड्रामा फिल्मों में से एक साबित होगी।

# धनश्री वर्मा ने तोड़ी चुप्पी, बताया युजवेंद्र चहल संग रिश्ते का सच



**कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक इस साल की शुरुआत में सुर्खियों में रहा। दोनों के अलगाव को लेकर कई वजहें चर्चा में आईं और खासकर धनश्री को सोशल मीडिया पर कड़ी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब हाल ही में पहली बार धनश्री ने अपने तलाक पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जब कोर्ट ने इस मामले पर फैसला सुनाया, तो उस वक्त उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति कैसी थी।**

धनश्री ने अपने दिल का हाल शेयर करते हुए कहा कि जैसे ही कोर्ट ने तलाक का फैसला सुनाया, वे खुद को संभाल नहीं पाईं और सबके सामने फूट-फूटकर रोने लगीं। उस पल की पीड़ा को शब्दों में बयां करना उनके लिए नामुमकिन था। उन्होंने बताया कि उस दौरान युजवेंद्र पहले ही कोर्ट से बाहर निकल गए थे और वे लगातार रोती रहीं। धनश्री के मुताबिक, 'मुझे बस इतना याद है कि मैं रो रही थी, चीख रही थी, और खुद को रोक नहीं पा रही थी।' तलाक की कार्यवाही के दौरान युजवेंद्र ने जो टी-शर्ट पहनी थी, उस पर लिखा था, 'बी योर ओन सुगर डैडी'। इस मैसेज ने उस वक्त काफी विवाद खड़ा कर दिया था। बता दें, 'शुगर डैडी' का मतलब होता है, 'अमीर पुरूषों को फसाने वाली स्त्री का प्रेमी।' इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए धनश्री ने कहा कि ऐसे मामलों में हमेशा महिलाओं को ही कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'अगर कुछ कहना ही था तो सीधे मैसेज कर देते, व्हाट्सऐप था न... टी-शर्ट पहनकर इस तरह दिखावा करने की क्या ज़रूरत थी?' धनश्री ने आगे अपनी बात रखते हुए कहा कि तलाक जैसी परिस्थितियों से गुज़रते समय परिपक्वता बेहद ज़रूरी होती है। उन्होंने बताया कि वह हमेशा परिवार की गरिमा बनाए रखना चाहती थीं, इसलिए कभी भी सार्वजनिक रूप से भड़काऊ या उकसाने वाले बयान नहीं दिए। उनके मुताबिक, समाज में महिलाओं को बचपन से यही सिखाया जाता है कि हर हाल में रिश्ते निभाने होते हैं। यही वजह है कि जब तलाक जैसी स्थिति आती है तो उसका ठप्पा ज़्यादातर महिलाओं पर ही लगा दिया जाता है।

धनश्री ने आगे यह भी शेयर किया कि शादीशुदा जिंदगी के दौरान उन्होंने हर छोटे-बड़े मौके पर चहल का पूरा साथ दिया, चाहे बात उनके क्रिकेट करियर की हो या फिर निजी परेशानियों की। उनका मानना है कि किसी भी रिश्ते में भावनाएं और जिम्मेदारियां दोनों तरफ से निभाई जानी चाहिए, और शायद यही वजह थी कि तलाक के दिन उनका दर्द आखिरकार बाहर आ गया। धनश्री और युजवेंद्र ने साल 2020 में शादी की थी, लेकिन पांच साल बाद 2025 में उनका रिश्ता तलाक के साथ खत्म हो गया।

## अहमदाबाद में 10वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्याः 8वीं क्लास के स्टूडेंट ने दिया वारदात को अंजाम



**अहमदाबादः** गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे स्कूल में 8वीं कक्षा के एक छात्र ने 10वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार दोपहर की है। देर शाम अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए करीब 2 हजारों लोगों की भीड़ ने बुधवार सुबह स्कूल का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की। सिंधी समुदाय के लोग, बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ता बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचते ही लोगों ने पहले तो स्कूल के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद रेलिंग कूदकर स्कूल के अंदिर दाखिल हो गए। अंदर घुसते ही लोगों ने गार्ड, बस ड्राइवर्स को पीटना शुरू कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पार्किंग में खड़ी बसों, कारों और दोपहिया वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की। प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ सदस्यों को भी जमकर पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें स्कूल पहुंची। लेकिन, लोग इतने गुस्से में थे कि पुलिसकर्मियों के सामने ही पूरे स्टाफ को पीटते रहे।

### पुलिस के सामने भी स्टाफ को पीटते रहे

लोगों में इतना गुस्सा था कि जब पुलिस कर्मचारियों को बचा रही थी, तब भी भीड़ उन्हें पीटती रही। लोगों ने पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर दी। बाद में लोग सड़क पर बैठ गई और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही मणिनगर विधायक, डीसीपी बलदेव देसाई और एसीपी स्कूल पहुंचे। बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाए। करीब एक घंटे के हंगामे के बाद भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। फिलहाल हालात कंट्रोल में हैं।

### दोनों स्टूडेंट के बीच थी पुरानी रंजिश

खोखरा पुलिस थाने के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले इन दोनों स्टूडेंट्स के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपी मंगलवार को चाकू छिपाकर लाया था। स्कूल की छुट्टी होते ही उसने 10वीं के स्टूडेंट पर हमला कर दिया। घायल छात्र के पेट में गंभीर घाव हो गए थे। उसे मणिनगर के एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। लेकिन ज्यादा खून बह जाने के चलते उसकी जान नहीं बच सकी। यहां मृतक और आरोपी नाबालिग हैं, इसलिए उनके नाम उजागर नहीं किए गए हैं।

## एयरपोर्ट जाने से पहले वेबसाइट या ऐप पर उड़ान की स्थिति देखें

मुंबई,(ईएमएस)। मुंबई में भारी बारिश से उड़ाने भी बाधित हो रही हैं। इसके मद्देनजर भारत की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने यात्रियों के लिए बुधवार को एडवाइजरी जारी की। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पर पोस्ट करके बारिश की आशंका के कारण हवाई यात्रा पर असर पड़ने की बात कही है। कंपनी ने पोस्ट में लिखा- हम चाहते हैं कि आपकी यात्रा यथासंभव परेशानी मुक्त हो, लेकिन प्रकृति की भी अपनी योजनाएं हैं। मुंबई में भारी बारिश की आशंका है, जिससे हवाई यातायात में भीड़भाड़ और उड़ान संचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइंस ने आगे लिखा- हम संचालन को सुचारू रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम पहले से योजना बनाने की सलाह देते हैं। आपकी उड़ान के शेड्यूल में कोई भी बदलाव आपके पंजीकृत संपर्क विवरण के जरिए से साझा किया जाएगा, इसलिए सुनिश्चित करें कि वे अपडेट रहें। एयरपोर्ट जाने समय से पहले निकलने की सलाह देते हुए इंडिगो ने लिखा- एयरपोर्ट जाने से पहले हमारी वेबसाइट या ऐप पर अपनी उड़ान की स्थिति देखें और जलभराव और धीमी गति से चलने वाले ट्रैफिक की संभावना के कारण, अपनी यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त समय निकालें। सड़कों पर सुरक्षित रहें और तैयार होकर यात्रा करें। इससे पहले बुधवार को इंडिगो एयरलाइंस ने पोस्ट करके एक एडवाइजरी जारी की थी। उसमें भी विमानन कंपनी ने कई विमानों के आगमन और प्रस्थान में देरी की आशंका जताई थी और यात्रियों को इंडिगो की ऐप और वेबसाइट से यात्रा संबंधी प्रमुख गाइडलाइन्स को फॉलो करने की सलाह दी थी। मौसम विभाग ने मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी दी थी, जिसके कारण उड़ानों के समय में बदलाव या देरी की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी ने महाराष्ट्र में 16 से 21 अगस्त के दौरान भारी बारिश जारी रहने की संभावना जताई थी।

## सूरत में मालिक ने करवाए 32 करोड़ के हीरे चोरीःबीमा क्लेम पाने की साजिश में दो बेटों को भी किया शामिल

**सूरतः** गुजरात के सूरत में 32 करोड़ के हीरा चोरी केस का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। मुख्य आरोपी कंपनी का मालिक देवेंद्र कुमार चौधरी ही निकला। उसने इंश्योरेंस की रकम हड़पने के लिए साजिश रची थी। देवेंद्र ने साजिश में अपने दोनों बेटों, ड्राइवर और उसके दो साथियों को शामिल किया था। कापोद्रा पुलिस और सूरत क्राइम ब्रांच ने मिलकर इस फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया। पुलिस के मुताबिक, डीके एंड संस डायमंड कंपनी के मालिक देवेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि उस पर कर्जा बढ़ गया था। इसी वजह से उसने हीरे चोरी की साजिश रची। ड्राइवर और उसके दो साथियों से 10 लाख में डील की। एडवांस में 5 लाख भी दिए थे।

**कंपनी मालिक पर शक के ये 8 कारण थे...**

1. मुख्य गेट का ताला टूटा नहीं, बल्कि चाबी से खोला गया था। चोरों के पास चाबी कैसे पहुंची? 2. बिल्डिंग में सीसीटीवी क्यों नहीं था? 3. इतनी बड़ी कंपनी में छुट्टी के दिन गार्ड क्यों नहीं थे? 4. कंपनी का और कोई दरवाजा टूटा क्यों नहीं? 5. मेन गेट पर लगा ताला चोरी से 8 दिन पहले ही खरीदा गया था। 6. बीमा पॉलिसी 10 दिन पहले ही क्यों रिन्यू कराई गई? 8. चोरी से एक हफ्ते पहले हीरों का बड़ा स्टॉक क्यों लाया गया था? 7. चोरों को कंपनी के सीसीटीवी और DVR सिस्टम की पूरी जानकारी कैसे थी?

शक के इन 8 कारणों के आधार पर कापोद्रा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने अपनी जांच साजिश को ध्यान में रखकर शुरू की। इसी बीच पुलिस ने 15 तारीख की देर रात कंपनी के पास दो ऑटो रिक्शा को ट्रैक किया। कंपनी के आसपास नजर आने के करीब दो घंटों बाद दोनों ऑटो लौट गए थे। एक ऑटो में तीन और दूसरे ऑटो में दो लोग सवार थे। इन्हीं एक ऑटो में कंपनी मालिक का छोटा बेटा भी नजर आया। इस तरह पुलिस ने दो दिनों में इस पूरी साजिश का खुलासा कर दिया।

# राजीव गांधी की 81वीं जयंती, संसद में श्रद्धांजलि दी गईःराहुल ने फोटो शेयर कर लिखा-पापा के सपने पूरा करना मेरा लक्ष्य

**नई दिल्लीः** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज 81वीं जयंती है। इस मौके पर संसद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसद शामिल हुए। इधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पूर्व पीएम के जन्मदिवस को दिवस के रूप में मना रही है। राहुल गांधी ने 'X' पर पापा राजीव गांधी की फोटो शेयर कर लिखा- एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है।

पीएम मोदी ने कहा- आज उनकी जयंती पर, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि। प्रियंका ने X पर लिखा- विरासत में आप से करुणा, प्रेम और देशभक्ति का धर्म मिला। हम दोनों हमेशा के लिए ये धर्म निभायेंगे। न कोई तोड़ पाएगा, न कोई रोक पाएगा, न कभी हमारे कदम लड़खड़ायेंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'X' पर लिखा- राजीव गांधी जी ने साहस के साथ परंपरागत रास्तों से हटकर नई सोच और इनोवेटिव योजनाओं को अपनाया, ताकि भारत 21वीं सदी के लिए तैयार हो सके।





### राजीव गांधी को नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

राजद प्रमुख तेजस्वी यादव- देश को आधुनिकता और उदारीकरण की ओर ले जाने वाले, सूचना, सम्पर्क व कम्प्यूटर क्रांति के प्रणेता, पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती देने वाले तथा देश की नीति के लिए प्राण गंवाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती पर कोटिश नमन! उनकी दूरदर्शिता और तकनीक प्रेम का लाभ आज पूरे देश को मिल रहा है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला- देश के राजीव, ये थे श्री राजीव गांधी ! सबसे युवा प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, जिनकी दूरदर्शिता के फलस्वरुप ही देश कंप्यूटर-युग में प्रवेश कर सका। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन।

कांग्रेस नेता कमल नाथ- तकनीकी भारत के शिल्पकार, संचार क्रांति के जनक, भविष्यदृष्टा, पूर्व प्रधानमंत्री, स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती पर भावपूर्ण नमन। राजीव जी ऐसे युवा प्रधानमंत्री थे जिन्होंने ग्रामीण भारत की प्रतिभाओं को शिक्षा, संचार और नेतृत्व के अवसर दिये। कंप्यूटर और दूरसंचार की क्रांति, पंचायती राज की संवैधानिक व्यवस्था और नवोदय स्कूल इसके उदाहरण हैं।

सांसद पप्पू यादव- आधुनिक भारत के स्वप्नदर्शी निर्माता, क्षुद्र राजनीति से बिल्कुल मुक्त महान दूरदर्शी, वैश्विक पटल पर सर्वाधिक अधुनातन दृष्टि संपन्न राष्ट्राध्यक्ष राजीव रत्न गांधी जी की जयंती पर उनकी समाधि वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धा निवेदित किया! जिसके दिल में भारत होगा वह सदैव राजीव जी से प्रेरणा ग्रहण करता रहेगा। वह सच में देश के अनमोल रत्न थे!

### देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त, 1944 को मुंबई में हुआ था। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस तीन-चौथाई सीटें जीतने में कामयाब रही थी। उस समय कांग्रेस ने 533 में से पार्टी ने 414 सीटें जीतीं। राजीव जब प्रधानमंत्री बने, तब उनकी उम्र महज 40 साल थी। वे देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल में स्कूलों में कंप्यूटर लगाने की व्यापक योजना बनाई। जवाहर नवोदय स्कूल स्थापित किए। गांव-गांव तक टेलीफोन पहुंचाने के लिए पीसीओ कार्यक्रम शुरू किया।

## कपड़ा, हीरे, रसायन उद्योग के भारतीय एमएसएमई सबसे ज्यादा प्रभावित': क्रिसिल रिपोर्ट

**अमेरिका** द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव डालेगा। यह क्षेत्र देश के कुल निर्यात का लगभग 45% हिस्सा रखता है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, विशेष रूप से कपड़ा, रत्न और आभूषण, तथा रसायन क्षेत्र के एमएसएमई इकाइयों को सबसे अधिक झटका लगेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका फिलहाल भारतीय उत्पादों पर 25% एड वेलोरम ड्यूटी लगाता है। लेकिन अब उसने अतिरिक्त 25% शुल्क लगाने का निर्णय लिया है, जो 27 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। इसके बाद कुल टैरिफ 50% हो जाएगा, जिससे भारतीय निर्यात पर "अर्थपूर्ण और प्रतिकूल प्रभाव" पड़ने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कपड़ा, रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्र, जो अमेरिका को होने वाले भारत के कुल निर्यात का 25% हिस्सा हैं, इनपर सबसे अधिक असर पड़ेगा।



इन क्षेत्रों में एमएसएमई इकाइयों की भागीदारी 70% से अधिक है।

**1. रत्न और आभूषण (गुजरात के सूरत को लगेगा झटका)**: सूरत स्थित हीरा उद्योग, जो भारत के रत्न और आभूषण निर्यात में प्रमुख भूमिका निभाता है, इस टैरिफ वृद्धि से बुरी तरह प्रभावित होगा। रिपोर्ट के अनुसार, हीरे भारत के रत्न और आभूषण निर्यात का 50% से अधिक हैं, और अमेरिका इस क्षेत्र का सबसे बड़ा ग्राहक है।

**2. कपड़ा उद्योग (बांग्लादेश और वियतनाम से प्रतिस्पर्धा)**: रेडीमेड गारमेंट्स अमेरिका में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति खो सकते हैं, क्योंकि बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों से आने वाले उत्पादों पर कम टैरिफ लागू होता है। यह भारत के टेक्सटाइल एमएसएमई के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है।

**3. रसायन उद्योग (जापान और दक्षिण कोरिया से मुकाबला)**: रसायन क्षेत्र में भी, जहां एमएसएमई की हिस्सेदारी लगभग 40% है, भारत को जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जिन्हें कम टैरिफ लाभ प्राप्त है।

4. इस्पात उद्योग (प्रभाव नगण्य): इस्पात क्षेत्र में एमएसएमई पर अपेक्षाकृत कम प्रभाव होगा, क्योंकि ये इकाइयाँ मुख्यतः री-रोलिंग और लॉन्ग प्रोडक्ट्स में लगी हुई हैं, जबकि अमेरिका फ्लैट प्रोडक्ट्स का आयात करता है। क्रिसिल की रिपोर्ट यह संकेत देती है कि भारत के एमएसएमई-संचालित निर्यात मॉडल को इस फैसले से गंभीर झटका लग सकता है। बढ़े हुए टैरिफ के कारण भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे, जिससे मांग में कमी आ सकती है और रोजगार, उत्पादन और विदेशी मुद्रा अर्जन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

भारत सरकार ने पहले ही अमेरिकी टैरिफ को "अनुचित और अव्यावहारिक" करार दिया है और कहा है कि वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। हालांकि, एमएसएमई क्षेत्र पर इस टैरिफ का सीधा और तात्कालिक प्रभाव पड़ेगा, इसलिए उद्योग जगत को नीति सहायता, सब्सिडी और निर्यात प्रोत्साहन की उम्मीद है। अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए टैरिफ से भारत के छोटे और मंझोले उद्यमों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। विशेषकर वे सेक्टर जो अमेरिका पर अत्यधिक निर्भर हैं, उन्हें अपनी रणनीति बदलनी होगी — चाहे वह नए बाजारों की तलाश हो, प्रतिस्पर्धा में सुधार हो या सरकार से सहयोग की मांग।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सीएम हाउस में हमलाःसिर पर चोट

### दावा- बंगले की रेकी की, सीसीटीवी में भी दिखा

**नई दिल्लीः** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। दिल्ली सीएम ऑफिस ने बयान में कहा, आज जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर हमला किया। उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- आरोपी ने सीएम का हाथ पकड़कर खींचा। वे मेज के कोने से टकराईं। सिर पर चोट आई है। मीडिया में चल रही थप्पड़ वाली बात गलत है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी पर अटेम्प्ट टू मर्डर (हत्या की कोशिश) का केस दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी को आज ही कोर्ट में पेश भी किया जाएगा। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आरोपी 24 घंटे से सीएम की रेकी कर रहा था। इधर, घटना के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव और कई मंत्री रेखा गुप्ता का हालचाल जानने सीएम हाउस पहुंचे। यहीं पर सीएम का इलाज चल रहा है। सोशल मीडिया में सीसीटीवी भी वायरल हो रहा है। इसमें खीमजीभाई 19 अगस्त को सीएम के शालीमार बाग निवास का रेकी करता हुआ दिख रहा है।

**प्रवेश वर्मा का दावा- आरोपी ने पहले रेकी की थी**

दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा- दिल्ली को एक ऐसी मुख्यमंत्री मिली है जो रोजाना अपने आवास पर जनसुनवाई कर रही हैं। दिल्ली-एनसीआर से रोजाना 1000-2000 लोग सीएम के पास आते थे। आज जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। हम मुख्यमंत्री से मिले, वह घायल थीं। उनकी एमएलसी की गई। उन्होंने कहा- हमें पता चला है कि आरोपी व्यक्ति पिछले 24 घंटों से सीएम की रेकी कर रहा था, उसने गुप्ता के शालीमार बाग स्थित घर की भी रेकी की। रात सिविल लाइंस में भी गुजारी, ताकि वह मुख्यमंत्री से मिल सके। आज जब वह आया, तो उसके हाथ में कोई कागज नहीं था।

## मुंबई को मिलेंगी 268 नई एसी लोकल ट्रेनें, किराया रहेगा समान; सीएम फडणवीस ने किया ऐलान

**महाराष्ट्र** सरकार ने मुंबई की उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवाओं के लिए 268 पूर्णतः वातानुकूलित लोकल ट्रेनें खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जो शहर के अत्यधिक बोझ से दबे लोकल ट्रेन नेटवर्क में आधुनिक रोलिंग स्टॉक की सबसे बड़ी एकल वृद्धि है। मुंबईकरों के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि इन एसी लोकल ट्रेनों का किराया सामान्य गैर एसी लोकल ट्रेनों के बराबर ही होगा । मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बुनियादी ढांचा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया , जिसमें कहा गया कि एसी ट्रेनों का किराया सामान्य गैर-एसी लोकल ट्रेनों के समान होगा। इसे मुंबई की जीवन रेखा के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बताते हुए फडणवीस ने कहा कि नए रेक बंद दरवाजों, स्वचालित प्रणालियों और मेट्रो शैली की सुविधाओं से सुसज्जित होंगे, और धीरे-धीरे पश्चिमी और मध्य लाइनों पर सेवा में मौजूद पुरानी, बिना दरवाजे वाली ट्रेनों की जगह ले लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रियों की सुरक्षा, आराम और गति के बारे में है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टिकट के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद ट्रेनों की खरीद शुरू हो जाएगी वर्तमान में, मुंबई में सीमित संख्या में एसी लोकल ट्रेनें चलती हैं, जिनका किराया ज्यादा होता है। परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण, ज्यादातर एसी ट्रेनें आमतौर पर देरी से चलती हैं या नॉन-एसी ट्रेनों के शेड्यूल में बाधा उत्पन्न करती हैं। मुंबई शहरी परिवहन परियोजना चरण 3 और 3ए के तहत 268 ट्रेनों को मंजूरी दिए जाने के साथ, अधिकारियों ने कहा कि उपनगरीय नेटवर्क अगले कुछ वर्षों में चरणबद्ध परिवर्तन से गुजरेगा। फडणवीस ने कहा कि इसका उद्देश्य वातानुकूलित यात्रा को अपवाद के बजाय सामान्य बनाना है, साथ ही भीड़भाड़ और दुर्घटनाओं को कम करना है। इसके साथ ही बैठक में ठाणे और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच 25 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड सड़क के निर्माण को मंजूरी मिल गई है । यह परियोजना ठाणे , नवी मुंबई और उनके बीच के औद्योगिक क्षेत्रों को एक तेज़ और समर्पित संचार मार्ग प्रदान करेगी ।

मुंबई में मेट्रो लाइन 11 की महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। वडाला डिपो से गेटवे ऑफ इंडिया तक 16 किलोमीटर लंबी पूरी तरह से भूमिगत लाइन का निर्माण किया जाएगा। यह मेट्रो श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक और हॉर्निमन सर्कल जैसे महत्वपूर्ण स्थानों से चलेगी। यह परियोजना लगभग 24,000 करोड़ रुपये की है और इसके लिए जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी से धन उपलब्ध होगा। यह लाइन मुंबईकरों को परिवहन के लिहाज से बड़ी राहत देगी। साथ ही, बेस्ट के साथ एक संयुक्त विकास परियोजना के तहत एक वाणिज्यिक परिसर बनाया जाएगा , जिससे बेस्ट को अतिरिक्त आय होगी। इसके साथ ही नागपुर में एक नया विकास गलियारा भी खुलेगा।

## कर्नाटक में भी आरक्षण के कोटे में कोटा होगा लागू, तीन भागों में बांटी एससी जातियां

बेंगलुरु,(ईएमएस)। हरियाणा की तर्ज पर अब कर्नाटक में भी आरक्षण के कोटे में कोटा लागू होगा। कर्नाटक सरकार ने एससी के लिए आंतरिक आरक्षण लागू करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह फैसले लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए लिया गया है, खासकर एससी लेफ्ट (मदिगा) और एससी राइट (होलेया) समुदायों की मांगों को ध्यान में रखते हुए। नए फॉर्मूले के तहत 17 फीसदी आरक्षण में से छह फीसदी एससी लेफ्ट समुदाय, छह फीसदी एससी राइट समुदाय और पांच फीसदी लंबानी, भोवी, कोरचा, कोरमा जैसी अन्य उप-जातियों के लिए तय किया गया है। यह फैसला जस्टिस एच एन नागमोहन दास आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। आयोग ने छह फीसदी एससी लेफ्ट, पांच फीसदी एससी राइट, चार फीसदी लंबानी, भोवी, कोरमा और कोरचा जैसी स्पृश्य जातियों और एक फीसदी प्रत्येक खानाबदोश समुदायों जैसे आदि कर्नाटक आदि द्रविड़ और आदि आंध्र के लिए सुझाया था। मंत्रिमंडल ने खानाबदोश और आदि कर्नाटक आदि द्रविड़, आदि आंध्र के लिए अलग एक फीसदी आरक्षण को हटाकर तीन श्रेणियों का नया मैट्रिक्स स्वीकार किया है।

## मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी बहाल होगीः हाईकोर्ट ने 2 साल की सजा पर रोक लगाई

**प्रयागराजः** मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे अब्बास को हेट स्पीच केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को हाईकोर्ट के जस्टिस समीर जैन ने मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अब्बास को 2 साल की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट के फैसले पर लीगल एक्सपर्ट का कहना है कि अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल होगी। मामला मामला 2022 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। अब्बास सुभासपा के टिकट पर मऊ से चुनाव लड़ रहे थे। एक जनसभा में अब्बास ने कहा था- सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहकर आया हूं, सरकार बनने के बाद 6 महीने तक किसी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं होगी। जो जहां है, वहीं रहेगा। पहले हिसाब-किताब होगा, फिर ट्रांसफर होगा। उस वक्त सुभासपा और सपा का गठबंधन था। इसके बाद शहर कोतवाली में हेट स्पीच की एफआईआर दर्ज हुई थी। 31 मई को मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्बास को इस मामले में 2 साल की सजा सुनाई। कोर्ट का आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर फाइल मऊ से लखनऊ पहुंची। फिर रविवार, (एक जून) को छुट्टी के दिन विधानसभा सचिवालय खोलकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई और सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया। हालांकि उपचुनाव का ऐलान नहीं हुआ था।

**अब क्या होगा?**

- विधायिका के जानकार मानते हैं सजा स्थगित होने के कारण अब अब्बास विधानसभा में सदस्यता बहाल करने के लिए अर्जी देंगे। विधानसभा को उनकी सदस्यता बहाल करनी होगी।
- प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी से बात की है। चतुर्वेदी ने उन्हें मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की सलाह दी है। अब सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेगी।

# यूपीः खाद को लेकर हाहाकार, खरीदने के लिए किसानों की लगी लंबी लाइनें; नेपाल में तस्करी बढ़ी

**उत्तर** प्रदेश में खेती किसानी के पीक सीजन में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में खाद के लिए किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं और स्टॉक न होने की शिकायतें मिल रही हैं। यूरिया, डीएपी और एनपीके जैसी जरूरी खाद तय कीमत से कहीं ज्यादा दामों पर बिक रही है। नेपाल की सीमा से सटे तराई के जिलों बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, लखीमपुर, पीलीभीत, सिद्धार्थनगर और महराजगंज से बड़े पैमाने पर खाद के नेपाल को तस्करी किए जाने की खबरें हैं। तराई के इन जिलों में खाद की किल्लत और कालाबाजारी सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है। तस्करी की खबरों से चिंतित योगी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को खुद सिद्धार्थनगर पहुंच कर चेतावनी जारी की। जानकारों का कहना है कि भारत में 266.50



रूपये बोरी मिलने वाली यूरिया नेपाल पहुंचते ही 1500 से 2000 रूपये की हो जाती है। कीमतों में भारी अंतर होने के चलते नेपाल के सीमावर्ती जिलों से जमकर खाद की तस्करी हो रही है। बलरामपुर जिले से नेपाल के कोयलाबास, ककरहवा, सिसवारा और खंगरा नाका से खाद की तस्करी होने की सूचना है जबकि श्रावस्ती से गुरुंग नाका और सुकली से खाद धड़ल्ले से नेपाल भेजी जा रही है। खाद तस्करी की शिकायतों को देखते हुए देवापटन मंडल आयुक्त ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस के लिए एलर्ट जारी किया है।

किसान नेता कर्ण सिंह का कहना है कि नेपाल में एक बोरी खाद की आधिकारिक कीमत 800 रूपये तय की गयी है जो भारत के मुकाबले बहुत ज्यादा है। इसके साथ ही वहां किल्लत कहीं ज्यादा है जिसके चलते तस्करी की घटनाएं हो रही हैं। वहीं जिले-जिले खाद के लिए लंबी लाइनों में लगे किसानों का कहना है कि ज्यादातर दुकानदार यूरिया 350 से 400 रूपये बोरी की कीमत पर उपलब्ध करा रहे हैं। सरकारी कीमत पर सहकारी समितियों से मिलने वाली खाद ज्यादातर जगहों पर तुरंत खत्म हो जा रही है। प्रदेश में खाद को लेकर मची मारामारी, कालाबाजारी और तस्करी पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को बताया कि अब तक उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए 12,653 छापे मारे गए हैं और 3,385 उर्वरक के नमूने लिए गए। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी की शिकायत पर 1,047 नोटिस जारी किए गए हैं जबकि 571 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए और 1,196 निरस्त हुए हैं। इसके साथ ही 13 थोक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित और 4 निरस्त करते हुए 93 एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। केंद्र व राज्य सरकार दोनों की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद की किल्लत का कारण इसकी बढ़ी हुयी मांग को बताया है। उनका कहना है कि इस बार 18 अगस्त तक पिछले साल के मुकाबले करीब 6 लाख टन ज्यादा यूरिया की बिक्री हुयी है। पिछले साल जहां अब तक 36.76 लाख टन यूरिया बिकी थी वहीं इस साल यह आंकड़ा 42.64 लाख टन पहुंच गया है। उनका कहना है कि इसका बड़ा कारण अच्छा मानसून और धान का रकबा बढ़ना भी है। प्रदेश में खरीफ 2024 का रकबा बढ़कर 105.93 लाख हेक्टेयर पहुँच गया है जो कि 2013-14 में 90.46 लाख हेक्टेयर था।

# अमेरिका बोला-भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव बनानाः इससे यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी, भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाया




वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'चहेती सेक्रेटरी कारोलिन लेविट ने कहा कि रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर प्रतिबंध लगाया। वाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी लेविट का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप नेरूस-यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए ही भारत पर प्रतिबंध लगाए हैं। लेविट का कहना है कि मॉस्को पर दबाव डालने के लिए यह कदम उठाया गया है। अब सवाल है कि ट्रंप की चहेती सेक्रेटरी से गलती से ये शब्द निकले हैं या असल में मंशा यही है। कारण कि अमेरिका ने अब तक भारत पर कोई सैंक्शन यानी प्रतिबंध नहीं लगाए हैं। अमेरिका ने तो केवल 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाए हैं। ऐसे में एक और सवाल है कि क्या अमेरिका टैरिफ से दो कदम आगे बढ़कर भारत पर प्रतिबंध लगाने की सोच रहा है? वाइट हाउस की सेक्रेटरी की बातों से अब दो चीजें स्पष्ट होती हैं। या तो सैंक्शन यानी प्रतिबंध वाली बात गलती से सेक्रेटरी के मुंह से निकली या फिर यह अमेरिका की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है? भारत पर एक्स्ट्रा 25 फीसदी टैरिफ लगाने को लेकर अमेरिका ने रूसी तेल खरीद का तर्क दिया है। अमेरिका का आरोप है कि भारत के तेल खरीदने से रूस की युद्ध मशीन को ईंधन मिलता है। यानी तेल के पैसों से रूस यूक्रेन जंग लड़ रहा है। अमेरिका का कहना है कि भारत रूस का दूसरा सबसे बड़ा तेल ग्राहक है। हालांकि, भारत ने भी अमेरिका को साफ-साफ सुना दिया था। ट्रंप के टैरिफ पर भारत झुका नहीं है। भारत ने करारा जवाब दिया है। भारत ने तो साफ कह दिया है कि भारत अपने किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही रूसी तेल पर भी भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों की पोल खोली है। भारत ने साफ कहा है कि रूस के साथ अमेरिका के खुद कारोबारी रिश्ते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के एक्स्ट्रा टैरिफ को अनुचित और तर्कहीन करार दिया है। अमेरिका ने भारत पर यह टैरिफ ऐसे वक्त में लगाया है, जब रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने की कवायद जोरों से चल रही है। ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय शांति वार्ता की योजना बनाई है।

### व्यापार को हथियार बनाकर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने का दावा

लीविट ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया।लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की।व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं।

### दो दिन पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से मिले थे ट्रम्प

ट्रम्प ने सोमवार देर रात (भारतीय समयानुसार) व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही। हालांकि इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है।मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे।ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की। इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। यह बातचीत अगले 15 दिन के भीतर होगी।मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपए) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा।

## व्हाइट हाउस में मल्टीलेटरल मीटिंगः अब वायरल हुई हॉट माइक पर मेलोनी की गॉसिप



वॉशिंगटन(ईएमएस)। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी भी व्हाइट हाउस में रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर चर्चा के लिए पहुंची थीं। यहां उनका एक हॉट माइक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे ट्रंप से गॉसिप कर रही हैं। उन दोनों की ये हल्की-फुल्की बातें और इससे जुड़ा हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है। चलिए देखते हैं कि आखिर मेलोनी और ट्रंप क्या गॉसिप कर रहे थे और ये किसके बारे में थी? डोनाल्ड ट्रंप और मेलोनी जब बैठक के लिए चेयर की तरफ जाते हैं, तो वे पहले जर्मनी के चांसलर मर्ज से हाल-चाल पूछते हैं। इसी बीच मर्ज के बगल की कुर्सी पर बैठते हुए इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी कहती हैं – 'मेरे हिसाब से मर्ज बहुत लंबे हैं।' ट्रंप ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि हां, ये लंबे तो हैं। फिर मेलोनी ट्रंप की ओर आकर कहती हैं- मैं इनके साथ खड़ी नहीं होना चाहती, मेरे लिए तो वोलोदिमीर जेलेंस्की ही ठीक हैं। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच भी हुई बात को हॉट माइक ने रिकॉर्ड कर लिया था, हालांकि वे काफी धीरे बोल रहे थे और उन्हें नहीं लग रहा था कि कोई इसे सुन रहा है। यहां पर ट्रंप ने पहले तो मैक्रों का हाल-चाल पूछा और फिर पुतिन के बारे में बात करते हुए कहा – मैं पुतिन को फोन कर सकता हूं और एक त्रिपक्षीय बैठक बुला सकता हूं' इतना ही नहीं उन्होंने दावा किया कि पुतिन ऐसा सिर्फ उनके लिए कर रहे हैं।

## वैज्ञानिकों ने की सिजोफ्रेनिया की बीमारी से जुड़े जीन की खोज




लंदन (ईएमएस)। ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने सिजोफ्रेनिया की बीमारी से जुड़े आठ नए जीन की खोज की है, जिससे भविष्य में इसके उपचार और समझ को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। वैज्ञानिकों ने इस महत्वपूर्ण अध्ययन में प्रोटीन-कोडिंग जीन में दुर्लभ और उच्च-प्रभाव वाले उत्परिवर्तनों (म्यूटेशन) पर ध्यान केंद्रित किया।

ये म्यूटेशन सिजोफ्रेनिया से पीड़ित मरीजों में सामान्य पाए गए। शोध में दो प्रमुख जीन स्टेज1 और जीएनएफ 136 की पहचान की गई, जिनके बारे में मजबूत आनुवंशिक सबूत मिले हैं। इसके अलावा छह अन्य जीन एसएलसी6ए1, केएलसी1, पीसीएलओ, झेडएमवायएनडी11, बीएचसीएल2 और सीजीआरआरएफ से भी अपेक्षाकृत मध्यम स्तर का संबंध पाया गया। इनमें से एसएलसी6ए1 और केएलसीज1 पहले ऐसे जीन हैं, जो केवल मिसेंस वेरिएंट के जरिए सिजोफ्रेनिया से जुड़े पाए गए।

यह एक विशेष प्रकार का म्यूटेशन है, जिसमें प्रोटीन के अमीनो-एसिड अनुक्रम में बदलाव आ जाता है। कार्डिफ विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की छात्रा सोफी चिक ने कहा कि ये निष्कर्ष बेहद अहम हैं, क्योंकि ये दिखाते हैं कि सिजोफ्रेनिया कोशिकाओं के डीएनए संगठन में बदलाव और मस्तिष्क कोशिकाओं द्वारा जीएबीए (जीएबीए) नामक रसायन का उपयोग करके संचार करने के तरीके में व्यवधान से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि ये परिणाम सिजोफ्रेनिया के जटिल तंत्रिका जीव विज्ञान की समझ को और गहरा करते हैं तथा दवा खोज और बेहतर उपचार की दिशा में नई उम्मीद जगाते हैं।

इस अध्ययन में 28,898 सिजोफ्रेनिया मरीजों, 1,03,041 स्वस्थ व्यक्तियों और इस बीमारी से प्रभावित 3,444 परिवारों के आनुवंशिक डेटा का गहन विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि इन विशिष्ट जीन्स की पहचान करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन यह सफलता सिजोफ्रेनिया और अन्य तंत्रिका-विकास संबंधी (न्यूरोडेवलपमेंटल) बीमारियों के बीच साझा आनुवंशिक जड़ों को और मजबूत सबूत प्रदान करती है। मुख्य लेखक और कार्डिफ यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के डॉ. इलियट रीस का कहना है कि हालांकि इन आनुवंशिक खोजों को व्यावहारिक उपचार में बदलने में समय लगेगा, लेकिन ये परिणाम भविष्य में दवा विकास और लक्षित उपचारों के लिए नई संभावनाओं का मार्ग खोलते हैं।

## यूक्रेन ने हमला कर रूस की कर दी बिजली गुल

वाशिंगटन,(ईएमएस)। रुस और यूक्रेन के बीच शांति बहाली के लेकर इधर प्रयास चलते रहे उधर यूक्रेन ने रुस पर बीती रात हमला करके बिजली गुल कर दी। यह जानकारी मॉस्को की ओर से नियुक्त गवर्नर येवगेनी बालित्स्की ने दी। जापोरिजिया क्षेत्र का अधिकांश भाग रूस के नियंत्रण में है, लेकिन यूक्रेन अब भी प्रशासनिक केंद्र को नियंत्रित करता है और समय-समय पर हमलों से रूसी कब्जे वाले इलाकों की बिजली बाधित करता रहता है। बालित्स्की ने कहा कि हाई-वोल्टेज उपकरणों पर दुश्मन के आतंकवादी ड्रोन हमले के कारण यह बिजली कटौती हुई। जून में भी इसी तरह के हमले में करीब 7 लाख लोगों की बिजली 24 घंटे से ज्यादा समय तक गुल रही थी, जो अब तक का सबसे बड़ा हमला माना गया। रूसी कब्जे में स्थित ज़ापोरिजिया परमाणु संयंत्र यूरोप का सबसे बड़ा है। रूस ने भी मंगलवार रात यूक्रेन के केंद्रीय शहर क्रेमेनचुक पर बड़ा हमला किया, जिससे शहर के ऊपर धुएं का घना गुबार छा गया। स्थानीय मेयर विताली मालेत्स्की ने कहा कि यह हमला दर्शाता है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शांति नहीं चाहते। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक यह अगस्त का अब तक का सबसे बड़ा हमला था। रूस ने 270 ड्रोन और 10 मिसाइलें दागीं, जिनमें से 230 ड्रोन मार गिराए गए, लेकिन 16 स्थानों पर हमले सफल रहे। क्रेमेनचुक और अन्य क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाया गया, जिससे बड़ी आग लगी और करीब 1,500 घरों की बिजली चली गई। रूस ने दावा किया कि उसने यूक्रेन की सेना को सप्लाई देने वाली एक तेल रिफाइनरी पर हमला किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब यूक्रेन में सीजफायर की मांग छोड़ दी है। इसके बजाय वे अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं, जिसमें वह एक स्थायी शांति समझौता चाहते हैं। हालांकि, कुछ यूरोपीय नेता अब भी पहले एक अस्थायी युद्धविराम की मांग कर रहे हैं, भले ही ट्रंप को अब इसकी जरूरत नहीं लगती। यूक्रेन और यूरोपीय देश शांति चाहते हैं लेकिन उनका कहना है कि दुनिया के सबसे बुनियादी नियम को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि कोई देश ताकत के बल पर कुछ भी कर सकता है। स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया ने मंगलवार को कहा कि अगर यूक्रेन में शांति वार्ता के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आते हैं, तो वे उन्हें अपने देश में आने की अनुमति देंगे। इन दोनों देशों ने कहा है कि भले ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा है, लेकिन वे वार्ता कराने के लिए तैयार हैं। स्विस विदेश मंत्री इग्नाज़ियो कासिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कुछ शर्तों के तहत पुतिन को स्विट्ज़रलैंड में कदम रखने की अनुमति दी जा सकती है। ऑस्ट्रिया की ओर से भी कहा गया है कि अगर उसके देश में यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता होती है, तो वह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय से संपर्क करेगा ताकि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भागीदारी संभव हो सके।

## ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स में 16 देशों की 280 टीमें ले रही भाग



बीजिंग (ईएमएस)। चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स में दुनिया भर के 16 देशों से आई 280 टीमें और 500 से ज्यादा रोबोट्स हिस्सा ले रहे हैं। इन खेलों में बास्केटबॉल, फुटबॉल, रेसिंग और किक बॉक्सिंग जैसे 26 खेल शामिल हैं। आयोजन की शुरुआत 1500 मीटर की रेस से हुई, जिसमें चीन की मशहूर कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स का रोबोट विजेता बना। यूनिट्री रोबोटिक्स के एच1 मॉडल ने रेस में पहला और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि बीजिंग की कंपनी एक्स-ह्यूमनॉइड का टिएन कुंग अल्ट्रा रोबोट दूसरे स्थान पर रहा। एच 1 रोबोट की कीमत लगभग 6.5 लाख युआन (करीब 80 लाख रुपये) बताई जा रही है। यही रोबोट इस साल चीन के स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में डांसर्स के साथ पारंपरिक नृत्य कर चुका है। खेलों में रोबोट्स का प्रदर्शन दर्शकों के लिए रोमांचक रहा। फुटबॉल मैच में कई रोबोट्स ने गेंद पर किक मारने की कोशिश की, लेकिन कुछ संतुलन खोकर गिर गए, जिन्हें इंसानों की मदद से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। किक बॉक्सिंग में रोबोट्स ने ग्लव्स पहनकर मुकाबला किया, जो काफी दिलचस्प रहा। इसके अलावा, पॉप म्यूजिक पर रोबोट्स का डांस परफॉर्मेंस भी दर्शकों को खूब पसंद आया। इस प्रतियोगिता में केवल बड़ी कंपनियां ही नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों के छात्र भी शामिल हुए। शेडोंग जियाओटोंग यूनिवर्सिटी की एक टीम ने मात्र 50,000 युआन के बजट में अपना रोबोट तैयार किया, जिसने बास्केटबॉल इवेंट में हिस्सा लिया। हालांकि, तकनीकी खामियां भी देखने को मिलीं। कई रोबोट्स शुरुआत में ही दौड़ पूरी नहीं कर पाए, कुछ स्टार्टिंग लाइन से आगे नहीं बढ़े। शेडोंग की योबोटिक्स कंपनी का जिंगझे ताइशान रोबोट गिरने के बाद उसका हाथ टूट गया, लेकिन उसने दौड़ पूरी कर सबका दिल जीत लिया। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन रोबोट्स की क्षमताओं को परखने और उनकी सीमाओं को समझने का एक बड़ा मंच है।

## हम दक्षिण कोरिया को कभी कूटनीतिक साझेदार के रूप में नहीं देखेंगे

सियोल,(ईएमएस)। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने कहा है कि उनका देश कभी भी दक्षिण कोरिया को कूटनीतिक बातचीत के लिए एक साझेदार के रूप में नहीं देखेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को उनके इस बयान को सियोल की ओर से संबंध सुधारने की नई कोशिशों पर ताजा टिप्पणी के रूप में देखा जा रहा है। किम जोंग उन की विदेश नीति के शीर्ष अधिकारियों में से एक किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के जारी सैन्य अभ्यास को हमले की तैयारी बताया और कहा कि शांति की कोशिशों के पीछे सियोल की उत्तर कोरिया के खिलाफ ''बुरी मंशा छिपी'' है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यह टिप्पणी मंगलवार को विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान की। इस बैठक में उन्होंने विरोधियों से लगातार खतरों और तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अपने भाई की कूटनीतिक रणनीतियों पर चर्चा की। इससे पहले सोमवार को उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास की निंदा की थी, साथ ही दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए देश की परमाणु ताकत को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने सोमवार को अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया था।

## भारत ने यूएनएससी में उठाया हिन्दू महिलाओं के साथ यौन हिंसा का मामला, पाक हुआ शर्मसार

जेनेवा(ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने एक बार फिर हिंदू महिलाओं के साथ पाकिस्तान में हो रही यौन हिंसा का मामला उठाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रभारी एल्डोस मैथ्यू पुन्नूस ने इस दौरान पाकिस्तान में 1971 से लेकर अब तक अल्पसंख्यक (हिन्दू) महिलाओं के खिलाफ हो रही यौन हिंसा का मुद्दा उठाया। 'संघर्ष से जुड़ी यौन हिंसा' पर आयोजित ओपन डिबेट में कहा कि पाकिस्तान सेना ने 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में लाखों महिलाओं पर जो यौन अत्याचार किए, वह आज भी पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के खिलाफ जारी हैं।

पुन्नूस ने यह भी कहा कि भारत घरेलू स्तर पर भी महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्यापक रणनीति लागू कर चुका है, जिसे अन्य देश भी अपना सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने लगभग 1.2 अरब डॉलर का निर्भया फंड बनाया है, जो महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल, तेज न्याय और संकट सहायता सुनिश्चित करता है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरे देश में इमरजेंसी नंबर 112 की सुविधा दी गई है। प्रत्येक जिले में स्थापित सखी वन-स्टॉप सेंटर पीड़िताओं को पुलिस सहायता, चिकित्सा, कानूनी मदद और आश्रय जैसी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध कराते हैं। इसके अलावा तेज जांच और फास्ट-ट्रैक कोर्ट के ज़रिए दोषियों को सजा सुनिश्चित की जाती है।

पुन्नूस ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जिस तरह 1971 में पाकिस्तानी सेना ने यौन अपराध किए, उसी तरह आज भी वहां महिलाओं का अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन, बाल विवाह, यौन हिंसा और तस्करी जैसी घटनाएं अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की न्यायपालिका भी इन जघन्य अपराधों को मान्यता देती है, जिससे अपराधियों को संरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि जो लोग इन अपराधों में शामिल हैं, वही आज न्याय के ठेकेदार बनकर दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत ने कहा कि ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। यौन हिंसा केवल पीड़िता को ही प्रभावित नहीं करती बल्कि पूरे समाज की संरचना को तोड़ देती है और कई पीढ़ियों तक इसके गहरे निशान छोड़ती है। पुन्नूस ने जोर देकर कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिसमें अपराधियों को सजा दिलाना, पीड़िताओं को न्याय, सुरक्षित आश्रय, स्वास्थ्य सेवाएं, मनोवैज्ञानिक सहयोग और पुनर्वास शामिल हों। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के ट्रस्ट फंड में शुरुआती योगदान देकर इस मुद्दे पर अपनी गंभीरता दिखाई। पुन्नूस ने कहा कि भारत ने 2017 में महासचिव के साथ स्वैच्छिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, ताकि शांति अभियानों में यौन शोषण और हिंसा को खत्म किया जा सके।

### ऑपरेशन सिंदूर से हुई तबाही को छिपा रहा पाक, आर्मी चीफ मुनीर अपने ही लोगों को बना रहे बेवकूफ



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सामने गिड़गिड़ाने वाले पाकिस्तान के सेना प्रमुख विदेश जाकर अपनी तारीफ के पुल बांध रहे हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने बेल्जियम में कहा कि उन्होंने भारत को सीजफायर की मांग करने पर मजबूर किया। भारत ने खुले मंच पर साफ कहा है कि पाकिस्तान में तबाही के बाद पाक के ही डीजीएमओ ने संपर्क किया था। पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग रखी जिसे भारत ने मान ली थी। भारत ने कहा है कि दोनों देशों के युद्धविराम में अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 11 अगस्त को बुसेल्स में आयोजित एक कार्यक्रम में पाक सेना प्रमुखा असीम मुनीर ने दावा किया था कि भारत ने पहले युद्धविराम की पहल की थी। इस कार्यक्रम में करीब 500 लोग मौजूद थे। वहीं किसी को भी मोबाइल फोन या फिर रिकॉर्डिंग डिवाइस ले जाने की इजाजत नहीं थी। इस कार्यक्रम में करीब 40 मिनट तक मुनीर अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने भारतीय विमान मार गिराए और मुंहतोड़ जवाब दिया।

मुनीर ने कहा कि भारत केवल संवेदना के लिए खुद को आतंकवाद का शिकार बताता है जबकि भारत खुद पाकिस्तान में सीमा पार आतंकवाद का समर्थन करता है। मुनीर ने कहा कि भारत के पास ट्रंप के दखल और सीजफायर के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। यह पहली बार नहीं है जब मुनीर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दावे किए हैं। बीते दिनों वॉशिंगटन में भी मुनीर ने इस तरह की बयानबाजी की थी। अमेरिका में उन्होने यहां तक कहा था कि पाकिस्तान परमाणु संपन्न देश है और अगर हम हारने लगे तो आधी दुनिया को साथ लेकर जाएंगे। भारत ने पाकिस्तान के दावों की पोल खोलते हुए कहा कि वह विदेशी सहयोग के लिए ही परेशान रहता है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का नामोनिशान नहीं है।

## चप्पल पहनकर गाड़ी चलाने पर 26 हजार, सार्वजनिक जगह शराब पीने पर 2.60 लाख का जुर्माना

लंदन (ईएमएस)। इस साल यूरोप के कई बड़े शहरों में टूरिस्टों के लिए कड़े नियम लागू किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि इन कदमों का उद्देश्य ओवर-टूरिज्म से निपटना और लोगों की जिंदगी को सहज बनाना है। मामूली दिखने वाली गलतियों पर भी अब भारी-भरकम जुर्माना लगाया जा रहा है। ये हैं सख्त नियम और भारी जुर्मानाः नियमों के अनुसार चप्पल पहनकर गाड़ी चलाने पर 26,000 तक का जुर्माना वसूला जा रहा है। वहीं समुद्र तट से दूर स्विमसूट पहनने पर 1.30 लाख तक का जुर्माना लागू किया गया है। सार्वजनिक जगह शराब पीने पर 2.60 लाख तक का जुर्माना है। ग्रीस के समुद्र तट से शंख या कंकड़ उठाने पर 87,000 का जुर्माना लगाया गया है। वेनिस की नहर में तैरने पर 30,000 का जुर्माना लागू किया गया है। पर्यटन विशेषज्ञों के मुताबिक, यूरोप के लोकप्रिय शहरों में टूरिस्टों की संख्या इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि वहां रहने वाले स्थानीय लोग परेशान हो चुके हैं। कई बार विदेशी टूरिस्ट ऐसी गतिविधियां करते हैं, जिससे शहर की संस्कृति और सामान्य जीवन प्रभावित होता है। इसकारण नियमों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। टूरिज्म एक्सपर्ट मानते हैं कि ये जुर्माने केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं हैं, बल्कि एक मैसेज भी हैं कि टूरिस्ट स्थानीय संस्कृति का सम्मान करें। इन नियमों से लोकल लोगों को राहत मिलेगी और शहर में एक शांतिपूर्ण माहौल बनाने में मदद मिलेगी।

## चीनी एप टिकटॉक पर आया वाइट हाउस, 27 सेकंड का एक क्लिप साझा किया

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन के प्रति प्रेम फिर सामने आया है। चीन से लगाव रखने और भारत पर टैरिफ लगाने वाले ट्रंप अब टिकटॉक पर दिखाई देने वाले है। दरअसल, वाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास और कार्यालय) ने टिकटॉक पर अपना अकाउंट शुरू किया। यह कदम तब उठाया गया जब अमेरिका में टिकटॉक के भविष्य और वैधता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग एप पर अपनी पहली पोस्ट में वाइट हाउस ने 27 सेकंड का एक क्लिप साझा किया और कैप्शन में लिखा कि अमेरिका हम वापस आ गए हैं। वीडियो पोस्ट करने के कुछ ही घंटों में अकाउंट पर पांच हजार से अधिक फॉलोअर्स हो गए। दूसरी ओर टिकटॉक पर ट्रंप के निजी अकाउंट पर 110.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उनकी आखिरी पोस्ट 5 नवंबर, 2024 को की गई थी, जिस दिन अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हुआ था। इसके बाद सवाल उठता है कि क्या टिकटॉक अमेरिका में चल रहा है? बता दें कि ट्रंप का टिकटॉक के साथ प्रेम और नफरत का रिश्ता है। नफरत की वजह यह है कि टिकटॉक एक चीनी कंपनी है, और ट्रंप नहीं चाहते कि अमेरिकी नागरिकों का डेटा चीन जाए। ट्रंप ने एक कानून बनाया है। इस कानून के तहत टिकटॉक को अमेरिका में चलने के लिए किसी गैर-चीनी कंपनी को बेचना होगा, वरना उस पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। हालांकि, अभी तक टिकटॉक को किसी गैर-चीनी कंपनी ने नहीं खरीदा, फिर भी अमेरिका में धड़ल्ले से चल रहा है। टिकटॉक का स्वामित्व चीनी कंपनी बाइटडांस के पास है। राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर टिकटॉक की बिक्री या प्रतिबंध से संबंधित एक कानून 20 जनवरी को लागू होने वाला था, उसी दिन ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभाला था। लेकिन ट्रंप को सोशल मीडिया से गहरा लगाव है। उनका 2024 का चुनावी अभियान सोशल मीडिया पर काफी हद तक निर्भर था।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने मस्जिद पर बरसाई गोलियां, 13 की मौत

अबूजा,(ईएमएस)। उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में एक मस्जिद पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिससे वहां मौजूद 13 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कात्सिना राज्य के उंगुवान मंतौ शहर में हुए इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-मध्य क्षेत्रों में ऐसे हमले अक्सर होते रहते हैं। यहां स्थानीय चरवाहे और किसान अक्सर भूमि और पानी तक सीमित पहुंच को लेकर आपस में भिड़ते रहते हैं।

बता दें पिछले महीने उत्तर-मध्य नाइजीरिया में हुए एक हमले में 150 लोग मारे गए थे। प्रांत के कमिश्नर ने कहा कि आगे किसी तरह के हमलों को रोकने के लिए उंगुवान मंतौ क्षेत्र में सेना और पुलिस को तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि बंदूकधारी अक्सर बरसात के मौसम में खेतों में फसलों के बीच छिपकर हमले करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी यह हमला किया उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## मास्को में आज भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे जयशंकर

मास्को,(ईएमएस)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को मास्को में भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर चर्चा होगी, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करना है।

द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित यह सत्र 19 से 21 अगस्त तक रूस की उनकी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।विदेश मंत्री भारत-रूस व्यापार मंच को भी संबोधित करेंगे, जहां दोनों पक्ष व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के अवसरों पर विचार-विमर्श करेंगे। जयशंकर की यह यात्रा रूसी संघ के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इस यात्रा के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, डॉ एस जयशंकर 19-21 अगस्त 2025 को रूस की आधिकारिक यात्रा करेंगे और 20 अगस्त 2025 को होने वाले भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के 26 वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे।

## ट्रंप ने यूक्रेन को दिया झटका- अमेरिकी सेना भेजने से किया इनकार

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को शांतिदूत बताते हुए लगातार बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन किया, फिर वाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की। इस अहम बैठक के बाद ट्रंप ने दो महत्वपूर्ण बातें कही। पहली ये कि वे पुतिन और जेलेंस्की की आमने-सामने बैठक की व्यवस्था कर रहे हैं। दूसरी-शांति समझौते के बाद यूक्रेन को अमेरिका और यूरोपीय देशों से सुरक्षा गारंटी मिलेगी। हालांकि, ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वे अमेरिकी सेना को यूक्रेन की धरती पर नहीं उतारेंगे, बल्कि हवाई सुरक्षा प्रदान करेंगे। 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से यूक्रेन को अरबों डॉलर की अमेरिकी सहायता के कट्टर आलोचक रहे ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय देश किसी भी समझौते को सुरक्षित करने के लिए अपनी सेना को जमीन पर उतारने को तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि फ्रांस, जर्मनी, यूके जैसे कुछ देश जमीन पर सेना उतारना चाहते है। हम उनकी मदद करने को तैयार हैं, खासकर हवाई मार्ग से। जब उनसे पूछा गया कि अमेरिकी सेना नहीं भेजने का क्या आश्वासन है, तो ट्रंप ने जवाब दिया कि आपको मेरा आश्वासन है, मैं राष्ट्रपति हूं। वहीं, वाइट हाउस ने भी ट्रंप के बयानों का समर्थन किया। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने मीडिया से कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अमेरिकी सेना यूक्रेन में जमीन पर नहीं होगी, और अमेरिकी वायु शक्ति का उपयोग एक विकल्प और संभावना है।

## आ गया नया फीचर, व्हाट्सऐप यूजर्स कॉल को पहले से ही कर सकेंगे शेड्यूल

सैन फ्रांसिस्कों (ईएमएस)। व्हाट्सऐप में एक नया शेड्यूल सेल फीचर आ गया है। इस फीचर के जरिए अब व्हाट्सऐप यूजर्स कॉल को पहले से ही शेड्यूल कर सकते हैं। फीचर एंड्रॉयड और आईओएस दोनों यूजर्स के लिए है। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप धीरे-धीरे एमएस टीम और जूम जैसे फीचर्स ला रहा है। पहले से ही कई ऑफिस में कॉल और ग्रुप चैट्स के लिए व्हाट्सऐप का यूज हो रहा है, क्योंकि लोग इस पर ज्यादा सक्रिय हैं। अब शेड्यूल कॉल जैसे फीचर इसे ऑफिस वालों के लिए और भी उपयोगी बना देंगे। आप पहले से ही कॉल शेड्यूल कर सकते हैं। यूजर्स ग्रुप या फिर किस एक व्यक्ति के साथ कॉल शेड्यूल कर सकता है। व्हाट्सऐप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में बताया है कि यूजर्स कॉल्स टैब में अपनी सभी अपकमिंग कॉल्स को देख और मैनेज कर सकते हैं।

# पाकिस्तान से मैच के सवाल पर बीसीसीआई मैनेजर बोले, चयन से जुड़ा सवाल ही पूछें





मुम्बई (ईएमएस)। एशिया के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के चयन को लेकर हुई पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल से चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर और भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव असहज हो गये। इस पत्रकार ने पूछा कि वर्तमान समय के तनावपूर्व माहौल में भारतीय टीम 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ होने वाले मैच को खेलेगी या नहीं। ऐसे में अगरकर और सूर्यकुमार जवाब देते इससे पहले ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मीडिया मैनेजर ने कहा, 'रुकिए अभी आप चयन से जुड़ा हुआ कोई सवाल ही पूछ सकते हैं अन्य सवाल नहीं।'

गौरतलब है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर प्रशंसकों का विरोध बढ़ता रहा है। कई लोग इस मैच के बहिष्कार की मांग कर रहा है। उनका कहना है कि जिस प्रकार पाक ने पहलगाल में आतंकी हमला कराया उसको देखते हुए पाक से कोई मैच नहीं खेलना चाहिये। संसद में भी यह मामला उठा है। कई सांसदों ने इस मैच को रद्द करने की मांग की है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय टीम ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसके तहत ही भारत ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी अड्डों पर हमले किये थे जिसमें कई आतंकी मारे गये थे। जिसके बाद पाक सेना ने भारत पर ड्रोन हमले किये थे जो भारतीय एयर डिफेंस ने नष्ट कर दिये थे। हाल ही में रिटायर्ड क्रिकेरों की लीग में भी इंडिया चैम्पियंस टीम ने पाक से मैच का बहिष्कार किया का।

### शुभमन को सूर्यकुमार के उत्तराधिकारी के लिए तैयार कर रहा बोर्ड

अगले माह 9 सितंबर से शुरु हो रहे एशिया कप के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को उपकप्तान बनाये जाने से साफ हो गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति उन्हें भविष्य में कप्तानी संभालने के लिए तैयार करना चाहती है। इसी कारण यशस्वी जायसवाल की जगह उन्हें टीम में शामिल किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन को चयनकर्ताओं ने यशस्वी के मुकाबले अधिक वरीयता दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार 25 साल के शुभमन ने भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट टीम की कप्तान करते हुए 700 से ज्यादा रन बनाये थे। भारतीय टीम ने सीरीज में भी वापसी करते हुए उसे 2-2 पर रोक दिया था। इसी को देखते हुए गंभीर और चयनकर्ता उन्हें अब टी20 में भावी कप्तान के रूप में तैयार करना चाहते हैं। यही कारण है कि उन्हें अक्षर पटेल की जगह उप-कप्तान बनाया गया है।

सूर्यकुमार अब 35 साल के होने के करीब हैं। जिसको देखते हुए भी शुभमन को उनके साथ उप-कप्तान के रूप में शामिल करने किया गया है। जिससे वह भविष्य में इस प्रारुप की भी कप्तानी संभाल सकें। गौरतलब है कि शुभमन ने अब तक 21 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने पिछले साल हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों में भारत की कप्तानी की थी और उनमें से चार में जीत हासिल की थी। वहीं सूर्यकुमार ने अब तक 23 टी20 अंतरराष्ट्री मैचों में भारत की कप्तानी करते हुए 18 मुकाबले जीते है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम केवल 4 मैच ही हारी है।

### रिंकू सहित इन इन चार खिलाड़ियों को अंतिम ग्यारह में जगह मिलने की संभावना नहीं

एशिया कप के लिए मंगलवार को भारतीय टीम की घोषणा हुई है। 15 सदस्यीय भारतीय टीम में चार खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें टीम में जगह तो मिल गयी है पर अंतिम ग्यारह में जगह मिलना संभव नहीं दिखता। ये हैं रिंकू सिंह, हर्षित राणा और संजू सैसमसन।

रिंकू सिंह और शिवम पांडेः रिंक एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं पर उन्हें अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाना इसलिए कठिन है क्योंकि टीम संयोजन इससे बिखर जाएगा। टीम के पास पहले से ही हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल जैसे फिनिशर हैं। ऐसे में रिंकू और शिवम को तभी जगह मिली सकती है जब कोई खिलाड़ी फिटनेस कारणों से बाहर हो जाये। वहीं हार्दिक जैसे ऑलराउंडर के होते शिवम को किसी भी प्रकार से जगह मिलना संभव नहीं है।

हर्षित राणाः तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की जगह अंतिम ग्यारह में पक्की है। ऐसे में हर्षित को शायद ही जगह मिले क्योंकि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका निभा सकते।

बैक अप्सः संजू सैमसन, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, हर्षित राणा

एशिया कप के लिए भारतीय टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव.

## पिछले टी20 विश्वकप के बाद से ही टीम में आये कई बदलाव, कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं किये गये

मुम्बई (ईएमएस)। टी20 विश्व कप 2024 के बाद से ही भारतीय टीम में काफी बदलाव आया है। अब एशिया कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। उसमें काफी अंतर नजर आया है। टीम में रोहित शर्मा , विराट कोहली से सहित कई खिलाड़ी इस बार नहीं हैं। । भारतीय टीम टीम का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई ने यूएई में नौ सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, इसके बावजूद कई बड़े नाम पीछे छूट गए हैं। भारतीय टीम ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व खिताब जीता था। रोहित की कप्तानी में भारतीयस टीम ने 17 साल बाद ट्रॉफी अपने नाम की थी। हालांकि चैंपियन बनने के साथ ही रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया, जिसके बाद सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया गया। टी20 विश्व कप के बाद पहली बार भारतीय टीम टी20 प्रारूप में बड़े टूर्नामेंट में खेलने उतरेगी, ऐसे में दोनों टीमों की तुलना की जाए तो कई खिलाड़ी भारतीय दल में जगह नहीं बना पाए हैं। टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम में रोहित शर्मा कप्तान थे, जबकि हार्दिक पांड्या को उपकप्तान बनाया गया था पर करीब एक साल बाद एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं और शुभमन गिल उपकप्तान बनाए गए हैं। बता दें शुभमन पिछले साल खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में थे। पिछले टी20 विश्व कप और एशिया कप दल की तुलना की जाए, तो विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने इस प्रारुप से संन्यास ले लिया है। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज भी स्क्वॉड में शामिल नहीं है। ऋषभ चोट के कारण टीम से बाहर हैं। जबकि सिराज को आराम दिया गया है। वहीं चहल को हटाया गया हैं, जबकि जायसवाल स्टैंबाय की सूची में हैं। टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम ने कुल पांच टी20 सीरीज खेली है, जिसमें चार में सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी की है। रोहित के संन्यास के बाद सूर्यकुमार यादव को कप्तान चुना गया था। हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में आराम दिए जाने के कारण शुभमन गिल ने टीम की कमान संभाली थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पिछले साल जुलाई में टी20 मैच खेला था लेकिन उसके बाद से वह टी20 टीम का हिस्सा नहीं थे। इस दौरान अक्षर पटेल टीम के उपकप्तान थे हालांकि एशिया कप के लिए उन्हें कप्तानी से बाहर कर दिया गया था।

## एशिया कप हॉकी में भाग नहीं लेगी पाकिस्तान टीम : एशियाई महासंघ

नई दिल्ली (ईएमएस)। एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान की हॉकी टीम बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से शुरु होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंटे में भाग नहीं लेगी। हॉकी महासंघ के अनुसार पाक हॉकी महासंघ ने सुरक्षा कारणों से टीम भेजने से इंकार कर दिया है। की पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और एशियाई हॉकी महासंघ को इसकी जानकारी दे दी थी। उसका कहना है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए भारत में टीम भेजना संभव नहीं है। राजगीर में 29 अगस्त से सात सितंबर तक चलने वाले एशिया कप में अब पाकिस्तान की जगह बंगलादेश को शामिल किया गया है। एशिया कप 2025 की चैंपियन टीम को नीदरलैंड और बेल्जियम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले 2026 एफआईएच हॉकी विश्वकप के लिए भी सीधा प्रवेश मिलेगा। पाकिस्तान को इसमें भाग नहीं लेने से अब विश्वकप के लिए सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा। हैं।

### ला लिगा लीग : एमबाप्पे के गोल से रियाल मैड्रिड ने ओसासुना को हराया

मैड्रिड (ईएमएस)। स्टार फुटबॉलर काइलियन एमबाप्पे के शानदार गोल से रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले ही मैच को जीत लिया है। एमबाप्पे ने अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी के जरिये ये गोल दागा। इससे उनकी टीम ने ला लिगा लीग के अपने पहले मैच में ओसासुना क्लब को 1-0 से पराजित किया। एमबाप्पे पिछले सत्र में ही रियाल में आये हैं। एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। । एमबाप्पे ने पिछले सत्र में भी अपनपे क्लब की तरफ से सबसे अधिक गोल किये थे और ये ही प्रदर्शन उन्होंने बनाये रखा।

रियाल मैड्रिड ने इस प्रकार नए सत्र की जीत से शुरुआत की है। वहीं एक अन्य मुकाबले में बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का को 3-0 हराया। गत सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। वहीं ओसासुना नौवें स्थान पर रहीं थी।

### पत्नी के ट्रोल होने पर निराशा होती थी : इरफान पठान

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान इस बात से नाराज हैं कि उनकी पत्नी सफा बेग को काई बार ट्रोल किया गया है। कभी नेल पॉलिश लगाने पर तो कभी ब्लर फोटो पोस्ट करने पर। इरफान प्रयास करते हैं कि वह और उनकी पत्नी किसी विवाद में न आये। इसलिए ट्रॉलर्स को कोई जवाब नहीं देते पर पत्नी को निशाना बनते उनके लिए काफी काफी होता है। पठान ने अपनी पत्नी को घर की नेता बताया और कहा, अगर कोई मेरे नेता के बारे में कुछ कहेगा तो अच्छा नहीं लगेगा। साथ ही कहा कि सफा की ट्रोलिंग बिल्कुल हुई है जिसके बाद उन्होंने उसे कमेंट पढ़ने से मना कर दिया था। इरफान ने कहा कि वह कई बार पारिवारिक पलों को खुलकर साझा करना चाहते हैं हर दिन परिवार की तस्वीर पोस्ट करूं पर बाद में रुख जाते हैं क्योंकि उन्हें अपनी प्राइवेसी काफी पसंद है। इरफान ने कहा कि अपने करियर की शुरुआत में उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा हालांकि उनका प्रदर्शन ठीक रहा था।

### सात बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ यूएई जाएगी टीम

मुम्बई (ईएमएस)। 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए घोषित 15 सदस्यीय भारतीय स्क्वॉड काफी अच्छी नजर आती है। इसमें सात बाएं हाथ के खिलाड़ियों को भी 15 सदस्यीय दल में रखा गया है। चयन समिति ने छह-छह लेफ्ट हैंडर्स के साथ-साथ तीन धाकड़ यूएई की धीमी पिच से स्पिनरों को मिलने वाली सहायता को देखते हुए तीन विश्व स्तर के स्पिनर भी टीम में शामिल हैं। टीम के पास हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे बेहतरीन ऑलराउंडर भी हैं। यूएई की पिच काफी धीमी मानी जाती है। ऐस में यहां स्पिनरों को काफी टर्न मिलता है और बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं होता। ऐसे में बांए हाथ वाले बल्लेबाज अहम भूमिका निभाते हैं क्योंकि स्पिनर्स की लय खराब करना उन्हें अच्छी तरह से आता है। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं।

### आजम और मोहम्मद रिजवान अब पाकिस्तान के प्रमुख खिलाड़ी नहीः मोहम्मद हफीज

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के लिए खराब दौर चल रहा है। इन दोनो की ही जरुरत लगता है पाक क्रिकेट को नहीं रही। इसी कारण एशिया कप के लिए टीम में जगह नहीं दिये जाने के बाद इन दोनो को केन्द्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया गया है। पाक के ही एक पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने कहा है कि अब ये दोनो पाक क्रिकेट के लिए जरुरी नहीं रहे। हफीज ने कहा, इन दोनो को अब प्रमुख खिलाडी नहीं कह सकते। प्रमख खिलाड़ी वे होते हैं जो पाकिस्तान के लिए मैच जीतते है। हफीज ने कहा कि टीम को बड़े नामों पर निर्भर रहने की जगह पर युवाओं को आगे लाना होगा। उन्होंने कहा, अगर हम पिछले डेढ़-दो सालो पर नजर डाले तो लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सलमान अली आगा, सैम अयूब और हसन नवाज है। हम उनके बारे में बात क्यों नहीं कर रहे है। ये मौजूदा खिलाड़ी है जो पाकिस्तान के लिए मैच जीत रहे है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि बाबर और रिजवान को टीम में अपनी स्थिति को लेकर चिंतित होने की जरूरत है। उन्हें पहले अपने को एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में साबित करना होगा। प्रमुख खिलाड़ी बाद में आते है। दोनो पहले अच्छे थे लेकिन अब वे परिणाम नहीं दे पा रहे है। हफीज ने बताया कि पाकिस्तान के गेंदबाजो ने भी हाल ही में मैच विजेता प्रदर्शन नहीं किया है। हफीज ने कहा, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी के लिए भी यही बात लागू होती है। वे भी पाकिस्तान के लिए मैच विजेता नहीं रहे।



यूक्रेनी एथलीट बेख रोमानुक को टेस्टटोस्टेरॉन के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।

# श्रेयस और यशस्वी को बेहतर प्रदर्शन के बाद भी बाहर करना दुखद : अश्विन





चेन्नई (ईएमएस)। पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने एशिया कप के लिए बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को शामिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी है। अश्विन ने कहा कि श्रेयस को शामिल नहीं किया जाना दुखद है। इससे प्रशंसक भी निराश हैं। अश्विन ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी बाहर रखे जाने पर भी सवाल उठाया है और कहा है कि उन्हें बेहतर प्रदर्शन के बाद भी जगह नहीं मिलना समझ से परे है। अश्विन ने कहा, 'चयन ऐसा काम है जिसमें कोई तो बाहर रहेगा ही। जब आप उनसे बात करते हैं तो उनके चेहरों की निराशा और दुख को महसूस कर सकते हैं। उम्मीद है कि किसी ने श्रेयस और जायसवाल से बात की होगी।' अश्विन ने कहा, 'जब आपके पास तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में यशस्वी है तो भी आप शुभमन गिल को लेकर आए। मैं शुभमन के लिए खुश हूं पर श्रेयस और यशस्वी के लिए दुखी हूं। दोनों के साथ अच्छा नहीं हुआ।' उन्होंने कहा, 'श्रेयसा ने टीम से बाहर होने के बाद भी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार बल्लेबाजी की थी। अगर श्रेयस को बाहर किये जाने का जवाब यह है कि शुभमन शानदार फॉर्म में है तो श्रेयस भी है। इसलिए उसे भी जगह मिलनी चाहिये थी। यशस्वी इंग्लैंड में अंतिम मैच में कठिन पिच पर शानदार पारी खेली थी इसके बाद भी उसे बाहर कर दिया गया। ' अश्विन ने कहा, 'श्रेयस की क्या गलती है। उसने केकेआर को आईपीएल जिताया. उसे नीलामी में भेज दिया गया. उसके बाद वह 2014 के बाद पहली बार पंजाब को फाइनल तक ले गया। उसने शॉर्टगेंद की अपनी कमजोरी भी दूर कर ली। इसलिए मैं उसे और यशस्वी को शामिल नहीं किये जाने से निराश हूं। ' वहीं पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने भी चयनकर्ताओं के फैसले की निंदा करते हुए कहा कि यह संकेत है कि अब टी20 क्रिकेट में श्रेयस के लिए काफी कम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, 'श्रेयस 20 सदस्यीय टीम में क्यो नहीं हैं। इससे साफ है कि वह भविष्य की योजनाओं को हिस्सा अब नहीं रहा। '

### एशिया कप से सिराज को बाहर रखन गलत : हरभजन

पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने तेज गेंदबाज मोहम्म सिराज को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किये जाने पर निराशा जतायी है। हरभजन ही नहीं कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों ने भी सिराज को बाहर रखे जाने पर नाराजगी जतायी है। एशिया कप का यह संस्करण टी20 प्रारुप में खेला जाएगा। सिराज ने टी20 विश्व कप 2024 में भारत के लिए आखिरी बार टी20 मैच खेला था। इसके बाद से वह टी20 के लिए शामिल नहीं किये गये हैं। हरभजन ने कहा, मुझे लगता है कि सिराज का नाम भी शामिल होने चाहिए। सिराज ने हाल ही में इंग्लैंड में समाप्त हुई सीरीज में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने इंग्लैंड में काफी गेंदबाजी की भी पिछले कुछ दिनों में उन्हें आराम भी मिल गया है। इसलिए उन्हें रखा जा सकता है। अगर वह टीम में होते, तो टीम मजबूत दिखती। गेंदबाजी ईकाई बहुत मजबूत दिखती। मुझे लगता है कि सिराज जो एक्स फैक्टर लेकर आते हैं, वो कहीं दिख नहीं रहा। इससे पहले चयन समिति मुंबई ने टीम की घोषणा में सिराज को आराम दिये जाने की बात कही। वह इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैच खेलने वाले एकमात्र तेज गेंदबाज थे और उन्होंने सीरीज में कुल 185.3 ओवर गेंदबाजी की। उन्हें इस साल चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं मिली थी

### हर्षित राणा को एशिया कप के लिए शामिल किया जाना गलत : श्रीकांत

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णम्माचारी श्रीकांत ने एशिया कप 2025 के लिए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किये जाने की आलोचना करते हुए कहा कि ये एक गलत फैसला है। श्रीकांत के अनुसार राणा ने आईपीएल में भी अच्छी गेंदबाजी नहीं की थी। श्रीकांत ने कहा कि राणा की टीम में जगह नहीं बनती थी क्योंकि पिछले कुछ समय में मोहम्मद सिराज ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। राणा के चयन पर श्रीकांत ने नाराजगी दिखाते हुए पूछा वह बीच में कैसे आया ? आईपीएल में उसका प्रदर्शन बेकार था। उसे मैनेज किया जा रहा है। आईपीएल में उसका इकॉनमी रेट 10 का था। साथ ही कहा कि इस प्रकार के फैसले से आप मोहम्मद सिराज को क्या संदेश दे रहे हैं? श्रीकांत ने टीम के संयोजन पर भी सवाल उठाये और उन्होंने कहा कि ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह वाशिंगटन सुंदर जैसे किसी खिलाड़ी को टीम में होना चाहिए था। उन्होंने कहा, वे तिलक वर्मा को छठा गेंदबाज बनाएंगे। साथ ही सवाल किया कि क्या अभिषेक शर्मा आपके छठे गेंदबाज होंगे या शिवम दुबे? उन्होंने आईपीएल में शायद ही कोई गेंदबाजी की हो।

## पृथ्वी ने बुची बाबू टूर्नामेंट में महाराष्ट्र की ओर पहले ही मैच में शतक लगाया

चेन्नई (ईएमएस)। लंबे समय से खराब फार्म से परेशान पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए बुची बाबू इनविटेशनल टूर्नामेंट में शतक लगाया है। पृथ्वी ने कुछ दिन पहले ही मुंबई टीम को छोड़ा था। पृथ्वी की शानदार बल्लेबाजी से महाराष्ट्र की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ 200 रन ही पार कर पाई। पृथ्वी ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 141 गेंद में 111 रन बनाये। इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया। इससे महाराष्ट्र ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 217 रन बनाए। वहीं छत्तीसगढ़ की पहली पारी में 252 रन बना पायी थी। पृथ्वी ने सचिन धास के साथ पहले विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की पर इसके बाद चार विकेट जल्दी-जल्दी खो दिये। ऋतुराज गायकवाड़ और अंकित बावने के जल्दी आउट होने के बाद पृथ्वी ने पांचवें विकेट के लिए सिद्धार्थ म्हात्रे के साथ 57 रन बनाये। शतकीय पारी खेलते के बाद पृथ्वी शॉ ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी की सहानुभूति नहीं चाहते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को है स्मिथ और मैक्सवेल के विकल्पों की तलाश



सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि साल 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम को अभी से बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों के विकल्प तलाशने होंगे। इसके साथ ही तय रणनीति के अनुसार तैयारियां करनी होंगी। स्मिथ और मैक्सवेल ने चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद ही एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया था। इन दोनो का विकल्प तलाशना आसान नहीं है क्योंकि स्मिथ लंबी बारी खेलने वाले बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वहीं मैक्सवेल गेंद औरा बल्ले दोनो से ही अहम भूमिका निभाते हैं। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से ही खिलाड़ियों पर नजर रखनी होगी। मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल ओवेन और लांस मौरिस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में किन खिलाड़ियों को स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल की जगह मौका दिया जाए। ये सवाल इस सीरीज के अलावा आने वाली सीरीजों में भी ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का कारण होगा। मार्नस लाबुशेन एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे, क्योंकि अनुभवी बल्लेबाज भी टीम में होना चाहिए।

हालांकि, वे टेस्ट टीम से बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया को अब उनको कूपर कोनोली, आरोन हार्डी और मैट कुहनेमैन पर भरोसा करना होगा। इनमें से जिस भी खिलाड़ी को इस सीरीज में मौका मिलेगा और वह इन अवसरों का लाभ उठाना चाहेगा और स्मिथ और मैक्सवेल की जगह वह टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करेगा। वहीं दूसरी ओर अफ्रीका की टीम के लिए बेहतर हालत में है। उसके पास हेनरिक क्लासेन की जगह मध्यक्रम में डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज है, जो टी20 में धाक जमान के बाद वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करेगा।

## कोच की भूमिका में नजर आयेंगे आरोन

हैदराबाद (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के अगले सत्र के लिए पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को अपना गेंदबाजी कोच बनाया है। वह 2026 सत्र के लिए न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। आरोन ने साल 2011 से साल 2015 के बीच भारतीय टीम की ओर से नौ टेस्ट और उतने ही एकदिवसीय मैच खेले थे। आरोन ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में खेल था। झारखंड के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने के बाद इस खिलाड़ी ने संन्यास ले लिया था। इस क्रिकेटर ने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ के साथ एक कोच के रूप में भी काम किया है। आरोन ने एक तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। वह 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के कारण सभी की नजरों में आये पर उसी दौरा उभरे उमेश यादव विकेट लेने की अपनी क्षमत के कारण चयनकर्ताओं की पहली पसंद बन गये ओर आरोन पीछे होते गये। उमेश ने जहां देश के लिए 50 से अधिक टेस्ट के साथ ही सीमित ओवरों के कई मुकाबले खेले।

# रोहित ही रहें 2027 एकदिवसीय विश्वकप तक कप्तान : रायुडू





हैदराबाद (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि एकदिवसीय विश्व कप 2027 के लिए रोहित शर्मा को ही भारतीय टीम का कप्तान रहना चाहिये। रायुडू ने कहा है कि वह साल 2027 तक खेलने के लिए फिट नजर आते हैं। रायुडू के अनुसार विश्व कप जिताने की क्षमता रोहित में है। वह काफी अनुभवी हैं और विश्व कप के लिए ऐसे ही खिलाड़ी की जरुरत है। रायुडू ने कहा, "आपको देखना होगा कि कौन आपको विश्व कप जिता सकता है। अगर रोहित की कप्तानी ऐसा कर सकती है, तो उन्हें 2027 तक कप्तानी जारी रखनी चाहिए। साथ ही कहा कि एकदिवसीय में अब भी रोहित की जगह कोई नहीं ले सकता, उनकी कप्तानी, उनकी बल्लेबाजी और उनका आत्मविश्वास बेहद अहम हैं। इसलिए मेरे अनुसर 2027 के विश्व कप में रोहित को ही कप्तान होना चाहिए।"

रोहित ने अब तक भारतीय टीम को दो बार आईसीसी ट्रॉफी में जीत दिलायी है। 2024 का टी20 वर्ल्ड कप और 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी कप्तानी में भारत जीता है। हालांकि, 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम हारी थी पर टी20 विश्वकप ओर चैम्पियंस ट्रॉफी जीतना भी बड़ी उपलब्धि है। रोहित ने टी20 विश्व कप 2024 के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट और इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि वह 2027 विश्व कप तक अपनी फिटनेस कैसे बनाये रख पायेंगे क्योंकि तब तक उनकी उम्र भी 39 साल के करीब हो जाएगी।

### बुमराह के समर्थन में उतरे चेतन शर्मा

पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के प्रमुख रहे चेतन शर्मा ने कहा है कि कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड दौरे में केवल तीन मैच ही खेलने के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की आलोचना करना ठीक नहीं है। चेतन ने बुमराह का बचाव करते हुए कहा कि उनका फैसला सही था। जब फिजियो ने उन्हें सावधानी रखने को कहा है तो उसकी बात माननी चाहिये क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझ सकते हैं। बुमराह पांच मैच की एंडरसन-तेंदुलरकर ट्रॉफी के दौरान पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले थे। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि ये किसी मरीज के डॉक्टर की सलाह मानने की तरह है। साथ ही कहा कहा, ''अगर मेडिकल टीम सलाह देती है, अगर डॉक्टर मुझे कहता है कि मुझे एंटीबायोटिक खाने होंगे तो मुझे ऐसा करना होगा , इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, ''यदि हमारे फिजियो किसी खिलाड़ी को काम के बोझ के प्रबंधन के लिए कह रहे हैं तो मुझे लगता है कि हमें उनकी बात सुननी चाहिए क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझते हैं।''

# रूस बोला- हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं: भारत को 5% डिस्काउंट में दे रहे, अमेरिका के दबाब को गलत बताया



**नई दिल्ली:** रशियन ऑयल खरीदने के चलते भारत पर बनाए जा रहे अमेरिकी दबाव को रूस ने गलत बताया है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने कहा- भारत इस बात को समझता है कि तेल आपूर्ति को बदलने का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि रूसी तेल भारत के लिए बहुत फायदेमंद है। भारत के लिए रूसी कच्चे तेल पर डिस्काउंट लगभग 5% है। रोमन बाबुश्किन ने कहा- भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमें भारत के साथ अपने संबंधों पर विश्वास है। हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूस के दूतावास ने ये भी कहा कि "अगर भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में नहीं जा सकते, तो वे रूस की तरफ जा सकते हैं। दरअसल, अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीदने के चलते 50% टैरिफ लगाया है। इससे अमेरिका में भारत के सामान महंगे हो जाएंगे।

### अमेरिका बोला-भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव बनाना

अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने इस बात की जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसमें 25% रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25% पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो।

### रूस से तेल खरीदने पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए थे। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा।

### सस्ते रूसी तेल से भारतीय तेल कंपनियों का मुनाफा बढ़ा

वित्त वर्ष 2020 में भारत अपनी जरूरत का केवल 1.7% तेल रूस से आयात करता था। ये हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 35.1% हो गई है। रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा ऑयल कंपनियों के मुनाफे पर भी दिखा है। कंपनियों की फाइलिंग के मुताबिक...

- 2022-23 में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कुल मुनाफा 3,400 करोड़ था।
- 2023-24 में इन तीनों सरकारी कंपनियों का मुनाफा 25 गुना बढ़ गया। तीनों ने मिलकर 86,000 करोड़ रुपए कमाए।
- 2024-2025 में इन कंपनियों का मुनाफा कम होकर 33,602 करोड़ रुपए हो गया, लेकिन ये 2022-23 के मुनाफे से ज्यादा है।

# ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी ओला इलेक्ट्रिक



नई दिल्ली (ईएमएस)। दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक साल 2027 में अपनी बहुप्रतीक्षित ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी। यह बाइक 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार मात्र दो सेकंड में पकड़ सकती है। इसमें ओला का विशेष मूव ओएस ऑपरेटिंग सिस्टम, सेल्फ-ड्राइविंग फीचर और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए कृत्रिम सिलिकॉन मिलेगा, जिससे यह पूरी तरह स्मार्ट मशीन बन जाएगी। इसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये तक हो सकती है। ओला डायमंडहेड को हल्के लेकिन बेहद मजबूत एयरो लाइट मटेरियल से बनाया गया है, जिसमें एक्टिव एयरोडायनेमिक्स तकनीक दी गई है। यह न केवल हवा के प्रवाह को नियंत्रित करके बाइक को तेज गति से चलने में मदद करती है, बल्कि स्थिरता भी बनाए रखती है।

बेहतर नियंत्रण के लिए इसमें हब-सेंटर्ड स्टीयरिंग लगाया गया है, जो फुल स्पीड पर भी राइड को संतुलित रखेगा। यह ई-बाइक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) से लैस होगी, जिसमें रियल-टाइम अलर्ट, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग, एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। राइडर को एक स्मार्ट एआर हेलमेट भी मिलेगा, जो सड़क और ट्रैफिक की सटीक जानकारी प्रदान करेगा।

लंबी दूरी की राइड के लिए इसे एक्टिव एर्गोनॉमिक्स के साथ डिजाइन किया गया है। सड़क की स्थिति के अनुसार इसका सस्पेंशन अपने आप एडजस्ट होगा। राइडर के स्वास्थ्य और राइड डेटा पर नज़र रखने के लिए स्मार्ट वियरेबल्स भी उपलब्ध रहेंगे। साथ ही एक्सट्रीम फास्ट चार्जिंग तकनीक इसे कुछ ही मिनटों में चार्ज कर देगी। ओला का कहना है कि डायमंडहेड सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य को परिभाषित करेगी।

# मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधान को फिर से लागू करने पर विचार कर रही सरकार

### -इसका मकसद होगा कारोबारी अप्रत्यक्ष कर का फायदा उपभोक्ताओं को दें

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सरकार जीएसटी व्यवस्था में प्रस्तावित सुधार के बाद मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों को कुछ समय के लिए फिर से लागू करने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट में एक सरकारी अधिकारी के वाले से जानकारी दी गई है कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कारोबारी अप्रत्यक्ष कर का फायदा उपभोक्ताओं को दें। अधिकारी ने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया है कि केंद्र सरकार बाजार से संचालित मूल्य निर्धारण के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अनुचित मुनाफाखोरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अगर कंपनियां कर दरों में कमी के अनुरूप अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम नहीं करेंगी तो ऐसा हो सकता है। हम दो साल तक मुनाफाखोरी-रोधी उपायों को लागू करने की योजना बना रहे हैं ताकि कारोबारी दरों में कमी के लाभ को अपनी जेब में न रखें।

बता दें मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों को सबसे पहले 2017 में लागू किया गया था। उस समय जीएसटी ने कई अप्रत्यक्ष करों को बदल दिया था और कई वस्तुओं पर कर की दरें कम हो गई थीं। केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 171 के तहत लाए गए इन नियमों का उद्देश्य यह तय करना था कि कारोबारी कर की दरों में कमी और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। समय के साथ-साथ इसका दायरा एमआरपी से आगे बढ़कर एफएमसीजी, आतिथ्य सेवा और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में लगातार दर में कटौती और आईटीसी लाभों को कवर करने तक विस्तृत किया गया।

सरकार ने इन नियमों के साथ मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) की स्थापना भी की थी। इसका काम उन कंपनियों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना था जो कर की कम दरों का फायदा उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा रही थीं। इसके अलावा किसी भी अनियमित एवं अनुचित मुनाफाखोरी गतिविधियों को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) का गठन किया गया था। दिसंबर 2022 में एनएए के विघटन के बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को ही मुनाफाखोरी-रोधी मामलों को संभालने की जिम्मेदारी दी गई।

अक्टूबर 2024 से यह क्षेत्राधिकार जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) दिल्ली के प्रधान पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया। जीएसटीएटी के प्रधान पीठ का क्षेत्राधिकार देश भर के लिए है। वह जीएसटी एवं मुनाफाखोरी-रोधी मामलों में आपूर्ति के स्थान के लिए अखिल भारतीय मामलों की सुनवाई करता है। हाल में इसने सबवे फ्रेंचाइजी, मेसर्स अर्बन एसेंस के खिलाफ मुनाफाखोरी-रोधी फैसले को भी बरकरार रखा है। उसमें कहा गया था कि रेस्तरां सेवाओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देकर मुनाफाखोरी की गई थी।

## नए लुक में लॉन्च हुई टाटा पंच ईवी, नए कलर के साथ एडवांस फीचर्स भी

नई दिल्ली,(ईएमएस) टाटा मोटर्स की सबसे पॉपुलर और किफायती इलेक्ट्रिक कारों में से एक टाटा पंच ईवी अब नए लुक में बाजार में आ गई है। अपनी फ्यूचरिस्टिक डिजाइन और एडवांस फीचर्स के लिए पंच ईवी अब दो नए कलर के साथ बाजार में उपलबध है। साथ ही कंपनी ने इसकी चार्जिंग स्पीड में भी सुधार किया है, जिससे यह कार पहले से ज्यादा प्रैक्टिकल और यूजर फ्रेंडली बन गई है।

टाटा पंच ईवी में अब प्यूर ग्रे और सुपरनोवा कॉपर कलर शामिल किया गया है। इन नए शेड्स के जुड़ने के बाद पंच ईवी कुल सात रंगों में बाजार में उपलब्ध होगी। खास बात यह है कि इसके सभी कलर ब्लैक रूफ के साथ डुअल-टोन फिनिश में आते हैं, जो कार को और भी प्रीमियम और स्टाइलिश बना देते हैं। टाटा ने पंच ईवी की डीसी फास्ट चार्जिंग स्पीड को बेहतर बनाया है। जहां पहले इस कार को 10 फीसदी से 80 फीसदी तक चार्ज करने में 56 मिनट लगते थे, अब इसे सिर्फ 40 मिनट में चार्ज किया जा सकेगा। केवल 15 मिनट की चार्जिंग में पंच ईवी करीब 90 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिससे लंबी यात्राओं में यह मददगार साबित होगी।

# पेट्रोल कारों से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक : गुजरात भारत का ऑटोमोटिव हब बनकर उभरा

### वित्त वर्ष 2022-23 में गुजरात के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में रु. 29,700 करोड़ का भारी निवेश

अहमदाबाद (ईएमएस)| भारत में ऑटोमोटिव क्रांति में गुजरात की अहम भूमिका रही है। अपनी रणनीतिक स्थिति, मज़बूत बुनियादी ढाँचे और निवेश-अनुकूल नीतियों के कारण, गुजरात अन्य राज्यों की तुलना में ऑटो कंपनियों की पहली पसंद बन गया है। उत्तर गुजरात की बात करें तो आज सुजुकी मोटर्स गुजरात के कारण यह क्षेत्र भारत में अग्रणी ऑटोमोटिव विनिर्माण केंद्रों में से एक बन गया है। सुजुकी मोटर्स गुजरात ने 7.5 लाख कार इकाइयों की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ गुजरात को एक वैश्विक ऑटो हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सफलता को वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में भी प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर गुजरात के लिए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) 9-10 अक्टूबर, 2025 को मेहसाणा में आयोजित किया जाएगा। गुजरात में ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने 2012 से 2015 के बीच वैश्विक निवेशकों को आकर्षित किया। 2014 में, सुजुकी ने राज्य में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और गुजरात के ऑटो क्षेत्र को गति मिली। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में गुजरात में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिससे रोज़गार के अपार अवसर पैदा हुए हैं। आज, सुजुकी मोटर का गुजरात प्लांट भारत के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माण संयंत्रों में से एक है।

इस संयंत्र ने मेहसाणा के आसपास के ऑटो कंपोनेंट उद्योग में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किया है। इतना ही नहीं, सुजुकी मोटर्स गुजरात ने भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिए 32 अरब रुपये का निवेश करके चौथी उत्पादन लाइन स्थापित करने की भी घोषणा की है। अपने मज़बूत बंदरगाह बुनियादी ढाँचे के कारण, गुजरात वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक रणनीतिक निर्यात केंद्र बन गया है।

2024 में, गुजरात ने दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, जापान, संयुक्त अरब अमीरात और चिली सहित कई देशों को लगभग रु. 3,459 करोड़ मूल्य के ऑटोमोबाइल निर्यात किए। इसके अतिरिक्त, गुजरात ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में रु. 29,700 करोड़ का महत्वपूर्ण निवेश दर्ज किया, जो पिछले पाँच वर्षों में 16.4% की मज़बूत CAGR दर्शाता है।

यानी निवेश 16.4% की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने हाल ही में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक बैटरी प्लांट (रु. 7,300 करोड़) और एक ईवी विनिर्माण सुविधा (रु. 3,100 करोड़) की घोषणा की है, जिससे राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर गुजरात का बेचाराजी एसआईआर (विशेष निवेश क्षेत्र) जिला एक प्रमुख ऑटो-औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरा है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में यह प्रगति दर्शाती है कि गुजरात एक वैश्विक ऑटोमोटिव पावरहाउस के रूप में उभरा है और वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में निवेशकों के लिए यह एक केन्द्र बिन्दु होगा।

## दैनिक पंचांग

**21 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.20 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कन्या | 07.36 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 09.47 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.02 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.23 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.09 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 19.42 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.13 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | वृष | 22.53 बजे से |
| | | मिथुन | 00.51 बजे से |
| | | कर्क | 03.04 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 233 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 12.45 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 00.09 बजे को रात्र समाप्त।
**योग** व्यतीपात 16.14 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 12.45 बजे तदनन्तर विष्टि 00.18 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $12^0$ 06'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872443
**जूलियन दिन** 2460908.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर **तारीख** 26
**विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7383

**बाएँ से दाएँ**
1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**
1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

**शब्द पहेली -7382 का हल**

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6924

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 6923 का हल**

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5868

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | | 2 | |
| | 31 | | 31 | | 28 | 2 |
| 4 | | 1 | | 3 | | |
| 5 | 28 | 6 | 31 | | 39 | 3 |
| | | 4 | | | 7 | |
| 3 | 29 | | 32 | 7 | 40 | 5 |
| | | 3 | 2 | 4 | 7 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5867 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 27 | 7 | 32 | 4 | 34 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 3 | 33 | 5 | 31 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1961 अमरीका और अल सल्बागेर के बीच खाद्यान्न के बारे में एक समझौता हुआ था.

1965 दो अंतरिक्ष यात्रियों गोर्डन कूपर और चार्ल्स कानराड को जेमिनी 5 अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष भेजा.

1972 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम पारित हुआ.

1983 फिलीपींस में विपक्षी नेता बेनिग्नो एक्विनो की विमान से उतरते हत्या कर दी गयी.

1991 सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव ने कट्टरपंथी कम्युनिस्टों की सत्ता पर कब्जे की असफल कोशिश के बाद स्थिति पर अपना नियंत्रण कर लिया.

1997 अफगानिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री अब्दुर रहीम गफ्फूरजाई का विमान दुर्घटना में निधन.

2005 जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादियों सहित 11 लोग मरे.

2007 पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष पद से हटाया।

## गणित पहेली - 5228

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | | | | | | | | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5227**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | ÷ | 2 | - | 5 | x | 2 | = | 40 |
| + | | x | | - | | x | | + |
| 20 | + | 45 | + | 2 | - | 20 | = | 47 |
| - | | - | | + | | - | | - |
| 64 | - | 55 | + | 47 | - | 35 | = | 21 |
| + | | - | | - | | x | | - |
| 30 | x | 3 | - | 40 | ÷ | 2 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 36 | - | 32 | + | 10 | - | 10 | = | 41 / 4 |

## शब्दजाल- 6915

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | मा | प | र | वा | ना | न | ह | क | र |
| हा | म | सू | ह | त | ल | जी | स | ल | मी | ज |
| ग | वी | रा | द | अं | था | त | र | ज | ल | टी. |
| द | र | दा | ज | ल | क | स्तु | ओ | र | सु | अ |
| र | आ | न | ष | ल | म | मी | छ | झे | नो | न |
| प | मी | प | स | जि | स्वा | क | प | ह | स | क |
| के | ह | बु | की | टी | म | मी | टे | न | सु | ही |
| न | पू | सु | पा | खा | पं. | सौ | ल | ब | र | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ती | ने | ने | व | जी | त |
| वा | दा | म | ब | फा | दी | र | ह | ल | क | थ |
| म | ह | न | प | द | य | ह | है | ज | ल | वा |

शब्दजाल में अमिषा पटेल की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

गदर, हमराज, परवाना, सुनो ससुरजी, आप की खातीर, यह है जलवा, वादा, अनकही, तथास्तु, जमीर,

**शब्दजाल - 6914 का हल**

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त खबरें

### बोकारो में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, थाना प्रभारी का सिर फटा



**बोकारो:** जिले में बुधवार की सुबह सड़क जाम हटाने के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई जिसमें सियालजोरी थाना प्रभारी मनीष कुमार का सिर फट गया. जहां से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. दरअसल, झारखंड शोषण मुक्ति उलगुलान मंच पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड स्थित इलेक्ट्रो स्टील वेदांता में रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन कर रहा था. थाना प्रभारी लगातार उन्हें बातचीत के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे. इसी दौरान यह घटना घटी. बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने अलकुशा मोड़ को जाम कर दिया. सूचना मिलने पर सियालजोरी थाना प्रभारी मनीष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की कि सड़क जाम न करें, हम कंपनी से बातचीत करेंगे. इसी बात पर विवाद बढ़ गया और धक्का-मुक्की शुरू हो गई. आंदोलनकारी उग्र हो गए. जिसे देखते हुए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा. इससे कुछ देर के लिए भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई. इसी दौरान थाना प्रभारी को भी चोट लग गई. घायल थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर रखी थी. उन्हें जाम हटाने के लिए समझाया जा रहा था. उन्हें यह भी कहा गया कि उन्हें कंपनी से बात करायी जाएगी. लेकिन वे नहीं माने. इसी बीच किसी ने सिर पर लाठी चला दिया. जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी के घायल होने के बाद भी अलकुशा मोड़ पर आंदोलन जारी है. थाना प्रभारी मनीष कुमार का फिलहाल इलाज चल रहा है. उनके सिर और हाथ में चोटें आई हैं. कुछ आंदोलनकारियों के भी घायल होने की खबर है.

### झारखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली सड़क बनेगी फोरलेन, एनएचएआई ने दी मंजूरी



**पलामू:** झारखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली सड़क फोरलेन बनेगी. सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है. इसका डीपीआर तैयार किया जा रहा है. पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी. इस दौरान उन्होंने गढ़वा से छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज को जोड़ने वाली सड़क को फोरलेन बनाने का आग्रह किया था. पलामू के सांसद को 11 अगस्त को मंत्रालय से एक पत्र मिला था. इसी पत्र में सड़क को फोरलेन बनाने की मंजूरी की जानकारी दी गई है. सांसद विष्णुदयाल राम ने मंजूरी की जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं. दरअसल यह सड़क झारखंड के पलामू, गढ़वा और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर और बलरामपुर को आपस में जोड़ेगी. फिलहाल यह सड़क टू लेन है और जर्जर हालत में है. रोड बन जाने से छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, यूपी की कनेक्टिविटी आपस में आसान हो जाएगी. पलामू सांसद की पहल पर रांची वाराणसी कॉरिडोर को आपस में जोड़ा जाएगा. पलामू सांसद लगातार नेशनल हाइवे और रेलवे को लेकर लोकसभा में भी आवाज उठाते रहे हैं, मंत्री से मुलाकात करते रहे हैं. डीपीआर तैयार होने के बाद गढ़वा-रामानुजगंज रोड के लिए टेंडर निकाला जाएगा और अगले कुछ महीनों में रोड बनकर तैयार हो जाएगा.

### सीसीएल के धोरी क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर



**धोरी:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के धोरी क्षेत्र में एक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके आश्रितों, ठेका श्रमिकों एवं अन्य हितधारकों की लंबित शिकायतों का समाधान करना था। शिविर के दौरान धोरी एवं बीएंडके क्षेत्र की कुल 25 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें मुख्य रूप से सीएमपीएफ, पेंशन, सेवानिवृत्ति संबंधी बकाया भुगतान, नियोजन एवं सेवा से जुड़े मुद्दे तथा ठेका श्रमिकों की समस्याएं शामिल थीं। प्राप्त शिकायतों में से कई का स्थल पर ही समाधान किया गया, वहीं शेष शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निपटारे का आश्वासन दिया गया। कर्मचारियों और हितधारकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान कंपनी के सतत एवं समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, रांची से गौतम चौधरी (मुख्य प्रबंधक, मानव संसाधन/समाधान सेल) एवं तेजविंदर सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन) विशेष रूप से उपस्थित रहे। धोरी क्षेत्र से महाप्रबंधक रंजन कुमार सिन्हा, कुमारी माला (स्टाफ अधिकारी, मानव संसाधन) सहित विभिन्न मजदूर संगठनों के प्रतिनिधिगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# झारखंड के शहरी क्षेत्रों की नदियों का जीर्णोद्धार करने में जुटी सरकार

## नमामि गंगे के तहत पांच शहरी निकायों में चलेगा अभियान

**रांची:** राज्य सरकार के सहयोग से भारत सरकार ने झारखंड समेत देशभर में शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाली नदियों को ना केवल प्रदूषण मुक्त बनाने की योजना बनाई है बल्कि इन्हें उपयोगी बनाने के लिए वृहत कार्ययोजना तैयार की है.

इसके तहत रांची समेत पांच शहरी निकायों को प्रथम चरण में चयनित किया गया है. रांची के अलावा जो शहरी निकाय क्षेत्र का चयन किया गया है. उसमें चास, धनबाद, आदित्यपुर और साहिबगंज शामिल हैं. प्रथम चरण में झारखंड के अलावा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं. जिसमें कुल 27 शहरी नगर निकाय क्षेत्र शामिल हैं. प्रथम चरण में इन शहरी निकाय क्षेत्रों में शामिल नदियों का जीर्णोद्धार किया जायेगा. बात यदि झारखंड की करें तो जिन शहरी निकाय क्षेत्रों को पहले चरण में चयनित किया गया है. इसके तहत गंगा, स्वर्णरेखा, दामोदर सहित कई छोटी बड़ी नदियां शामिल हैं.



**अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार करने में जुटी सरकार:** अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार करने को लेकर 20 अगस्त को कार्यशाला सह बैठक हुई. कार्यशाला को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के उप महानिदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव सहित कई अधिकारियों ने संबोधित किया.

**नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाना:** इस अवसर पर भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के उप महानिदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह कंसेप्ट भारत सरकार के नमामि गंगे और National Institute of Urban affairs ने तैयार किया है. जिसके तहत शहरी क्षेत्र में स्थित नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाकर आम लोगों के उपयोगी बनाना है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि नदियां शहरों को बहुत कुछ देती हैं अब समय आ गया है कि शहर नदियों को कुछ दे.

उन्होंने कहा कि योजना के तहत यह प्रयास किया जाएगा कि जिस तरह से नदियां शहर के अंदर आ रही है उससे बेहतर होकर शहर से बाहर जाए. प्रारंभिक चरण में झारखंड के पांच शहरी निकाय क्षेत्रों को चयनित किया गया है, जहां स्थित नदियों का आठ महीने में जीर्णोद्धार किया जाएगा.

**नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए कराएं आर्थिक सुविधा मुहैया**

**नगर विकास सचिव सुनील कुमार ने कहा कि झारखंड में गंगा करीब 80 किलोमीटर क्षेत्र में बहती है, जिसमें साहिबगंज और राजमहल कवर होते हैं. राज्य सरकार ने केंद्र से मांग की है कि गंगा की कई सहायक नदियों का पानी उसमें समाहित होता है. ऐसे में हम चाहते हैं कि दूसरे राज्य में गंगा का प्रवाह क्षेत्र काफी है लेकिन हमारे यहां जो है, उसमें दूसरी और तीसरी सहायक नदियां उसकी हैं, उसे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत आर्थिक सुविधा मुहैया कराई जाए, जिससे ना केवल हम उन नदियों को स्वच्छ कर सके, बल्कि उससे लाभान्वित होने वाले हर हाउस होल्ड तक इसका लाभ मिल सके.**

# संत जेवियर कॉलेज के केएपी सर्वे टीम को सीईओ झारखंड के रवि ने दिया प्रशिक्षण

## सर्वे मतदाताओं के ज्ञान, दृष्टिकोण को समझने में मदद करता है : के. रवि कुमार

**रांची:** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने संत जेवियर कॉलेज द्वारा राज्य में चुनाव संबंधित ज्ञान, अभिवृत्ति और अभ्यास (केएपी) एंडलाइन सर्वेक्षण के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया और इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीसरे पक्ष की ओर से कराए जाने वाले ऐसे सर्वे मतदाताओं के हित के लिए बनाए जाने वाले नीति निर्देशों में सहायक सिद्ध होते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के सर्वे मतदाताओं की ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार को समझने में मदद करता है। साथ ही मतदान के प्रति उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी का स्तर एवं निर्वाचन प्रणाली में उनकी भागीदारी की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने में सहायक होती है।

इस अवसर पर संत जेवियर कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा अखौरी ने बताया कि संत जेवियर कॉलेज की टीम की ओर से चुनाव संबंधित केएपी सर्वे कराया जा रहा है, जिसमें पांच मास्टर ट्रेनर और 30 जांचकर्ता झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों के रैंडमली चयनित 20 विधानसभा क्षेत्रों के 60 मतदान केंद्रों के लगभग 1800 लोगों से बात करेंगे एवं निर्वाचन से संबंधित जानकारियों के आंकड़ों को इकट्ठा करेंगे।





उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के क्रम में सर्वेक्षणकर्ता मतदाताओं का मतदान में भागीदारी, उनके अधिकारों के प्रति उनकी जागरूकता, मतदाता सूची में सूचीबद्धता एवं मतदान की प्रक्रिया के संबंध में जागरूकता जैसी जानकारियों को एकत्रित करेंगें।

इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अपर निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय सुनील कुमार सिंह, सहित केएपी सर्वे के सर्वेक्षणकर्ता उपस्थित रहे।

### बाघ-हाथी का शिकार करने वाले 9 गिरफ्तार, 8 देसी बंदूक समेत वन्य जीव के अवशेष बरामद



**पलामू:** पीटीआर में बाघ और हाथी का शिकार करने वाले नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से आठ देसी बंदूक, बारूद, बाघ का शिकार करने वाला फंदा एवं वन्य जीव के अवशेष बरामद हुए हैं.

दरअसल, कुछ दिनों पहले पलामू टाइगर रिजर्व में हिरण का शिकार करने वाले आरोपी गिरफ्तार हुए थे. गिरफ्तार आरोपी ने पीटीआर प्रबंधन को बारूद सप्लाई करने वालों की जानकारी दी थी. इसी सूचना के आलोक में पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के नावागढ़ में सरफुद्दीन मियां नामक बारूद सप्लायर को गिरफ्तार किया.

सरफुद्दीन के निशानदेही पर पलामू टाइगर रिजर्व की टीम ने आठ शिकारियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार शिकारी तपेश्वर सिंह, रामसुंदर सिंह झमन सिंह, कइल भुईयां लातेहार के कुई गांव के रहने वाले हैं. जबकि अजीत सिंह और हरिचरण सिंह कारवाई गांव के रहने वाले हैं. रमन सिंह और पारसनाथ सिंह जुरूहार छिपादोहर के रहने वाले हैं.

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि गिरफ्तार तपेश्वर सिंह बाघ, हाथी समेत कई वन्य जीवों का शिकार करने में एक्सपर्ट हैं. बाघ का फंदा उसी के घर से बरामद हुआ है. 10 वर्ष पहले पलामू टाइगर रिजर्व में तपेश्वर सिंह ने गारू जंगल के चंदवा चट्टान में बाघ का शिकार किया था. उन्होंने बताया कि एक बड़े नेटवर्क की जानकारी मिली है. जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है. सभी लोग वर्षों से वन्य जीव का शिकार कर रहे हैं. वहीं, पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि बरामद फंदा 21 सेंटीमीटर का है, जो बाघ के शिकार में इस्तेमाल होता है.

### सड़क दुर्घटना में महिला और नवजात की मौत

**हजारीबाग:** हजारीबाग के रांची-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को टोल प्लाजा और सिरसी गांव के बीच सड़क हादसा हुआ, जिसमें 12 घंटे के एक नवजात और उसकी मौसी की मौके पर मौत हो गई। बच्चे के पिता गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा उस वक्त हुआ, जब नवजात के पिता अपनी पत्नी की बहन और नवजात शिशु को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। इस दौरान एक अनियंत्रित वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे नवजात और उसकी मौसी की मौके पर ही मौत हो गयी।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत की खबर सुनते ही ग्रामीणों मौके पर पहुंचे और शवों को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे रांची-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। इचाक प्रखंड के अंचल अधिकारी (सीओ) रामजी प्रसाद गुप्ता और थाना प्रभारी राजदीप पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत करवा कर जाम खुलवाया।



स्थानीय मुखिया नंदू कुमार ने जिला प्रशासन से मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के कारण ऐसे हादसे अक्सर हो रहे हैं।

### झारखंड के उत्तर पश्चिमी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**रांची:** झारखंड के उत्तर पश्चिमी जिलों में 22 अगस्त को भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज जारी किया है। राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है उनमें पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा शामिल है। विभाग ने 25 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के गोयलकेरा में 36.6 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। इस दौरान रांची में 16.8 मिलीमीटर बारिश की गई। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाया रहा बीच-बीच में हल्की धूप में निकली। रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 31.6, डालटेनगंज में 32.7 डिग्री, बोकारो में 30.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



## नक्सलियों के खिलाफ पुलिस - सीआरपीएफ को सफलता

# पारसनाथ की तराई से बरामद हुआ विस्फोटक

**गिरिडीह:** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है. पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने नक्सलियों द्वारा छिपा कर रखे गए विस्फोटक को बरामद किया है. यह बरामदगी जिले के खुखरा थाना क्षेत्र से हुई है. क्षेत्र पारसनाथ की तराई वाला बताया जा रहा है.



जो जानकारी मिली है उसके अनुसार नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सीआरपीएफ के द्वारा संयुक्त रूप से इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा था. इस बीच गिरिडीह के पुलिस कप्तान डॉक्टर विमल कुमार एवं सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमांडेंट सुनील दत्त तिवारी को यह सूचना मिली थी कि पारसनाथ के जंगल में किसी कांड को कारित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा विस्फोटक छिपाकर रखा गया है.

इस सूचना पर एसपी एवं कमांडेंट के निर्देश पर सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी कुमार ओमप्रकाश सिंह, एएसपी अभियान सुरजीत, सहायक कमांडेंट सीएच तोम्बा सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने पूरे क्षेत्र को खंगालने का काम शुरू किया. इसी दौरान जोकाई नाला के पास विस्फोटक बरामद किया गया.

पूरे मामले की पुष्टि जिले के एसपी डॉ बिमल कुमार ने की है. बताया है कि जोकाई नाला ( चतरो कानाडीह ) के समीप गड्ढे में 300 मीटर कोडेक्स वायर, 13 लीटर एक्सप्लॉसिव केमिकल लिक्विड मिला है. टीम में निरीक्षक जीडी ओमप्रकाश के अलावा जिला पुलिस बल तथा सीआरपीएफ की टीम भी शामिल थी.

यहां बता दें कि जिले के पीरटांड प्रखंड खासकर पारसनाथ का तराईवाला इलाका कभी नक्सलियों की सेफ जोन में शुमार था. यहां नक्सलियों की चहलकदमी आम थी. आए दिन नक्सली घटनाओं को अंजाम देते रहते थे. हालांकि पिछले कुछ वर्षों से नक्सलियों की गतिविधि पर लगाम लगा है. पुलिस और सीआरपीएफ की टीम के संयुक्त प्रयास से इस क्षेत्र से नक्सलियों के पांव लगभग उखड़ ही गए हैं.

यहां यह भी बता दें कि संयुक्त बिहार में नक्सलवाद की पौध इसी क्षेत्र में तैयार हुई थी. 70 के दशक में यहां नक्सलवाद पनपा. यहां के कई लोग संगठन में शामिल होते गए जिसे संगठन में महत्वपूर्ण पद भी मिलता रहा. अभी वर्तमान में नक्सली संगठन के टॉप नेता मिसिर बेसरा ( एक करोड़ के इनामी ), अनल ऊर्फ पतिराम ( एक करोड़ के इनामी ), अजय महतो ( 25 लाख के इनामी ) समेत कई बड़े नक्सलियों का घर इसी क्षेत्र में हैं. ऐसे में इस क्षेत्र में पुलिस और सीआरपीएफ अभियान चलाती रहती है.

# रांची में राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी कप प्रतियोगिता का समापन

## खूंटी, हजारीबाग और सिमडेगा की टीमों ने दिखाया दमखम

**रांची:** राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी कप प्रतियोगिता 2025 का समापन मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुआ. तीन दिवसीय प्रतियोगिता 18 से 20 अगस्त तक चली, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों की चयनित टीमें शामिल हुईं. यह प्रतियोगिता झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में आयोजित की गई.

**खेलों में बच्चों को आगे बढ़ने पर फोकस:** इस अवसर पर खेल मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा ही झारखंड की असली ताकत है और सरकार का प्रयास है कि इन बच्चों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए हर संभव मदद दी जाए. खेलों में भी बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर मिले, इसके लिए झारखंड सरकार लगातार काम कर रही है. वहीं समारोह के अंत में विजेता और उप विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.




**हीरो एशिया कप टूर्नामेंट ट्रॉफी का अनावरण:** इस मौके पर रांची के जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम से हीरो एशिया कप 2025 की ट्रॉफी गौरव यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया. झारखंड के पर्यटन एवं खेल मंत्री सुदिव्य सोनू ने विधिवत अनावरण कर यात्रा की शुरुआत की. रांची विधायक सीपी सिंह और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलेनाथ सिंह भी मौजूद रहे.

खिलाड़ियों, दर्शकों और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला. मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि इस बार एशिया कप की मेजबानी भले ही बिहार कर रहा है. लेकिन भविष्य में झारखंड भी बड़े स्तर पर आयोजन के लिए तैयार रहेगा. उन्होंने इसे राज्य की हॉकी संस्कृति और खेल पर्यटन को बढ़ावा देने वाला कदम बताया. इस अवसर पर दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि भी दी गई.

समापन अवसर पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इसके अलावा विधायक सीपी सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, खेलकूद निदेशालय के निदेशक शेखर जमुआर, हॉकी महासचिव भोलानाथ सिंह और ओलंपियन मनोहर टोपनो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे.

# तीन जिलों में नक्सलियों के सफाए को लेकर तेज करें अभियान: डीआईजी नौशाद आलम

**लातेहार:** नक्सल उन्मूलन को लेकर लातेहार के बेतला में आईजी सुनील भास्कर की अध्यक्षता में प्रमंडल स्तरीय क्राइम मीटिंग बुधवार को की गई। बैठक में डीआईजी नौशाद आलम, लातेहार एसपी कुमार गौरव, गढ़वा एसपी अमन कुमार और पलामू एएसपी सहित सीआरपीएफ और एसएसबी अधिकारी के मौजूद थे। बैठक में सरकार के निर्देश के बाद झारखंड से नक्सलियों के पूरी तरह से खात्मे को लेकर रणनीति बनाई गई। आईजी सुनील भाष्कर ने लातेहार एसपी, गढ़वा एसपी और पलामू एसपी को निर्देश दिया कि नक्सलियों के खात्मे को लेकर सर्च अभियान पूरी तेजी से शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक में नक्सलियों के खिलाफ अभियान को लेकर विशेष चर्चा की गई और ठोस रणनीति तैयार की गई। बैठक में सुरक्षा बल के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। नक्सल उन्मूलन के अलावे बैठक में सामुदायिक पुलिसिंग के संबंध में भी चर्चा की गई।



साथ ही थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिया कि थाना में कोई भी पीड़ित आता है तो उनसे अच्छा व्यवहार करें, अन्यथा उन थाना प्रभारियों के विरुद्ध करवाई की जाएगी। वहीं बैठक के बारे में आईजी सुनील भाष्कर ने बताया कि लातेहार , गढ़वा और पलामू में नक्सलियों के खात्मे को लेकर नई रणनीति बनाई गई है। जिसे लेकर सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान तेज करें। उन्होंने कहा कि अब नक्सलियों के पास सिर्फ दो ही रास्ते बचे हैं या तो नक्सली सरेंडर करें नहीं तो पुलिस की गोली से मारे जाएंगे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।